भोपाल
सोमवार, 15 जून 2026
अमावश –30
वर्ष : 13, अंक : 74
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 35
न्यून. 25

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप
2026 का जीत से शुभारंभ

## पहले ही मैच में भारत की बेटियों ने पाकिस्तान को चटाई 'धूल'



**दीप्ती शर्मा ने 4 ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट झटके**

**स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए**

एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजा खोला है। ऋचा घोष और स्मृति ▶▶ शेष पेज 6 पर

दुनिया की बड़ी टेंशन खत्म... अमेरिका के समझौता ड्राफ्ट पर सहमत हुआ ईरान

# होर्मुज खुलेगा...अमेरिका ईरानी तेल से 'पाबंदी' हटाएगा ईरान की 25 अरब डॉलर की फ्रीज संपत्तियां वापस देगा

**ईरान ने लिखित आश्वासन दिया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें हासिल करने का कोई प्रयास करेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बड़ी खबर

अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई महीनों से चला आ रहा कूटनीतिक गतिरोध और तनाव अब समाप्त होने की राह पर दिख रहा है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित शांति समझौते का विस्तृत और अंतिम ड्राफ्ट तैयार हो गया है, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, तेल निर्यात, होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा, फ्रीज संपत्तियों ▶▶ शेष पेज 6 पर


डोनाल्ड ट्रंप


मोजतबा


फाइल फोटो
होर्मुज में जहाज और ईरानी सेना

### अंतिम समझौते में ये सब

अंतिम समझौते तक अमेरिका ईरान पर कोई नया आर्थिक या वित्तीय प्रतिबंध नहीं लगाएगा। साथ ही, तेल निर्यात पर लगे प्रतिबंधों को निर्धारित अवधि के लिए पूरी तरह हटा लिया जाएगा, जिससे ईरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल बेच सकेगा। अमेरिका ईरान की लगभग 25 अरब डॉलर की फ्रीज की गई संपत्तियों को चरणबद्ध तरीके से रिहा करने पर भी राजी हो गया है। इसमें प्रत्यक्ष ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हिंदुस्तानी क्रू वाले जहाज पर फिर अटैक

इधर, होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। इस तनाव के बीच 12-13 जून की रात हांगकांग के झंडे वाले तेल और रसायन टैंकर बोकेम मरेंगो पर आत्मघाती ड्रोन हमला हुआ। राहत की बात यह है कि जहाज पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पिकनिक मनाने गए तिघरा डैम में डूबे दो छात्र

**ग्वालियर।** गजराराजा मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस सेकंड ईयर के दो छात्र शनिवार शाम तिघरा डैम के गहरे पानी में डूब गए। 19 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद एसडीआरएफ की टीम ने दोनों के शव बरामद कर लिए हैं। मेडिकल कॉलेज के 8 दोस्तों का ग्रुप बोट क्लब से 3 किमी दूर प्रतिबंधित क्षेत्र कच्ची पार में पिकनिक मनाने गया था।



### खंडवा में तेंदुए की मौत अज्ञात वाहन ने कुचला

**खंडवा।** जिले के चांदगढ़ वन परिक्षेत्र में पुनासा-सतवास हाईवे पर शनिवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वयस्क तेंदुए की मौत हो गई। पिछले 5 दिनों में इसी रेंज में तेंदुए की मौत का यह दूसरा मामला है, जिससे वन विभाग में हड़कंप है। इससे पहले 9 जून को भी महज 5 किमी दूर एक तेंदुए की सड़क हादसे में जान गई थी।



### 14 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे केंद्रीय मंत्री

**जबलपुर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद रविवार को जबलपुर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ मिलकर नवनिर्मित रानी दुर्गावती फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। वे 14 वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे। गाड़ियों की इस लंबी कतार को देखकर शहर की सड़कों पर राहगीर हैरान रह गए।



फ्रांस में पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने 'भारत इनोवेट्स 2026' का किया उद्घाटन, मोदी बोले

# भारत के 'डीएनए' में है इनोवेशन वह अब दुनिया को समाधान दे रहा

**दुनिया भर से 350 से अधिक निवेशक व वेंचर कैपिटलिस्ट भी शामिल**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता मानवता के लिए तकनीक की है। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फ कुछ लोगों का नहीं, बल्कि सबका भला करे




एजेंसी ▶▶ नीस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में दुनिया को भारत के बढ़ते कदमों का अहसास कराया। पीएम मोदी ने वैश्विक मंच से कहा कि नवाचार भारत के डीएनए में बसा हुआ है। गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा और योग के जरिए भारत ने हजारों साल से पूरी मानवता की तरक्की का रास्ता साफ किया है। आज जब दुनिया पर्यावरण संकट और आपसी संघर्षों के बड़े दौर से गुजर रही है, तब पीएम मोदी ने एक नया मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक तकनीकें ही हमारा भविष्य तय करेंगी। ऐसे में भारत की सबसे बड़ी प्राथमिकता ▶▶ शेष पेज 6 पर

- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने की भारत व मोदी की जमकर तारीफ
- मैक्रों ने गले लगाकर किया पीएम मोदी का वेलकम



**एआई और क्लाइमेट चेंज में भारत-फ्रांस सहयोग पर राष्ट्रपति मैक्रों का जोर**

**फ्रांस की धरती पर गूंजा भारत का 'मेक इन इंडिया'**

### मेक इन इंडिया के मुरीद हुए राष्ट्रपति मैक्रों

कार्यक्रम के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत की जमकर तारीफ की। मैक्रों ने भारत के विनिर्माण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि हम भारत के मेक इन इंडिया कदम का पूरा सम्मान करते हैं और फ्रांस इस मुहिम में भारत के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि रक्षा से लेकर टेक्नोलॉजी तक, दोनों देश कंधे से कंधा मिलाकर काम कर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारत इनोवेट्स इवेंट क्या है?

इसका मकसद है कि भारत की नई और बड़ी सोच वाली कंपनियां, जो नई तकनीक पर काम करती हैं, उन्हें दुनिया के सामने लाया जाए

### 120 बेहतरीन डीप-टेक स्टार्टअप्स और 20 से ज्यादा बड़े संस्थान आए

इस आयोजन में भारत के 120 बेहतरीन डीप-टेक स्टार्टअप्स और 20 से ज्यादा बड़े संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। यहां 13 अलग-अलग महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस कार्यक्रम में दुनिया भर से 350 से अधिक बड़े निवेशक और वेंचर कैपिटलिस्ट भी पहुंचे हैं। यह आयोजन भारत को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी का व्यस्त विदेश दौरा

प्रधानमंत्री मोदी इस समय फ्रांस के बेहद महत्वपूर्ण दौरे पर हैं। नीस हवाई अड्डे पर शनिवार को उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। इस एक सप्ताह लंबे विदेश दौरे के दौरान पीएम मोदी ▶▶ शेष पेज 6 पर



समारोह में रिमोट के माध्यम से किस्त जारी करते सीएम

सागर के केसली से 37वीं किस्त भेजी

# सीएम ने सवा करोड़ लाड़ली बहनों को भेजे 1835 करोड़

**190 करोड़ रुपए की लागत के 53 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण**

**सीएम ने सितोलिया (पिट्ठू) खेलकर लाड़ली बहना खेल सप्ताह का शुभारंभ किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इससे सुखद बात क्या हो सकती है कि लाड़ली बहना योजना से मिली राशि से बहनें अपने परिवार के संचालन में सहयोग कर रही हैं। यह उनका समर्पण है, उनका अपना त्याग है। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक स्तर में बड़ा सुधार आया है। बहनों एवं मातृशक्ति के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मातृ शक्ति का सशक्तिकरण और उनका नेतृत्व वर्तमान की जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मातृ शक्ति का सशक्तिकरण और उनका नेतृत्व वर्तमान की जरूरत है। सरकार इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए लगातार का कार्य कर रही है। लाड़ली बहना योजना ही तीसरे साल में प्रवेश कर रही है, इसके माध्यम से प्रत्येक माह बहनों के बैंक खातों में राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों तक लगातार प्रधानमंत्री पद रहने का उल्लेख करते हुए कहा कि लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आज जरूरतमंदों को आवास, स्वास्थ्य सहित समस्त सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। धरती आबा योजना से जनजातीय समाज के कल्याण के ▶▶ शेष पेज 6 पर

पूर्व मैनेजर और डिप्टी मैनेजर पर केस

## मंदसौर पीएनबी करेंसी चेस्ट में एक करोड़ से अधिक का गबन

**दोनों तत्काल प्रभाव से सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर




जिले में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की मुख्य शाखा से एक बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। बैंक के करेंसी चेस्ट से 1 करोड़ से ज्यादा की नकदी गायब होने के बाद हड़कंप मच गया है। शुरुआती आंतरिक जांच में हेरफेर की पुष्टि होने पर बैंक प्रबंधन ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजर अनुज शर्मा और डिप्टी मैनेजर उत्कर्ष घावरी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों के खिलाफ कोतवाली थाने में नामजद आपराधिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

तवा पुल पर भारी वाहनों की एंट्री बंद

## पिलरों में दरार के बाद दूसरे मार्गों पर बढ़ा ट्रैफिक दबाव

**पिलर नंबर 52, 53 और 54 में दरारें, मेंटेनेंस शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



पिपरिया-नर्मदापुरम स्टेट हाईवे पर तवा नदी पर बने जिले के सबसे लंबे और 44 साल पुराने पुल के तीन पिलरों के स्लैब में दरारें आने के बाद प्रशासन ने भारी वाहनों की आवा-जाही पर रोक लगा दी है। शनिवार से लागू इस प्रतिबंध के बाद रेत, मिट्टी और अन्य भारी सामान से लदे ट्रकों व डंपरों को आरी, सांगाखेड़ा कला, बांद्राभान और घानाबढ़ मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया है, जिससे वैकल्पिक ग्रामीण रास्तों पर ट्रैफिक का दबाव अचानक ▶▶ शेष पेज 6 पर

आग की अफवाह से ट्रैक की ओर भागे, तभी दूसरी ट्रेन की चपेट में आए

## मुरैना में ट्रेन से कटकर 4 यात्रियों की मौत

**मोबाइल ब्लास्ट की अफवाह के बाद मची अफरातफरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

जिले में हेतमपुर रेलवे स्टेशन के पास एक दिल दहला देने वाला रेल हादसा सामने आया है, जहां ट्रेन से कटने के कारण 4 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और एक 4 साल का मासूम बच्चा शामिल है। यह दर्दनाक घटना उस समय हुई जब उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 19665) में मोबाइल ब्लास्ट से अचानक आग लगने की अफवाह फैल गई।



### चेन पुलिंग कर यात्रियों ने रोकी ट्रेन

घबराहट में चेन पुलिंग कर कई लोग ट्रेन से नीचे उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए। इसी दौरान सामने वाले ट्रैक पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 20424) की चपेट में आने से 4 लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय आफरीन, 4 वर्षीय अशद, 60 वर्षीय सकुंतला और 58 वर्षीय वीरमा देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी, ▶▶ शेष पेज 6 पर

- ओवरलोड वाहन और तेज रफ्तार हादसे की वजह
- सांसद वीडी शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

कटनी के लमतरा में भीषण सड़क हादसा

## बस-हाइवा की टक्कर, 3 की मौत, 29 घायल, कई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत लमतरा फाटक के समीप रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 यात्री घायल हो गए।

बस और ओवरलोड हाइवा के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर से घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस (एमपी-19-पी-0347) विजयराघवगढ़ की ओर से आ रही थी। लमतरा फाटक के पास सामने से आ रहे एक ओवरलोड हाइवा से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई यात्री उसमें फंस गए। जिला कलेक्टर ▶▶ शेष पेज 6 पर



### सीएम ने जताया शोक, 4-4 लाख सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लमतरा ब्रिज के समीप हुए इस भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृत प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही घायलों के समुचित उपचार के निर्देश भी दिए हैं।

कांग्रेस की मुट्ठी में थी राज्यसभा की सीट पर एक लापरवाही ने उसे भाजपा के खाते में डाल दिया

कांग्रेस में 'बड़ी सर्जरी' की तैयारी

# सीट गंवाने की सजा तय करेगी कांग्रेस, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर गिर सकती है गाज

**पीसीसी चीफ जीतू पटवारी व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी कठघरे में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में 'मुंह के बल शिकस्त' खाने के बाद कांग्रेस संगठन में बड़े बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। पार्टी के भीतर चुनावी रणनीति और परिणामों को लेकर जवाबदेही तय करने की मांग उठ रही है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को हुए नुकसान के बाद प्रदेश संगठन में सर्जरी की तैयारी है और इसकी शुरुआत ▶▶ शेष पेज 6 पर


फाइल फोटो
उमंग सिंघार और हरीश चौधरी

### फिलहाल, जीतू और उमंग रहेंगे सेफ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी इस प्रकरण में कठघरे में हैं। पर उन पर एक्शन नहीं लिया जाएगा। पार्टी के भीतर यह धारणा है कि दोनों नेताओं ने चुनाव के दौरान अपनी जिम्मेदारियां निभाने का प्रयास किया और पूरी स्थिति उनके नियंत्रण में नहीं थी। इस बीच वरिष्ठ नेता दिग्विजय ▶▶ शेष पेज 6 पर

### हरीश को दिग्विजय से मांगनी पड़ी माफी

जिस दिन मीनाक्षी नटराजन का नामांकन फॉर्म निरस्त हुआ। कांग्रेस ने तत्काल प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। उस प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा कि लीगल मामलों को लेकर जेपी धनोपिया देख रहे हैं। उन्हें ज्यादा जानकारी है। इस बीच हाथ उठाकर दिग्विजय सिंह को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी रोकते हुए नजर आए और उन्होंने कहा कि हम सब देख लेंगे। ▶▶ शेष पेज 6 पर

राजधानी में पांच हजार से ज्यादा शादियों का अनुमान

# अधिक मास का समापन आज, 19 से बैंड-बाजा-बारात 12 जुलाई तक मुहूर्त, इसके बाद शुरू होगा चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अधिक मास 15 जून सोमवार को खत्म होगा। इसके बाद 19 जून से विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। सीजन 12 जुलाई तक चलेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अधिक मास 15 जून से समाप्त हो रहे हैं।

18 जून के बाद शुक्र उदय और अन्य ग्रहों की शुभ स्थिति के चलते विवाह के लिए अच्छे मुहूर्त उपलब्ध होंगे। 19 जून से पुनः शहनाइयां गूंजने लगेंगी। इसके साथ ही 12 जुलाई तक शादी-विवाह का सिलसिला जारी



रहेगा। इस दौरान 18 शुभ मुहूर्त बने हैं। 12 जुलाई के बाद चार महीने के लिए शुभ मुहूर्तों पर रोक लग जाएगी। क्योंकि 12 जुलाई से चातुर्मास शुरू हो जाएंगे। वहीं देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी तक शादियों के मुहूर्त पर ब्रेक लग जाएगा। मैरिज गार्डन, मांगलिक भवन, सामाजिक भवन, होटल पहले से बुक हो चुके हैं। इस बीच राजधानी में पांच हजार से ज्यादा शादियों का अनुमान है। लेकिन इन होने वाले वैवाहिक समारोह पर बारिश का साया भी साफ नजर आ रहा है। 15 जून से मानसून की दस्तक के साथ बारिश के साथ आंधी-तूफान का भी दौर भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में अधिकांश शादियों के लिए मैरिज गार्डन, धर्मशाला तक बुक किए जा रहे हैं, ताकि बारिश के चलते वैवाहिक फंक्शन पर असर न पड़े। बताया है कि शहर के 70 प्रतिशत से अधिक मैरिज गार्डन बुक हो चुके हैं।

### बारिश और तेज हवाओं के कारण न पड़े खलल

बेटे की शादी 22 जून को है, इस समय मानसून भी शुरू होने जा रहा है। तेज हवाएं और बारिश से शादी में कोई खलल न पड़े, इसके लिए पहले से मैरिज गार्डन बुक कर लिया था, पहले शादी का आयोजन घर और पास में ही पार्क करने का विचार था।

सुनील कुमार, गोविंदपुर

बिटिया की शादी अभी तय हुई है, इसलिए तैयारियों के लिए कम समय मिला है, मैरिज गार्डन तलाश रहे हैं, घर के नजदीक सारे मैरिज गार्डन पहले से ही बुक हो चुके हैं, बारिश भी शुरू होने जा रही है। इसलिए मैरिज गार्डन तलाशना कि सी चुनौती से कम नहीं है।

रवि शर्मा निवासी, कटारा हिल्स

### यह हैं विवाह के शुभ मुहूर्त

- जून माह- 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29
- जुलाई माह - 01, 02, 06, 07, 08, 11 और 12
- नवंबर माह - 20.21, 22, 24, 25, 26 और 30
- दिसंबर - 01, 02, 03, 04, 05, 06, 09, 10, 11 व 12 विवाह मुहूर्त

**बाजार में उत्साह का माहौल**

39 दिनों बाद एक बार फिर से शादी के सीजन के शुरू होने जा रहे हैं। इससे पहले ही बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। कपड़ा, आभूषण, सजावट, कैटरिंग और बैंड-बाजा से जुड़े कारोबारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बुकिंग का सिलसिला तेज हो गया है और कई जगहों पर मैरिज हॉल पहले से ही बुक हो चुके हैं।

बच्चों और उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर की सहभागिता

# चरित्रवान पीढ़ी का निर्माणः बाल प्रबोधन सत्र में संस्कार, योग एवं श्रेष्ठ जीवनशैली के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कारवान एवं चरित्रवान पीढ़ी के निर्माण के उद्देश्य से आयोजित बाल प्रबोधन सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का शुभारंभ भी किया गया तथा बच्चों को योग एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीपी झरिया मिनाल शाखा के प्रमुख द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अमर धाकड़, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक डॉ. दयानंद समेले तथा चिकित्सक दल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बलराम केसरी



बाल प्रबोधन सत्र में शिक्षा ग्रहण करते विद्यार्थी।

ने किया। सत्र के दौरान बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा चिकित्सक दल द्वारा अभिभावकों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं बच्चों की आदर्श दिनचर्या के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए गए। बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन के महत्व से परिचित कराया गया। इस अवसर पर पंकेश घोड़की भैया ने बच्चों को मंत्रोच्चारण का अभ्यास करवाया तथा मंत्रों के वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पक्ष की जानकारी दी। गोपाल विश्वकर्मा ने बच्चों को अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### यूजी-पीजीः एक लाख 82 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के तहत द्वितीय चरण के अंतिम दिन 13 जून तक प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में 1 लाख 82 हजार 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। दूसरे चरण में अब तक 86 हजार 679 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें 64 हजार 535 विद्यार्थी स्नातक (यूजी) और 22 हजार 141 स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी शामिल हैं। इससे पहले पहले चरण में 72 हजार 477 विद्यार्थियों ने स्नातक तथा 17 हजार 463 विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया था। अब तक कुल प्रवेशित विद्यार्थियों में 1 लाख 37 हजार 12 विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रमों, 39 हजार 607 विद्यार्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा 5 हजार 854 विद्यार्थी एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके हैं। विभाग ने विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। प्रवेश प्रक्रिया के अगले चरण के रूप में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। 20 जून तक छात्र पंजीयन कर सकेंगे।

### निगम मुख्यालय सहित अन्य स्थानों में आज लगेंगे जनकल्याण शिविर

**भोपाल।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचान के उददेश्य से सोमवार को निगम के सभी जोन कार्यालयों, निगम मुख्यालय, विधानसभा क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर विशेष जल कल्याण शिविरों का आयोजन होगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेंगे। विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक लगेंगे। वार्ड-51 के ए-सेक्टर स्थित सामुदायिक भवन और टीटी नगर स्थित सांदीपनि स्कूल परिसर में इनका आयोजन होगा। जबकि 16 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बरखेड़ा पठानी आंबेडकर मांगलिक भवन में और बरेला गांव स्थित रसूल अहमद सिद्दीकी कम्युनिटी हॉल में विशेष जनकल्याण विशेष जन कल्याण शिविर लगेगा।

60 से अधिक स्मार्ट पार्किंग स्थलों का निर्माण, लेकिन व्यवस्था का हाल 'बेहाल'

# स्मार्ट पार्किंग पर करोड़ों खर्च, फिर भी सड़कों पर खड़ी हो रही गाड़ियां

पार्किंग के लिए विकसित स्मार्ट पार्किंग, मल्टी-लेवल पार्किंग का उपयोग न के बराबर



एमपी नगर जोन-2 में स्मार्ट पार्किंग के हाल दृश्य-1



एमपी नगर जोन-2 में स्मार्ट पार्किंग के हाल दृश्य-2

व्यस्ततम सड़कों, बाजारों में बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

शहर में पार्किंग समस्या के समाधान के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट पार्किंग सिस्टम और मल्टी-लेवल पार्किंग सुविधाएं विकसित की गईं, लेकिन हालात अब भी नहीं सुधरे हैं। प्रमुख बाजारों और व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में वाहन सड़कों पर खड़े नजर आते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वर्ष 2018-19 में भोपाल स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इंटीग्रेटेड स्मार्ट पार्किंग सिस्टम स्थापित किया गया था।

### ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम सहित इस परियोजना पर करीब 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इसके अलावा टीटी नगर, न्यू मार्केट और स्मार्ट दशहरा मैदान जैसी मल्टी-लेवल एवं अंडरग्राउंड पार्किंग सुविधाओं के निर्माण पर 26 से 35 करोड़ रुपये तक की लागत आई। स्मार्ट सिटी क्षेत्र में पार्किंग सुविधाओं के विस्तार पर भी करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए गए। योजना के तहत शहर के 58 से अधिक पार्किंग स्थलों को स्मार्ट पार्किंग नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान में 60 से अधिक स्मार्ट पार्किंग स्थल और कई मल्टी-लेवल पार्किंग संचालित हैं। इसके बावजूद न्यू मार्केट, एमपी नगर, दस नंबर मार्केट, बिट्टन मार्केट और पुराने शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में पार्किंग संकट बना हुआ है।

### लोग सड़कों पर खड़े कर रहे वाहन

पार्किंग स्थलों की उपलब्धता के बावजूद उनका प्रभावी संचालन, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और नागरिकों में जागरुकता की कमी बड़ी चुनौती बनी हुई है। कई स्थानों पर लोग निर्धारित पार्किंग की बजाय सड़क किनारे वाहन खड़े करना अधिक सुविधाजनक समझते हैं।

### नए टेंडर जारी किए

पार्किंग जोनल अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि 62 पार्किंग स्थलों के लिए नए टेंडर जारी किए गए हैं। इनमें से 10 स्थानों पर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष स्थानों पर भी जल्द प्रक्रिया पूरी कर स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जाएगा।



पॉलिटेक्निक रोड पर सड़क किनारे खड़े वाहन।

4 लाख 35 हजार 8 सौ 21 प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग सत्र के दौरान बना नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा रविवार सुबह 6:15 से आयोजित यूट्यूब पर योग लाइव स्ट्रीम के लिए नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना। मध्यप्रदेश समेत देशभर के आयुष संस्थान व इनके छात्र, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर्स, रेजीडेंट डॉक्टर्स व कर्मचारियों समेत विभिन्न विभाग व संस्थानों के अलावा अन्य जनमानस सभी को मिलाकर चार लाख पैंतीस हजार आठ सौ इकत्तीस प्रतिभागी ऑनलाइन शामिल हुए, जो नया रिकॉर्ड है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस बार की थीम है स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग सभी आयु के वर्गों के लिये शारीरिक, मानसिक, भावात्मक कल्याण बढ़ाने और स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। रविवार को आयोजित योग सत्र के समापन पर केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ विभिन्न प्रदेशों के मंत्रियों ने ऑनलाइन अपनी बात रखी। सभी ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने को कहा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय जो स्वयं इस आयोजन में शामिल होकर समस्त संस्थानों व छात्रों से इस योग कार्यक्रम को सफल बनाने




और नए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड लगभग ढ़ाई लाख लोगों के शामिल होने का था जो आज टूट गया है। संभावना है कि 21 जून को मुख्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अन्य विभिन्न विभागों, संस्थानों के लोगों के साथ ही प्रदेश समेत देशभर के 1000 से ज्यादा आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, सिद्धा, सोवा- रिग्पा नैचरोपैथी आयुष संस्थान के लगभग ढ़ाई लाख से ज्यादा छात्र, इंटर्न, जूनियर डॉक्टर्स, रिसर्चर तथा दो लाख से ज्यादा आयुष कर्मचारीगण किसी न किसी रूप में योग कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### योग साधना प्रशिक्षण शिविर का समापन

**हरिभूमि, भोपाल।** चूना भट्टी कोलार रोड स्थित स्वर्ण जयन्ती पार्क में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्वास्थ्य योग साधना प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर महापौर मालती राय ने विधायक भगवानदास सबनानी की उपस्थिति में स्वास्थ्य योग साधना प्रशिक्षण शिविर के सहभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर एसडीएम अर्चना शर्मा रावत सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।




प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर महापौर एवं विधायक।

जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया आयोजन

# महापौर व विधायक ने प्रेमपुरा घाट पर की साफ-सफाई और बच्चों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय व विधायक भगवानदास सबनानी ने जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत रविवार को बड़ी झील के किनारे प्रेमपुरा घाट पर साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। उन्होंने स्वच्छता प्रेमियों के साथ कचरा उठाकर थैलों में एकत्र किया। महापौर राय ने इस अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों सहित अन्य लोगों से स्वच्छता संवाद किया और स्वच्छता के प्रति उनके जज्बे की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया।



प्रेमपुरा घाट पर श्रमदान करतीं महापौर।

एम्स में स्टोन आर्ट कार्यशाला का आयोजन, स्वास्थ्य ठीक रखने में मिलेगी राहत

# कला के माध्यम से सीखे तनावमुक्त रहने के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज की व्यस्त जीवनशैली में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में कला और रचनात्मक गतिविधियां लोगों को तनाव से राहत देने और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसी उद्देश्य के साथ एम्स भोपाल के स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र द्वारा दो दिवसीय स्टोन आर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रचनात्मकता, मानसिक शांति, विश्राम और कलात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र के मॉडलर आर्टिस्ट अभिलाष देवांगन ने प्रतिभागियों को स्टोन आर्ट की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों ने साधारण पत्थरों को आकर्षक कलाकृतियों में बदलते हुए रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और कला के माध्यम से तनाव कम करने के तरीकों को सीखा। यह आयोजन मानसिक स्वास्थ्य, कार्य-जीवन संतुलन और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की महत्वपूर्ण पहल रहा।



एम्स भोपाल में कार्यशाला का आयोजन।

रेलवे भर्ती में बदलाव, मूल्यांकन प्रक्रिया होगी तेज

# अब हाइटेक तकनीक से कम्प्यूटर व टेबलेट पर होंगी विभागीय परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे ने अपनी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह हाइटेक बनाने की तैयारी कर ली है। परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सटीक और त्रुटिहीन बनाने के लिए रेलवे ने सभी विभागीय परीक्षाओं को कम्प्यूटर आधारित टेस्ट के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज और समयबद्ध करने के लिए टेबलेट आधारित टेस्टिंग का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। इसके चलते मैन्युअल स्तर पर गलतियों की गुंजाइश खत्म होगी और परिणाम जल्द घोषित हो सकेंगे। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि इस नए डिजिटल बदलाव से भविष्य में होने वाली विभागीय पदोन्नतियां और भर्तियां बिना किसी देरी के पूरी पारदर्शी व्यवस्था के साथ संपन्न हो सकेंगी।

### 43 हजार से अधिक पदों पर पिछले साल की गई थी भर्ती

रेलवे की ओर से पिछले साल बड़े स्तर पर भर्ती की गई थी। इसमें जहां — असिस्टेंट लोको पायलट : 18,799 (सर्वाधिक), टेक्नीशियन : 14,298 - जूनियर इंजीनियर : 4,208 , पैरामेडिकल स्टाफ : 1,376 , सब-इंस्पेक्टर व कांस्टेबल : 452 व अन्य पिछले वित्त वर्ष में 43 हजार से अधिक को मिली नियुक्ति समीक्षा बैठक में रेलवे की हालिया उपलब्धियों का ब्योरा भी साझा किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाते हुए छह प्रमुख श्रेणियों में कुल 47,084 पदों पर प्रक्रिया पूरी की। इनमें से 43,781 सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं।

खटलापुरा, शीतलदास की बगिया में बरगद व तुलसी की परिक्रमा करेंगी सुहागिनें

पति की लंबी आयु की कामना के लिए पूजा करेंगी महिलाएं

# सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग में आज मनाई जाएगी सोमवती अमावस्या, ग्रह-नक्षत्रों की यह स्थिति कल्याणकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को ज्येष्ठ (अधिक) मास की अमावस्या पड़ रही है, जिसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति बेहद शुभ है। दरअसल मृगशिरा नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग इस दिन को अत्यंत विशेष बना रहे हैं।

इस मौके पर राजधानी के अलग अलग इलाकों में बरगद व तुलसी की 108 परिक्रमा कर महिलाएं पति की दीघार्यु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। राजधानी के खटलापुरा, शीतलदास की बगिया, पांच नगर स्थित विश्वनाथ मंदिर और गुफा मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर महिलाएं पूजा करने पहुंचेगी।

**14 जून को मध्यरात्रि 12 बजकर 20 मिनट से शुरू हुई अमावस्या तिथि**



**अमावस्या तिथि और समय**

पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि अमावस्या तिथि 14 जून को मध्यरात्रि 12 बजकर 20 मिनट से शुरू हो गई है। जोकि 15 जून को सुबह 8 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार सोमवती अमावस्या का व्रत और पूजन 15 जून को ही किया जाएगा।

### ग्रहों की स्थिति और महत्व

इस दिन कई प्रमुख ग्रह शुभ एवं मजबूत स्थिति में रहेंगे। चंद्रमा वृषभ राशि में स्थित रहेंगे, जो उनकी उच्च राशि मानी जाती है। बुध ग्रह अपनी स्वराशि मिथुन में रहेंगे, गुरु कर्क राशि में स्थित रहेंगे और मंगल ग्रह मेष राशि में विद्यमान रहेंगे। इन अनुकूल ग्रह स्थितियों के कारण यह दिन आध्यात्मिक, धार्मिक और सकारात्मक ऊर्जा की दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली माना जा रहा है।

### विशेष योग और नक्षत्र

इस दिन मृगशिरा नक्षत्र का संयोग बन रहा है, जो शुभ कार्यों के लिए अनुकूल माना जाता है। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। ये दोनों योग पूजा-पाठ, ध्यान, साधना, दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ और फलदायी माने जाते हैं, जिससे इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।




### अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी, नगर प्रशासन ने जारी किए मोबाइल नंबर

# बारिश में बुरे हालातों से निपटने शहर में बनाए 21 इमरजेंसी कंट्रोल रूम, 24 घंटे जेसीबी, गोताखोर और इमरजेंसी लाइटमैन रहेंगे तैयार

हरिभूमि टीम ⏭ भोपाल

शहर में तेजी बारिश, आंधी और बाढ जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए हैं। मेन इमरजेंसी कंट्रोल रूम यातायात पार्क के पास फायर बिग्रेड मुख्यालय में रहेगा। वहीं सेंट्रल वर्कशॉप सहित शहर के सभी 21 जोन स्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाए गए हैं। मेन इमरजेंसी कंट्रोल रूम के टेलीफोन नंबर-0755-2542222, 2540220 एवं 2701401 रहेंगे। यह कंट्रोल रूम 15 जून 2026 से अवकाश के दिनों सहित रोजाना 24 घंटे काम करेंगे।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार फायर ब्रिगेड मुख्यालय यातायात पार्क में स्थापित मेन इमरजेंसी कंट्रोल रूम में फायर आफिसर सौरभ पटेल (मो.न.8103761342) को मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष के प्रभारी-नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा है। यहां के टेलीफोन नंबर-0755-2542222, 2540220 एवं 2701401 रहेंगे, जबकि केन्द्रीय कर्मशाला कंट्रोल रूम के प्रभारी विजय गोयल (मोबाइल नंबर 7999830586) रहेंगे। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेंगे। इन आपात कक्षों में अलग-अलग पारियों में अधिकारियों-कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि प्री मानसून की बारिश में शहर में कई जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

> इमरजेंसी कंट्रोल रूम में फायर मेन, डीवाटरिंग पम्प एवं फ्लड लाइट की व्यवस्था भी रहेगी, आपात स्थिति से बचाने अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कंट्रोल रूम

**»** ***फायर ब्रिगेड हेडक्वाटर में रहेगा मेन इमरजेंसी कंट्रोल रूम***

**»** ***ऑफिसर सौरभ पटेल को प्रभारी-नोडल अधिकारी बनाया***

**»** ***निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने जारी किए दिशा-निर्देश***

### 21 इमरजेंसी कंट्रोल रूम के प्रभारियों से इन मोबाइल नंबर पर करें संपर्क


फाइल फोटो

जोन स्तर पर कंट्रोल रूम में जोन-1 जेडओ विक्रम झा, मो.नं. 9424499901, जोन-2 जेडओ मोहित मालवीय, मो.नं. 9424499902, जोन-3 जेडओ राजेन्द्र अहिरवार, मो.नं. 9424499903, जोन-4 जेडओ पुष्पेन्द्र सेंगर, मो.नं. 9424499904, जोन-5 जेडओ मुकेश केमिया, मो.नं. 9424499905, जोन-6 जेडओ शुभम पटेल मो.नं. 9424499906, जोन-7 जेडओ अंकित जायसवाल, मो.नं. 9424499907, जोन-8 जेडओ अमित नरोलिया, मो.नं. 9424499908, जोन-9 जेडओ राकेश कुमार, मो.नं. 9424499909, जोन-10 जेडओ शैलेष चौहान, मो.नं. 9424499910, जोन-11 जेडओ नीरज कुमार नामदेव मो.नं. 9424499911, जोन-12 जेडओ रजनीश श्रीवास्तव, मो.नं. 9424499912, जोन-13 जेडओ नीलेश श्रीवास्तव, मो.नं. 9424499913, जोन-14 जेडओ गोविन्द सिंह दांगी, मो.नं. 9424499914, जोन-15 जेडओ ठाकुर सिंह, मो.नं. 9424499915, जोन-16 जेडओ रजनीश वशिष्ट, मो.नं. 9424499916, जोन-17 जेडओ अभिषेक खरे, मो.नं. 9424499917, जोन-18 जेडओ अक्षत तिवारी, मो.नं. 9424499918, जोन-19 जेडओ भूपेन्द्र पटेल, मो.नं. 9424499919, जोन-20 जेडओ सुयष सोनी, मो.नं. 9424499920 तथा जोन-21 जेडओ मोहन जाट, 8989295921 प्रभारी रहेंगे।

#### आपात नियंत्रण कक्ष में 4 ट्रक होंगे हर एक पर 5 मजदूर 24 घंटे रहेंगे

सभी विभागाध्यक्ष विशेष रूप से अधीक्षण यंत्री (सिविल द्रव), स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निवेशक, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी तेज वर्षा के समय मुख्य आपात नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क में रहेंगे। केन्द्रीय कर्मशाला में स्थापित आपात नियंत्रण कक्ष में 4 ट्रक और प्रत्येक ट्रक पर 5 मजदूर 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। अधिक वर्षा के समय अथवा अधिक वर्षा होने की संभावना पर मलबा उठाने वाले ट्रक श्रमिकों सहित यांत्रिक विभाग, उद्यान शाखा, विद्युत शाखा एवं फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तैनात रहेंगे।

#### बिना हवा के गिर रहे पेड़ों की घटनाओं से लोगों की बढ़ी चिंता

शहर में बीते दिनों जहां तेज आंधी से हजारों की संख्या में पेड़ गिरे तो वहीं उसके बाद बिना हवा चले पेड़ों की गिरने की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पुराने शहर में तो पेड़ गिरने से तीन लोग घायल हो गए थे। गत दिवस भी आरिफ नगर इलाके में तेज हवा से एक पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया। रविवार को हरिभूमि की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में पेड़ों की स्थिति देखी तो घनी आबादी वाले इलाकों, बाजारों, मोहल्लों और व्यस्त यातायात के दबाव वाली सडकों पर बडी संख्या में पेड़ नजर आए। जिनकी डगालें झुक रही थीं और जड़ें भी कमजोर नजर आईं। यह ऐसे स्थान हैं, जहां पेड़ों के गिरने से हादसे का खतरा है।

व्यापारी महासंघ के विवेक साहू ने बताया कि चौक बाजार, घोड़ा नक्कास, जुमेराती, इतवारा, छावनी, मंगलवारा व उसके आसपास कई सालों पुराने पेड़ हैं। निगम ने पेड़ों के गिरने की घटनाओं के बाद भी न तो सर्वे किया है न ही सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

## शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सैकड़ों पेड़ राहगीरों के लिए बने खतरा... न सर्वे न सुरक्षा

#### आबादी के बीच मौजूद पेड़ों की नियमित छंटाई और सुरक्षा जरूरी


निशातपुरा रोड के किनारे लगे पेड़ों की बारिश और आंधी में गिरने की आशंका हैं।

डीआईजी बंगला रोड निवासी नसीम कुरैशी का कहना है कि नए और पुराने शहर में कई पेड़ ऐसे हैं, जो काफी पुराने हैं और कमजोर हो गए हैं। इनके तेज हवा चलने या सामान्य मौसम में भी गिरने की खतरा रहता है। ऐसे पेड़ों को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं।

#### यह हैं संवेदनशील इलाके

लिंक रोड नंबर-1, चार इमली, शाहपुरा, कोलार, होशंगाबाद रोड, जहांगीराबाद, बुधवारा, इतवारा, मंगलवारा, नादरा बस स्टैंड, करोंद, बैरसिया रोड और पुराने शहर के कई बाजारों में सड़क किनारे खड़े पेड़ों की स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। इन मार्गों से रोज हजारों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं।


#### जनप्रतिनिधियों ने माना-10 हजार से ज्यादा पेड़ गिरे

निगम परिषद की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने खुद माना था कि तेज हवा से बीते दिनों शहरभर में 10 हजार से ज्यादा पेड़ गिरे। इसके लिए सुरक्षा के कदम उठाने की जरूरत है।


आरिफ नगर में रोड पर स्थित पेड़।

#### निगम आयुक्त बोलीं- सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है

निगम आयुक्त संकृति जैन का कहना है कि बीते दिनों आंधी से बड़ी संख्या में पेड़ गिरे हैं। इन्हें हटवाने का काम चल रहा है। सड़कों पर गिरे पेड़ों को प्राथमिकता से हटवाया गया। सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा और टीम मौजूद रहेगी।


एकांत पार्क में गिरे पेड़ अब तक नहीं हटाए गए हैं।

## 7 दिन के बाद गिरे पेड़ काटे जा सके, उठाए अब तक नहीं, नगर निगम के पास संसाधन कम पड़े

शहर में बीते दिनों अलग-अलग क्षेत्रों में बड़ी संख्या गिरे पेड़ों को निगम का अमला सात दिन बाद भी हटा नहीं पाया। भारी-भरकम पेड़ों को केवल काटा जा रहा है और लोडिंग ऑटो से स्टोर भेज रहे हैं। अकेले एकांत पार्क में 50 से ज्यादा पेड़ गिरे पड़े हैं, जिन्हें कोई देखने और हटाने तक नहीं पहुंचा। यही स्थिति लिंक रोड नंबर-1 सहित अन्य क्षेत्रों में है। जबकि निगम आयुक्त ने पेड़ों को हटाने के लिए गार्डन सेक्शन के अलावा सिविल और जोन स्तर पर टीमें लगाई हैं।

निगम के गार्डन सेक्शन के अधिकारियों के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में पेड़ गिरे हैं, जिन्हें पूरी तरह से हटाने में समय लगेगा। हालांकि जो भारी पेड़ हैं उन्हें कटर से काटने का काम किया जा रहा है। मुख्य सड़कों से पेड़, जिस दिन गिरे से उन्हें हटाया है।

**भारी-भरकम पेड़ों को हटाना और काटना बना चुनौती, अकेले एकांत पार्क में 50 से ज्यादा पेड़ गिरे «**

**नगर निगम ने गार्डन सेक्शन के अलावा सिविल और जोन स्तर पर टीमें लगाई «**

#### गार्डन सेक्शन के पास केवल 4 हाईड्रोलिक मशीनें



*निगम के अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा का कहना है कि शहर की जिन सड़कों पर पेड़ गिरे थे, उन्हें तत्काल मौके पर टीमों ने पहुंचकर हटाया। लगातार पेड़ों को हटाने का काम चल रहा है। बड़े पेड़ों को काटकर हटाने का काम किया जा रहा है। निगम के गार्डन सेक्शन के पास 4 हाईड्रोलिक मशीनें हैं। जबकि एक छोटा डिपर, 13 ऑटो हैं। प्रत्येक जोन में 42 अन्य वाहन हैं, जिनका उपयोग पेड़ों की लकड़ी को काटकर स्टोर पहुंचाने में लगाया गया है। गार्डन सेक्शन के 21 सहायक यंत्री, 21 उप यंत्री सिविल सहित प्रत्येक जोन में एएचओ इस काम में लगे हैं।*

## एलबीएस अस्पताल के सामने कार पर अचानक गिरा भारी-भरकम पेड़, बाल-बाल बचे लोग, हादसा टला

शहर के मोतिया तालाब के पास एलबीएस अस्पताल के सामने रविवार को शाम करीब साढ़े चार बजे एक भारी-भरकम पेड़ कार पर गिरने से हड़कंप मच गया। जिस जगह पर यह हादसा हुआ, वहां बड़ी संख्या में वाहन खड़े होने के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के समय वहां कोई मौजूद नहीं था और पेड़ सीधे नीचे खड़ी कार पर गिरा। इसकी सूचना मिलने पर निगम का अमला मौके पर पहुंचा और कटर से पेड़ को काटकर कार को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इससे कार को मामूली नुकसान पहुंचा है।


कटर से मोटी टहनी को काटकर वाहन को निकालते लोग।

#### घटनास्थल के पास अस्पताल, नर्सिंग होम और मेडिकल स्टोर

मोतिया तालाब के सामने हास्पिटल स्ट्रीट है। यहां बड़ी संख्या में अस्पताल, नर्सिंग होम, मेडिकल स्टोर हैं। यहां आने वाले लोग अपने वाहन तालाब किनारे खाली जगह पर खड़े करते हैं। 50 से ज्यादा चार पहिया और 100 से ज्यादा दुपहिया वाहन यहां 24 घंटे खड़े रहते हैं। रविवार को अवकाश के चलते यहां वाहनों की संख्या कम थी। गार्डन सुप्रीटेंडेंट अनवर खान ने बताया कि सूचना पर टीम पहुंची और पेड़ की टहनी को कटर से काटकर हटाया।

### भोपाल एटीएस की तीसरे दिन राजस्थान के अलवर में कार्रवाई

## मोहम्मद फराक का सहयोगी शाकिर मेव गिरफ्तार, 20 जून तक रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने देश विरोधी गतिविधियों और आतंकी षड्यंत्र के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी शाकिर मेव को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने उसे राजस्थान के अलवर जिले के टप्पुकरा थाना क्षेत्र से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 20 जून तक एटीएस रिमांड पर भेज दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार शाकिर मेव को इस मॉड्यूल का सेकंड-इन-कमांड




माना जा रहा है। जांच एजेंसियों का दावा है कि वह आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने और नेटवर्क को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। एटीएस को शक है कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन पीएफआई और कट्टरपंथी संगठनों के संपर्क में था तथा युवाओं को प्रभावित करने की कोशिश में था।

#### शाकिर से मिलेंगे सुराग

एटीएस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों पर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने और संभावित हमले की साजिश रचने के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों का मानना है कि शाकिर मेव की गिरफ्तारी से पूरे मॉड्यूल और उसके संपर्कों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। जांच में सामने आया है कि मोहम्मद फराक युवाओं को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रहा था और आगे चलकर अफगानिस्तान जाने की तैयारी में था।

### ऑटो की पहचान कर चेक करने पर सीट के नीचे पड़ा मिला बैग

## लाखों के जेवरात से भरा बैग ऑटो में भूला परिवार, पुलिस ने लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से आईएसबीटी तक आसफर कर रहा परिवार ऑटो में अपना बैग भूल गया। जब तक बैग की भनक लगती, ऑटो चालक वहां से जा चुका था। काफी तलाश करने के बाद भी जब ऑटो और बैग नहीं मिला तो परिवार ने गोविंदपुरा थाने पहुंचकर शिकायत की। गोविंदपुरा पुलिस ने आईएसबीटी व कमलापति के बीच चलने वाले ऑटो के बारे में जानकारी जुटाई और सही ऑटो की पहचान कर उसे चेक किया।

ऑटो में चेक करने पर सीट के नीचे से ज्वैलरी और नकदी वाला बैग बरामद कर लिया है। ऑटो चालक का कहना है कि वह रात में ऑटो खड़ा कर सो गया था। उसे पता ही नहीं था कि ऑटो में ज्वैलरी और नकदी वाला बैग है। करीब 15 से 20 लाख रुपए ज्वैलर्स और नकदी मिलने से परिवार ने चेन की सांस ली।

चालक बोला- मुझे बैग की नहीं थी जानकारी

20 लाख के गहने मिलने से परिवार ने चैन की सांस ली

#### रानी कमलापति स्टेशन से आईएसबीटी जाने के लिए ऑटो किया


बैग में मिले जेवरात।

पुलिस के अनुसार बेगमगंज रायसेन निवासी पूनमचंद साहू अपने परिवार के साथ भोपाल आया था। उसने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से आईएसबीटी जाने के लिए ऑटो पकड़ी। आटो चालक ने परिवार को आईएसबीटी पर छोड़ा और चला गया। इस दौरान परिवार ने चेक किया तो उनके पास रखा एक गोल्ड वाला छोटा बैग नहीं था। बैग में करीब दस तोला गोल्ड के जेवर थे और कुछ नगदी थी। करीब 15 से 20 लाख का सामान होने के कारण परिवार सदमें में आ गया। परिवार ने गोविंदपुरा थाने पहुंचकर शिकायत की।

#### डेढ़ सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले

पुलिस ने रानी कमलापति से आईएसबीटी तक चलने वाले आटो के बारे में जानकारी जुटाई और करीब डेढ़ सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ऑटो तक पहुंच गई। ऑटो की तलाशी लेने पर सीट के नीचे से बैग मिल गया। पुलिस ने आटो चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि बैग के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं थी।

खबर संक्षेप

## फैक्ट्री कर्मचारी ने किया महिला से दुष्कर्म

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने एक शराब फैक्ट्री में काम करने वाली 35 साल की महिला की शिकायत पर उसके सहकर्मी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद वह बदनाम करने की धमकी दे रहा था। पुलिस के अनुसार मिसरोद इलाके में रहने वाली 35 साल की महिला शादीशुदा है। वह पति के साथ रहती है और एक शराब फैक्ट्री में काम करती है। उसी फैक्ट्री में अनिल गौर भी काम करता था। अनिल की महिला से जान-पहचान और घनिष्ठता बढ़ गई। इसी का फायदा उठाते हुए अनिल गौर नवंबर 2025 में महिला को बहाने से अपनी बाइक पर बिठाकर मंडीदीप की एक होटल में ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

## लिव इन रिलेशन में रख शादी से मुकरा आरोपी

**भोपाल।** कमलानगर पुलिस ने 28 साल की शादीशुदा महिला की शिकायत पर लिव-इन पार्टनर पर दुष्कर्म व दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी महिला को छह महीने तक अपने साथ रखने के बाद किसी और युवती से चेटिंग करने लगा था। दोनों के बीच विवाद और मारपीट हुई। इस पर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 28 साल की महिला शादीशुदा है। उसका एक बच्चा है। आपसी अनबन के चलते वह पति से अलग हो गई। बच्चा भी पति के साथ रहने लगा। इस बीच पवन लोट नामक युवक ने महिला को झांसे में लेकर आबेंडकर नगर स्थित अपने घर पर रख लिया। उसने वादा किया कि तलाक होते ही वह महिला से शादी कर लेगा। करीब छह महीने तक शादी का झांसा देकर आरोपी पवन लोट युवती का दैहिक शोषण करता रहा। दूसरी ओर महिला भी अपने पति से तलाक लेने का प्रयास करती रही। इस बीच महिला ने पवन लोट को किसी और युवती से चेटिंग करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद के दौरान आरोपी पवन ने महिला से मारपीट की।

### वन बचाओ समिति ने की जांच की मांग



गौहरगंज रेंज में वन भूमि पर किया गया अतिक्रमण।

भूमि पर अतिक्रमण और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

औबेदुल्लागंज वन मंडल की गौहरगंज रेंज का मामला

# सड़क किनारे वन भूमि पर तार फेंसिंग कर किया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज की गौहरगंज रेंज में वन भूमि पर कथित अतिक्रमण एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं। वन बचाओ समिति एवं स्थानीय सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि नंदोरा बीट के 34 मील के आगे बारना के पास सड़क किनारे वन भूमि पर तार फेंसिंग कर अतिक्रमण किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर फेंसिंग की गई है, वहां भविष्य में दुकानों के निर्माण की चर्चा चल रही है।

### आरोपः करीघाटी क्षेत्र में लगभग 70 एकड़ वन भूमि पर अतिक्रमण

गौहरगंज रेंज के कंपार्टमेंट क्रमांक 831 सहित पीपल चौक, बिलखेड़ी, समनापुर, बांधा, छुआ, अगरिया तथा करीघाटी क्षेत्र में भी वन भूमि पर अतिक्रमण होने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि करीघाटी क्षेत्र में लगभग 70 एकड़ वन भूमि पर अतिक्रमण हुआ है।वन बचाओ समिति ने आरोप लगाया है कि गौहरगंज रेंज में विभिन्न मदों में वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। समिति ने फायर वाचर एवं चौकीदारों से संबंधित भुगतान, ई-पेमेंट से भुगतानों, पंजीकृत वेंडरों तथा केम्पा बजट के उपयोग की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। समिति का आरोप है कि वन विभाग की संपत्तियों एवं फर्नीचर के उपयोग और निस्तारण की प्रक्रिया की जांच कराई जानी चाहिए। समिति का कहना है कि इन मामलों की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी गई, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

### अधिकारी बोले- शिकायतें मिली हैं

वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) हेमंत रैकवार ने बताया कि गौहरगंज रेंज में अतिक्रमण की पहले भी कई बार शिकायत आई है। मैं इसकी जांच कराकर इस पर कार्रवाई करूंगा। एसडीओ निकुंज पांडे ने फोन पर बताया कि मैंने अतिक्रमण, अवैध कटाई आदि का प्रतिवेदन गौहरगंज रेंजर से बुलाया है। गौहरगंज रेंज के रेंजर नीलेश पवार ने फोन पर बताया कि अतिक्रमण होने की शिकायत मुझे भी मिली है। मैं स्वयं जाकर देखता हूं।

### वन बचाओ समिति बोली

वन भूमि पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है। हमने कई बार विभागीय अधिकारियों को शिकायतें दी हैं। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### खुद को जोधपुर का ज्वेलर बताकर दिया वारदात को अंजाम

# नकली सोने के बिस्किट थमाकर 300 ग्राम सोने के हार ले गया जालसाज



फाइल फोटो

◆ कोतवाली के ज्वैलर्स को नकली सोना थमाकर 45 लाख की ठगी, सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित चौक बाजार के गायत्री ज्वैलर्स के संचालक को जालसाज ने 45 लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने खुद को जोधपुर का ज्वैलर्स बताया और मोबाइल पर बातचीत करने के बाद कहा कि मेरे पास खरा सोना (सोने के बिस्किट) हैं। लड़के को भेज रहा हूं, तुम तीन सौ ग्राम सोने के हार दे देना और सोने की बिस्किट वाला पार्सल ले लेना। ज्वैलर्स ने अपने कर्मचारी को भेजकर पार्सल ले लिया और 300 ग्राम सोने के हार का पार्सल दे दिया। कर्मचारी जब दुकान पहुंचा तो उसमें नकली सोने के बिस्किट निकले। इसके बाद मामला कोतवाली थाने पहुंच गया।

### ज्वैलर्स की मोबाइल पर हुई थी जालसाज से बातचीत

पुलिस के अनुसार एयरपोर्ट रोड निवासी सुनील बेलानी (53) की चौक बाजार पर गायत्री ज्वैलर्स नाम से सोने की दुकान है। उनकी मोबाइल पर एक व्यक्ति से बातचीत हुई। उसने खुद को जोधपुर का ज्वैलर्स बताते हुए उनकी तारीफ की। उसने कहा कि आपके एग्जिबिशन में मैंने गोल्ड के आभूषण देंखे हैं। आपकी कारीगरी जबरदस्त है। मेरे पास गोल्ड के बिस्किट रखे हुए हैं। मैं अपने लड़के को भेजकर बिस्किट भेज रहा हूं। आप बदले में 300 ग्राम सोने के हार भेज देना। डील के तहत जालसाज ने अपने लड़के को शनिवार दोपहर दो से ढाई बजे के बीच मारवाड़ी रोड पर पीएनबी बैंक के पास भेजा। लड़के की लोकेशन बताई और सुनील बेलानी ने अपने कर्मचारी को भेजकर 300 ग्राम गोल्ड के हार भेज दिए। कर्मचारी ने लड़के से पार्सल लिया और उसे 300 ग्राम गोल्ड के हार वाला पार्सल थमा दिया। कर्मचारी दुकान पहुंचा। सुनील ने पार्सल खोला तो उसमें नकली सोने के बिस्किट निकले। उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया, जिस नंबर पर उनकी डील हुई थी, वह नंबर बंद हो चुका था। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### 200 से अधिक फुटेज देख चुकी है पुलिस

*पुलिस ने बताया कि घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस ने मारवाड़ी रोड पर स्थित सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज में 30 से 35 साल का युवक पार्सल देता हुआ और बदले में सुनील बेलानी का पार्सल लेता हुआ नजर आया है। पुलिस इसके अलावा करीब दो सौ सीसीटीवी फुटेज चेक कर चुकी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से रूटमैप तैयार कर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।*

### स्कूटर सवार युवती से बाइक सवार बदमाशों ने झपटा आईफोन

***भोपाल।*** *पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी में क्वालिटी स्वीट्स के सामने स्कूटर सवार युवती से बाइक सवार बदमाशों ने आईफोन झपट लिया। झपटे गए आईफोन की कीमत सवा लाख रुपए है। घटना गत 1 जून की रात करीब 9 बजे के आसपास की है। युवती ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन जांच के 13 दिन बाद झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया है।*

### गरीबों को समय पर नहीं मिल रहा राशन

# औबेदुल्लागंज में राशन वितरण व्यवस्था पर सवाल, गरीब उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्डों में राशन दुकानों की कार्यप्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि जय किसान उपभोक्ता भंडार एवं शिव शक्ति उपभोक्ता भंडार द्वारा पात्र हितग्राहियों को समय पर गेहूं, चावल, शक्कर और नमक राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

वार्ड 1, 2 एवं 3 के रहवासियों का कहना है कि शिव शक्ति उपभोक्ता भंडार निर्धारित समय पर नहीं खुलता, जिसके कारण गरीब परिवारों को कई बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें नियमित रूप से शक्कर भी नहीं दी जाती। महिलाओं सहित कई हितग्राहियों ने बताया कि राशन वितरण में अनियमितता लंबे समय से बनी हुई है।



फाइल फोटो

### राशन के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं

वार्ड 9, 11 एवं 12 के उपभोक्ताओं ने जय किसान उपभोक्ता भंडार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राशन सामग्री का वितरण समय पर नहीं होता। लोगों का आरोप है कि उन्हें अपने हिस्से की सामग्री प्राप्त करने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि शिव शक्ति उपभोक्ता भंडार का पंजीकरण गौहरगंज के नाम से है, जबकि इसका संचालन औबेदुल्लागंज क्षेत्र में किया जा रहा है।

# भोपाल स्टेशन का बोझ होगा कम, आरकेएमपी पर जल्द आधा दर्जन ट्रेनों की होगी शिफ्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर रोजाना कई ट्रेनों का आउटर में खड़ा रहना अब यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन चुका है। समय पर प्लेटफॉर्म न मिलने के कारण ट्रेनें घंटों आउटर में इंतजार करती हैं, जिससे यात्रियों को अनावश्यक देरी, कनेक्टिंग ट्रेनों के छूटने और असुविधा का सामना करना पड़ता है। बढ़ते यात्री दबाव और सीमित प्लेटफार्म क्षमता के बीच रेलवे प्रशासन अब संचालन को संतुलित करने की दिशा में गंभीरता से विचार कर रहा है। इसी के तहत अब रेलवे ने एक नया प्रस्ताव तैयारी किया है। जिसमें कुछ ट्रेनों का संचालन भोपाल स्टेशन की जगह रानी कमलापति स्टेशन से शुरू करने की योजना है। इसमें भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस, ग्वालियर इंटरसिटी, विंध्याचल एक्सप्रेस सहित करीब आधा दर्जन प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। इससे भोपाल के लाखों यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। नए शहर में रहने वाले लाखों यात्रियों को भोपाल स्टेशन तक नहीं जाना होगा।

### यात्रियों को भी मिलेगी राहत

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कुछ ट्रेनों को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से संचालित करने की योजना है। यह एक व्यावहारिक और दूरदर्शी सोच के चलते निर्णय लिया जा रहा है। इसके चलते भोपाल जंक्शन पर भार कम हो सके और यात्रियों को राहत मिल सके। प्लेटफार्म की उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही, आउटर में लंबे समय तक खड़ी रहने वाली ट्रेनों की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

फार्म वापसी 17 को

# पूज्य सिंधी पंचायत में नहीं बन सकी सर्वसम्मति, 23 उम्मीदवार मैदान में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत के 21 जून को होने वाले चुनाव के लिए फार्म जमा करने की अंतिम तिथि तक कुल 23 फार्म जमा किए गए, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए माधू चांदवानी एवं राजकुमार मनवानी, उपाध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश साबुमल रीझवानी, गुलाब जेठानी, जगदीश आसवानी, भरत आसवानी, कमलेश देवानी, सचिव पद के लिए प्रकाश वीधानी, जगदीश खेराजानी, जेठानंद (ठाकी) मंगतानी, हरीश मेहरचंदानी, सह-सचिव पद के लिए रूपचंद सोनी, कैलाश आसवानी, माधवदास पारदासानी, किशोर साधवानी, कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश शेवानी, गुरूदास रामचंदानी, सह-कोषाध्यक्ष पद के लिए रवि नारायण सतानी, अमित राजानी, ऑडिटर पद के लिए पुरूषोत्तम हरचंदानी, राजेश पेसवानी ने फार्म जमा किया।

### इन्होंने कराई चुनाव प्रक्रिया संपन्न

*चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी, सह-चुनाव अधिकरी धर्मप्रकाश मोटवानी, समाज सेवी कन्हैयालाल मोटवानी, राम श्रीचंदानी, लक्ष्मणदास वासवानी द्वारा फार्म जमा करने की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। 15 जून को प्रातः 11 बजे प्रत्याशियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी जाएगी। फार्म 17 जून को प्रातः 12 बजे तक वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी पर जमा राशि वापस नहीं होगी।*

सबनानी, राय ने जल संरक्षण का दिया संदेश

# पर्यावरण सुरक्षा अभियान में है जनभागीदारी सबसे बड़ी शक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के संकल्प के साथ सिंधी मेला समिति ने रविवार को जल गंगा संवर्धन मिशन के 14वें दिन भोपाल में एक प्रेरणादायक जनजागरण अभियान आयोजित किया गया। प्रकृति और जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर अपने दायित्व का परिचय दिया। इस अवसर पर सिन्धी मेला समिति के मुख्य संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, भोपाल नगर निगम डॉ. प्रिया भावे चित्तावार एवं सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी सहित अन्य साथीगण उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए और जनभागीदारी को इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

### सिंधी मेला समिति ने की बैठक

# संभागीय कुकिंग प्रतियोगिता सहित होंगे कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिन्धी मेला समिति के आगामी आयोजनों की तैयारियों को लेकर सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार को सिंधी कम्युनिटी ईदगाह हिल्स पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समिति के सदस्य के मार्गदर्शन देने के समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से शामिल हुए।

बैठक में समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने संबोधित करते हुए कहा कि समिति के आयोजनों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सदैव की तरह आपकी ऊर्जा, अनुभव और समर्पण की आवश्यकता रहती है। दरयानी ने बताया कि आगामी 10, 11 एवं 12 जुलाई को संभागीय कुकिंग प्रतियोगिता एवं 26 जुलाई को पुरस्कार वितरण समारोह एवं 9 अगस्त को प्रांतीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रमों की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के बंटवारे और जनभागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि आयोजन को भव्य, व्यवस्थित और सफल बनाया जा सके। इस बैठक में विशेष रूप से केएल दलवानी, नरेश तलरेजा, महेश बजाज, राम आसुदानी, बंटी गोगिया, सुनील मंगवानी, सीमा सबनानी, सरला दलवानी, शकुन देवराख्यानी, किरण वधवानी, बंटी गोगिया, भावना जगवानी आदि मौजूद रहे।



### आईसीजेएस के जरिए तीन आरोपियों को पकड़ा

# आरपीएफ ने 11 साल से छिपे वारंटी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आधुनिक तकनीक आईसीजेएस का सहारा लेकर बड़ी सफलता हासिल की है। आईसीजेएस एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसमें अपराधियों का डिटेल रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है।

■ हुलिए बदल कर अपनी पहचान छिपाए थे तीन आरोपी

### हुलिया बदलने के बावजूद आरोपी गिरफ्तार

*आरपीएफ पोस्ट भोपाल में दर्ज आरोपी पप्पू उर्फ मुन्ना के विरुद्ध जारी गैर-जमानती वारंट जारी था। हुलिया बदल लेने कारण आरोपी की गिरफ्तारी में परेशानी सामने आ रही थी। आईसीजेएस से आरोपी का नया फोटो एवं आपराधिक रिकॉर्ड प्राप्त हुआ, जिससे पहचान तय की हुई। स्थानीय खुफिया जानकारी एवं फील्ड सत्यापन के आधार पर आरोपी को सूखी सेवनिया स्थित बालमपुर के चंद्रा ढाबा से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे आरोपी आबिद अली को गिरफ्तार किया गया। तीसरे आरोपी मोहम्मद खालिद ने अपनी पहचान छिपाने के लिए नया नाम अपना लिया था।*

### विधायक पटवा ने औबेदुल्लागंज के आसपास गांवों में किया जनसंपर्क

# पटवा ने बताए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा का औबेदुल्लागंज के आसपास के ग्रामों में जनसंपर्क हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत ग्राम खिल्लीखेड़ा में भाजपा के मंडल महामंत्री माधव यादव के निवास पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय गंगाराम पटेल की धर्मपत्नी कमला बाई से भेंट कर उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

पटवा ने 12 वर्षों में राष्ट्र निर्माण, गरीब कल्याण, सुशासन एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी साझा की। पटवा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का त्याग, तप और राष्ट्रभक्ति ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रेरणा है। उनके परिवारजनों से प्राप्त आशीर्वाद राष्ट्रसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ एवं ऊर्जावान बनाता है।



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी कमलाबाई से आशीर्वाद लेते पटवा।



जन संघ के वरिष्ठ नेता एडवोकेट नारायण सेन का सम्मान करते पटवा।



### विधायक पटवा ने किया वरिष्ठ नेता सेन का सम्मान

विधायक सुरेंद्र पटवा हिरानिया में जनसंघ काल के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं प्रख्यात अधिवक्ता नारायण सेन से भेंट कर उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने पहुंचे। इस अवसर पर पटवा ने कहा कि नारायण सेन के जनसंघ और पार्टी के प्रारंभिक संघर्षों एवं प्रेरणादायी संस्मरणों को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ, जो संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक दृढ़ करने वाले रहे।

### निधन पर अर्पित की श्रद्धांजलि

*खिल्लीखेड़ा में राम सुमन पटेल से भेंट की। इसके बाद अमोद ग्राम में पहुंचकर भाजपा के पुराने कर्मठ नेता प्रेम नारायण साहू से भेंट की। इसके बाद पटवा ने गौहरगंज पहुंचकर स्वर्गीय रामप्रसाद राय को श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्राम पंचायत प्रेम तालाब पहुंच कर स्वर्गीय भगवान सिंह नागर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश नागर की माताजी स्वर्गीय रामबाई नागर के निधन पर निवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक पटवा के साथ मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, माधव यादव, कोमल चौहान, जीतू नंदवंशी, रामकिशोर चौहान, मनोज चौरसिया, गजेंद्र नागर, हरगोविंद वर्मा, रवि शंकर राय, दीपू परमार, लोकेश परमार आदि साथ थे।*

स्वागत-अभिनंदन...



**भोपाल।** मप्र झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का स्वागत करते हुए।

# मध्यप्रदेश में तबादलों का आज आखिरी दिन, नहीं बढ़ाई जाएगी मियाद

## जिलों के भीतर तबादलों को लेकर बैठकों का दौर तेज, देर शाम तक एक साथ जारी हो सकती हैं सूचियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश में अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों का इंतजार अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित तबादला अवधि का कल आखिरी दिन है और सरकार ने साफ संकेत दिए हैं कि इस बार समयसीमा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। ऐसे में विभिन्न विभागों में लंबित तबादला प्रस्तावों को अंतिम रूप देने की कवायद तेज हो गई है। संभावना है कि सोमवार शाम तक कई विभागों की तबादला सूचियां एक साथ जारी कर दी जाएंगी। सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाना है, उनकी प्रक्रिया तय समयसीमा के भीतर पूरी की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस संबंध में निर्देश दे चुके हैं कि तबादलों को लेकर किसी तरह की देरी न हो। यही वजह है कि मंत्रालय से लेकर मंत्रियों के बंगलों तक लगातार बैठकें चल रही हैं और सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस बार अधिकांश विभागों में तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के नामों पर प्राथमिकता से विचार किया गया है। कई विभागों ने ऐसे कर्मचारियों से तीन संभावित स्थानों के विकल्प भी मांगे थे। प्रशासनिक जरूरतों, रिक्त पदों और जनप्रतिनिधियों की अनुशंसाओं के आधार पर तबादला प्रस्ताव तैयार किए गए हैं।

### मंत्रियों के बंगलों पर बढ़ी हलचल

तबादलों के अंतिम चरण में मंत्रियों के सरकारी आवासों पर भी गतिविधियां बढ़ गई हैं। शनिवार और रविवार की छुट्टियों के बावजूद अधिकारी और कर्मचारी फाइलों के साथ मंत्रियों के यहां पहुंचते रहे। कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारी अंतिम सूची को लेकर लगातार मंत्रियों से चर्चा करते रहे ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर आदेश जारी किए जा सकें।

नगरीय प्रशासन में ऑनलाइन आवेदन

नगरीय प्रशासन विभाग ने तबादलों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए थे। विभाग को बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों के कर्मचारियों की तबादला सूची जारी की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सूची को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है।

## मुख्यमंत्री ने समृद्ध एमएसएमई- विकसित मध्यप्रदेश कार्यक्रम में उद्यमियों से किया संवाद

# सीएम ने एमएसएमई यूनिट्स को 360 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से 900 एमएसएमई यूनिट्स को 360 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इसके साथ ही 31 मार्च 2026 तक की समस्त देयताओं का भुगतान किया गया। मुख्यमंत्री ने 6 ईटीपी निर्मित करने वाली इकाइयों को दो करोड़ 02 लाख की रुपए सहायता, विशेष पैकेज के तहत इकाइयों को एक करोड़ 7 लाख रुपए मण्डी शुल्क की प्रतिपूर्ति और 11 इकाईयों का विद्युत टैरिफ रुपए तीन करोड़ 69 लाख रुपए का वितरण सिंगल क्लिक से किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में एमएसएमई उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से प्रोत्साहन राशि और हितलाभ वितरण के लिए आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्यप्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत ऋण राशि, भू-आवंटन पत्रक तथा स्टार्टअप नीति 2025 के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का वितरण भी किया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा, अलाना ग्रुप के संस्थापक राशि बहल मेहरा और उद्यमी कुणाल ज्ञानी ने मध्यप्रदेश में उद्यम स्थापित करने के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने डिक्की के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनिल सरवैया तथा उद्यमी प्रतिभा यादव, डॉ. सुरेश दुबे, दिनेश चंदवानी, यशराज वर्मा से संवाद भी किया।

### वर्ष 2047 तक प्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई संचालित होगी

### सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार




एमएसएमई निवेश प्रोत्साहन एवं संवर्धन 2026 कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री।

### स्टार्ट-अप रैंकिंग में मध्यप्रदेश को लीडर श्रेणी का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र के स्टार्टअप आज देशभर में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में स्टार्टअप की संख्या 7 हजार 400 से अधिक हो चुकी है, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत 3 हजार 400 से अधिक स्टार्ट-अप्स का नेतृत्व हमारी बहनें कर रही हैं। स्टार्ट-अप्स के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना' के तहत पिछले ढाई वर्षों में 23 हजार 500 से अधिक युवाओं को 1 हजार 630 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। स्टार्टअप रैंकिंग में मध्यप्रदेश को लीडर श्रेणी का सम्मान मिला है। हमारा संकल्प है कि प्रदेश के हर जिले में कम से कम एक इंक्यूबेशन सेंटर हो। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में सब्सिडी युक्त 'प्लग-एंड-प्ले' मॉडल पर को-वर्किंग स्पेस तैयार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने किए हितलाभ वितरित- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत इन्दौर के रवि बोबड़े तथा रेखा वर्मा और भोपाल के सुधीर कुमार शर्मा व मोहम्मद शिफर को ऋण राशि के चैक प्रदाय किए।

### 24 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों में सवा करोड़ से अधिक लोगों को मिला रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्यमशीलता और नवाचारों में मप्र देश में अग्रणी है। प्रदेश में 24 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों में सवा करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इसमें 4 लाख 41 हजार से अधिक इकाइयों की कमान बहनें संभाल रही हैं, यह महिला सशक्तिकरण का उदाहरण भी है। आगामी ढाई वर्षों में 4 हजार 500 करोड़ रुपये देकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को मजबूती देने का लक्ष्य है। इसके तहत निवेश पर 40 प्रतिशत, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को 60 प्रतिशत तक प्रोत्साहन तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला उद्यमियों को 8 प्रतिशत अतिरिक्त सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए नियमों को सरल किया गया है। पिछले ढाई वर्षों में 30 नए औद्योगिक क्षेत्र और 14 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री आज 'राज्य डेटा के लिए साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने' विषयक कार्यशाला में होंगे शामिल

भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 'राज्य डेटा के लिए साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क को सुदृढ़ बनाने' विषय पर सोमवार 15 जून को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में विभागीय परामर्श कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड और मप्र कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (एमपी-सीईआरटी) के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य शासन के विभिन्न विभागों में साइबर सुरक्षा से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों, उभरते साइबर खतरों, डेटा संरक्षण की आवश्यकताओं और डिजिटल शासन प्रणालियों की सुरक्षा पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ), तकनीकी विशेषज्ञ, नीति निर्माता, कानून एवं साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### सुरक्षा सहायता तंत्र पर प्रस्तुति दी जाएगी

इस अवसर पर राज्य में साइबर सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने, सुरक्षित डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने और विभागीय स्तर पर साइबर सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। कार्यशाला में मप्र कम्प्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की भूमिका, राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा प्रबंधन रणनीति तथा विभागों के लिए उपलब्ध सुरक्षा सहायता तंत्र पर विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### रास नामांकन विवाद पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी आंदोलन आज से

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में राज्यसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग और विधानसभा प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी सोमवार से तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू कर रही है। आंदोलन के तहत कांग्रेस के विभिन्न आनुषांगिक संगठन अलग-अलग दिनों में प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराएंगे। पहले दिन युवक कांग्रेस, दूसरे दिन एनएसयूआई और तीसरे दिन महिला कांग्रेस प्रदेशभर में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस पूरे मामले में चुनाव आयोग से लेकर विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

### जनपरिषद के वार्षिक समारोह में शामिल होंगे दीपक बोहरा

**भोपाल।** अग्रणी सामाजिक संस्था जनपरिषद के 37वें वार्षिक समारोह में पूर्व राजनायिक दीपक बोहरा शामिल होंगे।



जन परिषद का 37वां वार्षिक एवं सम्मान समारोह आगामी 23 जून को राजधानी भोपाल में आयोजित होगा। जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एन के त्रिपाठी एवं संस्था के महासचिव अजय श्रीवास्तव नीलू के अनुसार पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एयर मार्शल प्रमोद श्रीवास्तव एवं एडिशनल चीफ सेक्रेटरी अनुपम राजन को भी आमंत्रित किया गया है।

## पीडब्ल्यूडी में इंजीनियरों के तबादले

# एनएच परिक्षेत्र में पहुंचे मुख्य अभियंता संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने पीडब्लूडी के चार वरिष्ठ इंजीनियरों के तबादले किए हैं। जबकि अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री के 50 से अधिक तबादले किए गए हैं। इनमें से कुछ इंजीनियरों के तबादले तो शिकायतों के आधार पर किया गया है। भोपाल परिक्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता संजय मस्के को हटा दिया गया हैं। उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र की जवाबदारी दी गई है। उनकी जगह पर रीवा में पदस्थ एससी वर्मा को भोपाल परिक्षेत्र का प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया गया है। इसी तरह प्रभारी मुख्य अभियंता गोपाल सिंह की सेवाएं मप्र सड़क विकास निगम से वापस लेकर कार्यालय प्रमुख अभियंता में पदस्थ किया गया है। राज्य शासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता आनंद प्रकाश राणे को जबलपुर परिक्षेत्र का प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया है।

- प्रभारी मुख्य अभियंता गोपाल की सेवाएं मप्र सड़क विकास निगम से वापस लेकर कार्यालय प्रमुख अभियंता में पदस्थ किया गया है

इसीतरह सहायक यंत्री अनिल कुमार अथिया को नौगांव मंडल का प्रभारी अधीक्षण यंत्री बनाया गया है। दिलीप बिगोनिया को प्रभारी अधीक्षक यंत्री गुना, बत्तूलाल भलावी को प्रभारी अधीक्षण यंत्री सिवनी, वसीम खान को कार्यालय मुख्य अभियंता सेतु, दिनेश कौरव को प्रभारी अधीक्षक यंत्री भवन, जीपी पटले को सेतु मंडल जबलपुर, मयंक शुक्ला को प्रभारी अधीक्षण यंत्री प्रमुख अभियंता कार्यालय भवन, अनुराग सिंह को प्रभारी अधीक्षण यंत्री नर्मदा पुरम संभाग, शिवेंद्र सिंह को प्रभारी अधीक्षण यंत्री प्रमुख अभियंता कार्यालय भोपाल, ह्देयेश आर्य को शहडोल, सुभाष पाटिल को प्रभारी अधीक्षण यंत्री भोपाल क्रमांक 1, सीमा प्रभाकर को प्रभारी अधीक्षण यंत्री राजधानी परियोजना प्रशासन, पवन प्रजापति को ग्वालियर, पंकज ओझा को प्रभारी अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता का कार्यालय राजमार्ग में पदस्थ किया गया है। इसीतरह राज्य शासन ने 22 प्रभारी कार्यपालन यांत्रियों की पदस्थापना के आदेश भी जारी किए हैं। गोपाल उपसरिया को आगर मालवा, जेपी सोनकर को दमोह, दीपक असाटी को इंदौर, सुश्री मिथिलेश नागोसे को इंदौर, सुश्री अनामिका सिंह को सीधी, प्रीति पटेल को नर्मदा पुरम, आसिफ मंडल को बुधनी, निलेश कुमार को सेतु संभाग जबलपुर, मनीष उदेनिया को नया भोपाल संभाग भोपाल, नताशा को इंदौर, प्रमोद गोटिया को सेतु संभाग सागर, सुनील नरगावे को उज्जैन, आकाश खरे को जबलपुर संभाग, विष्णु भगवान अग्रवाल को राष्ट्रीय राजमार्ग ग्वालियर, प्रीति यादव को यथावत, कुलदीप चंद्रवंशी को उज्जैन, सोमेश श्रीवास्तव को विदिशा, तेजस्वी शुक्ला को सिंगरौली, विनोद बरकने को जबलपुर, पुष्कल सिंह को शिवपुरी और भूपेंद्र सिंह को राष्ट्रीय राजमार्ग रीवा में पदस्थ किया गया है। इसीतरह अन्य इंजीनियरों के तबादले किए गए हैं।




### भाजपा को पहले से थी मीनाक्षी प्रकरण की जानकारी

मीनाक्षी नटराजन की किस्मत दगा दे गई, क्योंकि जीतने लायक वोट होने के बावजूद वे राज्यसभा नहीं पहुंच पाईं। बड़ा सवाल है कि तेलंगाना के इस प्रकरण की जानकारी मप्र के भाजपा नेताओं तक कैसे पहुंची? भाजपा को मालूम था कि मीनाक्षी तेलंगाना कांग्रेस की प्रभारी हैं। इसलिए, तेलंगाना भाजपा को अलर्ट किया गया। कहा गया कि मीनाक्षी से जुड़ा कोई प्रकरण हो तो जानकारी तत्काल भेजी जाए। भाजपा को कोर्ट में पेश एक प्रकरण की जानकारी मिल गई, जिसमें एक याचिका पर मीनाक्षी को नोटिस मिला था। प्रदेश भाजपा के कुछ नेताओं को इसकी जानकारी मीनाक्षी के नामांकन से पहले ही मिल गई। अब कांग्रेस कोर्ट-कचहरी के साथ सड़क पर लड़ती रहे, लेकिन राज्यसभा की सीट तो हाथ से निकल गई।

### गलती का ठीकरा अन्य पर फोड़ना ठीक नहीं

मीनाक्षी के नामांकन में और भी गलतियां बताई गईं हैं, लेकिन उसके खारिज होने का आधार वह नोटिस ही बना। इस गलती का ठीकरा कांग्रेस के उन नेताओं के सिर फोड़ा जा रहा है जो राज्यसभा के लिए दावेदार थे। ऐसा करना उनके साथ अन्याय है, क्योंकि इसमें किसी की गलती है तो खुद मीनाक्षी की। उनके पास नामांकन भरने का अनुभव है और नोटिस के बारे में जानकारी भी उनके पास ही थी, अन्य किसी के पास नहीं। यदि वे नोटिस का जिक्र करतीं तो नामांकन में उसका उल्लेख किया जाता।

### दिग्विजय के अपमान पर कांग्रेस में तनातनी

एक तरह पूरी पार्टी मीनाक्षी के नामांकन को गलत तरीके से रद्द करने के खिलाफ भोपाल से लेकर दिल्ली तक लड़ाई लड़ रही है, दूसरी तरफ दिग्विजय समर्थक उनके अपमान को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर निशाना साध रहे हैं। हुआ यह कि प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दिग्विजय ने कहा कि जेपी धनोपिया को नामांकन के बारे में वस्तुस्थिति बताने दीजिए लेकिन प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कह दिया कि हो गया। अब इसकी जरूरत नहीं। इस बीच जीतू पटवारी ने दिग्विजय से अपनी बात रखने का आग्रह किया तो उन्होंने बोलने से इंकार कर हाथ जोड़ लिए। पूरी मामले को दिग्विजय के अपमान से जोड़ दिया गया।

### फिर फंस गए दिग्विजय सिंह

दिग्विजय सिंह ने कह दिया कि भाजपा के महेश केवट को राज्यसभा भेजने में भाजपा, निर्वाचन आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी शामिल दिखता है। भाजपा ने उन पर चौतरफा हमला बोल दिया। कहा गया कि दिग्विजय 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे सुप्रीम कोर्ट के बारे में ऐसा कैसे बोल सकते हैं? इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एडवोकेट जनरल को पत्र लिख कर दिग्विजय के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से भी स्वतः संज्ञान लेने की अपील की है। मजेदार बात यह है कि दिग्विजय ने पुष्यमित्र को फोन कर कहा कि आपने ठीक किया। अब मैं सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी बात रख सकूंगा।

### तब जाकर मन सका जीत का जश्न

महेश केवट को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र मिलने के बावजूद भाजपा ने उस दिन जीत का जश्न नहीं मनाया। सुप्रीम फैसले का इंतजार किया गया। जब सुप्रीम कोर्ट ने मीनाक्षी की याचिका यह कह कर सुनने से इंकार कर दिया कि इससे नई परंपरा शुरू हो जाएगी। इसके बाद ही निर्वाचित तीनों नेता भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित सभी प्रमुख नेता मौजूद थे। उनका जोरदार स्वागत हुआ, ढोल-नगाड़े बजे, आतिशबाजी हुई और जोश के साथ जश्न मना।

\- दिनेश निगम 'त्यागी'

## बैठक में पीसीसीएफ को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

# आईटी शाखा के कम्प्यूटर ऑपरेटर के समान ही दी जाएं संविदा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में रविवार को प्रदेश के कंप्यूटर ऑपरेटर की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर उनके निराकरण को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में संघर्ष करने का संकल्प पारित किया गया। बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटरो ने पीसीसीएफ को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपेंने का निणर्य लिया गया।

इसके बाद मंच के पदाधिकारी शासन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे ताकि कंप्यूटर ऑपरेटर को आईटी शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर के समान ही संविदा नियुक्ति प्रदान की जाएं। कंप्यूटर ऑपरेटर श्याम चौधरी ने बताया कि 10 से 15 साल की सेवा करने के



बावजूद भी कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोगामरों को ठेका मजदूर का वेतन दिया जा रहा है। जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर विभाग के महत्वपूर्ण कार्य संपादित करते हैं और जन-जन तक विभाग की योजनाओं को पहुंचाते है। वन विभाग कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्राम का शोषण कर रहा है। उनके श्रम अधिकारों का हनन कर रहा है। जिस कारण कंप्यूटर ऑपरेटर में प्रोग्राम में असंतोष का वातावरण निर्मित है।

## पोस्टर में बताया गया 'बयानबाजी का कूड़ेदान' और 'बयानवीर'

# दिग्विजय सिंह के पोस्टर पर मचा सियासी बवाल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फाड़ डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर लगाए गए पोस्टर पर रविवार को सियासी विवाद खड़ा हो गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने लगाए गए पोस्टर को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फाड़ दिया, जिसके बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

भाजपा कार्यालय के सामने लगाए गए पोस्टर में दिग्विजय सिंह को निशाने पर लिया गया था। पोस्टर में उन्हें 'बयानबाजी का कूड़ेदान' और 'बयानवीर' बताया गया। साथ ही पोस्टर में लिखा गया था कि



'ईवीएम गलत, चुनाव आयोग गलत, सरकार गलत और अब सुप्रीम कोर्ट भी गलत'। पोस्टर के जरिए दिग्विजय सिंह के हालिया बयानों पर तंज कसा गया था। दरअसल, दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए थे। उनके इसी बयान को आधार बनाकर भाजपा समर्थकों द्वारा यह पोस्टर लगाया गया था। पोस्टर सामने आने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और पोस्टर फाड़ दिया। यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा कार्यालय के सामने राजनीतिक संदेश देने वाले पोस्टर लगाए गए हों। इससे पहले भी कांग्रेस और उसके नेताओं पर तंज कसने वाले पोस्टर चर्चा का विषय बन चुके हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की राजनीति कर रही है, जबकि भाजपा का दावा है कि पोस्टर दिग्विजय सिंह के बयानों की राजनीतिक प्रतिक्रिया है।

## मध्य भारत प्रांत की बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा

# शताब्दी वर्ष में अधिकतर स्थानों पर शाखा लगाएंगे स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य भारत प्रान्त में संघ का कार्य अपेक्षा के अनुरूप बढ़ रहा है। शताब्दी वर्ष में संघ कार्य की वृद्धि को और गति मिली है। वर्तमान में कुल 1730 मंडल संघकार्य युक्त हैं। वहीं, मध्यभारत प्रान्त में एक वर्ष में शाखाओं की संख्या भी बढ़ी है। पिछले वर्ष प्रान्त में कुल 3674 शाखाएं लग रही थीं, जो बढ़कर 3957 हो गई हैं। आगामी वर्ष तक 5000 से अधिक शाखाओं का लक्ष्य है।

भोपाल स्थित शारदा विहार में 13-14 जून को आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रान्त की प्रान्त बैठक में यह जानकारी प्रान्त कार्यवाह हेमंत सेठिया ने दी। बैठक में, प्रान्त में संघ कार्य की स्थिति और शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस प्रकार लगभग 514 दायित्ववान कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे। इस अवसर पर प्रांत संघचालक अशोक पांडेय एवं सह-प्रान्त संघचालक डॉ. राजेश सेठी भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में दिवंगत कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शताब्दी वर्ष में संघ कार्य की वृद्धि को प्राप्त हुई है पहले से अधिक गति**



### समापन सत्र में सह-सरकार्यवाह का प्रबोधन

मध्यभारत प्रान्त की बैठक में सह-सरकार्यवाह अरुण कुमार का पाथेय भी कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के बाद अब हमें नगर-खंड की इकाई को सक्षम बनाना है एवं मंडल-बस्ती की इकाई को और मजबूत करना है। संगठन श्रेणी और जागरण श्रेणी के कार्य को अधिक स्पष्टता के साथ समाज व्यापी बनाना है। सज्जन शक्ति के साथ संपर्क-संवाद बढ़ाकर समाज परिवर्तन की दिशा में वातावरण बनाना चाहिए।

### 80 हजार स्वयंसेवक, 27 लाख 46 हजार 780 घरों तक पहुंचे

प्रांत कार्यवाह सेठिया ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी उत्सव, प्रमुखजन गोष्ठी, व्यापक गृह संपर्क अभियान और सद्भाव बैठकों का आयोजन हो चुका है। अब युवाओं के कार्यक्रम और अधिकतम स्थानों पर अधिकतम शाखा लगाने की तैयारी है। बैठक में इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। प्रांत कार्यवाह ने बताया कि शताब्दी वर्ष के निमित्त व्यापक गृह संपर्क अभियान में संघ के लगभग 80 हजार स्वयंसेवक, 27 लाख 46 हजार 780 घरों तक पहुंचे। इसके साथ ही प्रांत के 15890 ग्रामों में भी संघ का विचार लेकर स्वयंसेवक पहुंचे। इसी प्रकार, मंडल-बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। ये आयोजन समाज की सज्जनशक्ति के सहयोग से किये गए। समाज की सज्जनशक्ति ही हिन्दू सम्मेलनों में नेतृत्व की भूमिका में रही।

## पेज एक का शेष....

### होर्मुज खुलेगा...

की वापसी और क्षेत्रीय स्थिरता जैसे संवेदनशील मुद्दों पर व्यापक सहमति बन गई है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि अमेरिका के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) का अंतिम मसौदा लगभग तैयार है। इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर सख्त नियंत्रण, होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए पूरी तरह खोलने और अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट जैसे अहम प्रावधान शामिल हैं। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर के बाद दोनों पक्ष 60 दिनों के भीतर अंतिम और पूर्ण समझौते पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

**ईरान परमाणु यथास्थिति बनाए रखेगा:** दोनों देशों के बीच सबसे विवादास्पद मुद्दे पर भी समझौता हो गया है। ईरान ने लिखित आश्वासन दिया है कि वह न तो परमाणु हथियार विकसित करेगा और न ही उन्हें हासिल करने का कोई प्रयास करेगा। अंतिम समझौते तक ईरान परमाणु यथास्थिति बनाए रखेगा, यानी नया यूरेनियम संवर्धन नहीं करेगा, मौजूदा सुविधाओं का विस्तार नहीं करेगा और नए सेंट्रीफ्यूज स्थापित नहीं करेगा। ईरान अपने पास मौजूद अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम के भंडार को काफी हद तक कम करने पर भी सहमत हुआ है। इसकी सत्यापन योग्य प्रक्रिया पर 60 दिनों के अंदर चर्चा होगी। समझौते के बाद ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों के समर्थन में कमी लाएगा, जबकि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की धमकी समाप्त करेगा।

### अंतिम समझौते में ...

नकद हस्तांतरण, कतर-ओमान जैसे क्षेत्रीय देशों के माध्यम से सहयोग और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ऋण लाइनों का प्रावधान शामिल है।

### हिंदुस्तानी क्रू वाले ...

सवार सभी भारतीय क्रू सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस जहाज का संचालन भारतीय नाविकों के हाथों में था और यह अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी में वहां से गुजर रहा था। ड्रोन हमले में जहाज के वाटर बैलास्ट टैंक और नंबर-2 पोर्ट कार्गो टैंक को नुकसान पहुंचा है, लेकिन इसके बावजूद जहाज सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा पर आगे बढ़ गया। दरअसल, अमेरिका और ईरान की इस आपसी लड़ाई और समुद्री नाकेबंदी का खामियाजा बेकसूर भारतीय नाविकों को भुगतना पड़ रहा है। हाल ही में होर्मुज में तीन भारतीयों की मौत पर भारत ने कड़ा विरोध भी दर्ज कराया था, लेकिन इसके बाद भी हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### पहले ही मैच ...

मंधाना ने पहली पारी में तूफानी बल्लेबाजी की थी। 171 रनों के जवाब में पाक 106 पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति शर्मा के 5 विकेट की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को 106 रन पर समेटते हुए 64 रन से शानदार जीत दर्ज की। पाकिस्तान को आखिरी 18 गेंदों में 65 रन चाहिए थे, लेकिन दीप्ति ने 17वें ओवर में ही मैच खत्म कर दिया। दीप्ति ने 4 ओवर में सिर्फ 10 रन देकर 5 विकेट लिए। भारत ने जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल में टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के 2-2 अंक हैं, लेकिन बेहतर नेट रन रेट (+3.250) के कारण ऑस्ट्रेलिया टॉप पर है। भारत का नेट रन रेट +3.200 है।

### भारत के 'डीएनए'...

'मानवता के लिए तकनीक' की है। तकनीक ऐसी होनी चाहिए जो सिर्फ कुछ लोगों का नहीं, बल्कि सबका भला करे। भारत दुनिया में सोल्यूशन देने वाला सबसे बड़ा कंट्रीब्यूटर है। पीएम मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और फ्रांस की दोस्ती को बहुत मजबूत बताया। पीएम मोदी ने बताया कि एआई और सैटेलाइट तकनीक से ग्रामीण इलाकों का विकास होगा। इसके साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों से साफ-सुथरे विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि स्टार्टअप्स को सिर्फ उनकी बाजार कीमत से नहीं, बल्कि इंसानी जिंदगी पर उनके अच्छे असर से आंका जाना चाहिए। उन्होंने दुनिया भर के निवेशकों को न्योता दिया कि वे भारत के साथ मिलकर ऐसी तकनीक बनाएं जो सुरक्षित, भरोसेमंद और पूरी मानवता के काम आने वाली हो।

### मेक इन इंडिया ...

रहे हैं। भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने एक और बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि नागरिक परमाणु ऊर्जा (सिविल न्यूक्लियर एनर्जी) के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने विशेष रूप से 'स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स' (एसएमआर) तकनीक का जिक्र किया और कहा कि इस नई तकनीक से क्लीन एनर्जी का लक्ष्य पाना काफी आसान हो जाएगा।

### 120 बेहतरीन डीप....

विकसित भारत के सपने के तहत एक ग्लोबल इनोवेशन हब बनाने में मदद करेगा।

### पीएम मोदी का....

राष्ट्रपति मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और साथ ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। फ्रांस के बाद वे दो दिनों के लिए स्लोवाकिया के दौरे पर जाएंगे।

### सीएम ने सवा ...

है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सवा करोड़ लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 37 वीं किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपए सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सागर जिले के केसली में एक बेहद अनूठे और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने लाड़ली बहनों के साथ पारंपरिक खेल सितोलिया (पिट्टू) खेलकर लाड़ली बहना खेल सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने लगभग 190.85 करोड़ रुपए की लागत के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करते हुए शिलापट्टिका का अनावरण किया। इसमें लगभग 68.83 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 25 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 122.02 करोड़ रुपए की लागत से 28 कार्यों का भूमि-पूजन कर लाड़ली बहना योजना की 37 वीं किस्त भी जारी की।

### मातृ शक्ति का ....

लिए अनेक कार्य किए जा रहे है। आवासहीनों को आवास, भूमिहीनों को भूमि के पट्टे मिल रहे हैं, महिलाओं को संबल मिल रहा है।

### मंदसौर पीएनबी करेंसी...

मामला दर्ज कराया गया है। यह पूरा मामला बैंक के करेंसी चेस्ट में रखी नकदी और दस्तावेजों के मिलान के दौरान पकड़ा गया। रूटीन चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने पाया कि रिकॉर्ड के अनुसार चेस्ट में 4.5 करोड़ होने चाहिए थे, लेकिन भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) में वहां सिर्फ 3.5 करोड़ ही मिले। यह वित्तीय हेराफेरी दिसंबर 2025 से लेकर जून 2026 के बीच की गई है। बैंक के लेनदेन से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड, कैश मैनेजमेंट के दस्तावेज और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पिलरों में दरार...

बढ़ गया है। हालात का जायजा लेने रविवार को एमपीआरडीसी के डिवीजनल मैनेजर सियाराम अहिरवार और यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने वैकल्पिक मार्गों का निरीक्षण किया। एमपीआरडीसी के अनुसार, 1330 मीटर लंबे इस पुल के पिलर नंबर 52, 53 और 54 में दरारें हैं। मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है और 15 जून को ब्रिज एक्सपर्ट की टीम निरीक्षण करेगी। सुरक्षा के लिहाज से 16 जून की शाम 6 बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।

### चेन पुलिंग कर...

आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ-साथ रेलवे व प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस और रेलवे प्रशासन मृतकों के परिजनों को सूचित करने के साथ ही इस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गया है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

### बस-हाइवा की...

आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा तत्काल अस्पताल पहुंचे। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीट गंवाने की...

प्रदेश प्रभारी के स्तर से हो सकती है। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की भूमिका को लेकर कांग्रेस हाईकमान गंभीर समीक्षा कर रहा है। राज्यसभा चुनाव के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से स्पष्ट निर्देश थे कि पार्टी अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाए, लेकिन नामांकन प्रक्रिया के दौरान हुई एक गलती कांग्रेस के लिए भारी पड़ गई। इस पूरे घटनाक्रम को संगठनात्मक विफलता के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है और उसके बाद संगठनात्मक बदलावों पर फैसला लिया जा सकता है। कांग्रेस के इतिहास पर नजर डालें तो मध्यप्रदेश में प्रदेश प्रभारी बदलना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के बाद पद से हटाया जा चुका है।

### फिलहाल, जीतू और...

सिंह की भूमिका को लेकर भी पार्टी के भीतर चर्चा हो सकती है। हालांकि उनके करीबी नेताओं का कहना है कि दिग्विजय सिंह ऐसे राजनीतिक प्रयोगों या किसी प्रकार की मिलीभगत की राजनीति के पक्षधर नहीं रहे हैं। 2019 में कमलनाथ सरकार गिरने के बाद भी वे संगठनात्मक सतर्कता की आवश्यकता पर जोर देते रहे हैं।

### हरीश को दिग्विजय ...

उसके बाद फिर प्रेस कांफ्रेंस शुरू हुई। दिग्विजय सिंह बाहर चले गए। इसके बाद प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी दिग्विजय सिंह के बंगले पहुंचे और उन्होंने घटनाक्रम को लेकर माफी भी मांगी।


**अधिष्ठाता कार्यालय**
**अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**
खेल परिसर के सामने, सांची रोड़, विदिशा म.प्र. 464001 दूरभाष 07592-297001
Email-deangmcvidisha@gmail.com website www.gmcvidisha.org

क्रमांक / 3907/ क्रयशाखा/अ.बि.वा.शा.चि.महा. / 2026 विदिशा, दिनांक: 10/06/2026

**ई-निविदा/बिड आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, विदिशा में स्थापित विभिन्न मेडिकल उपकरणो का Calibration कराये जाने हेतु Gemportal के माध्यम से बिड क्रमांक GEM/2026/B7614762 दिनांक 16/06/2026 से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी www.gem.gov.in का अवलोकन कर प्राप्त की जा सकेगी। अतः निविदा में किसी भी प्रकार संशोधन होने पर www.gem.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा

जी - 14398/26 स्वच्छता ही सेवा है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन), लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)**

NIT NO. 17/2026/Centralized Tender/G/CE(B) JABALPUR, DATED- 09.06.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपर्युक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत पी.ए.सी (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करने का समय वर्षाकाल सहित | कार्यालय का नाम जहाँ ई.एम.डी एवं बिड प्राप्त की जावेगी। | निविदा की श्रेणी / निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWPIU_514842_1 | शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला में 500 सीटर मल्टीपरपस हॉल का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (प्रथम आमंत्रण) | 321.04 | 321040/- | 15000/- | 18 माह वर्षाकाल सहित | मुख्य अभियंता (भवन), लो.नि.वि. परिक्षेत्र-जबलपुर | लोक निर्माण विभाग में नवीन श्रेणी का पंजीकरण (प्रथम आमंत्रण) |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11.06.2026 समय 9.00 बजे से दिनांक 27.06.2026 समय 18.00 बजे तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किए जाएंगे, पृथक से सामाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, मण्डला (म.प्र.)

जी - 14407/26 स्वच्छता ही सेवा



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लासेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA
में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY
एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध हैं।
ONLY LIBRARY 299/- PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी
(अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर
COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein! Solar Lagaye 3.3kW Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
HURRY UP!
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
Contact us 99932-41867
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।
Aura Mall, Bhopal, 462010

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल





छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक


गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA BPES, BSC, B.Com (Economics/ Computer)
PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com





हरिभूमि रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस
बुकिंग के लिए संपर्क करें । मो. 9407279644 , फोन नं. 0755-4049924


## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** – आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन** – परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6257



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 6256 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | ■ | ■ | क | लि | का | ■ |
| प | र | ■ | ला | ■ | सा | ग | र | ■ | बु | आ |
| ह | ■ | ■ | प | ह | रा | ■ | ण | ■ | ■ | खे |
| र | स | खा | न | ■ | ■ | म | ■ | क | प | ट |
| ण | ■ | लि | ■ | न | भ | च | र | ■ | रा | ■ |
| ■ | आ | स | ■ | सी | ■ | ल | ■ | ग | स्त | ■ |
| ■ | रा | ■ | प | ह | न | ना | ■ | रु | ■ | ड |
| शा | म | त | ■ | त | ■ | ■ | ता | र | ता | र |
| य | ■ | ■ | तै | ■ | जा | हि | र | ■ | ■ | ल |
| द | म | ■ | र | सी | ला | ■ | पी | ■ | ज | ग |
| ■ | न | गी | ना | ■ | ■ | म | न | भ | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6267

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# पतंजलि ने शुरू की सिविल सेवा अकादमी, 'शंखनाद' के साथ नई पहल का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने प्रशासनिक सेवाओं के लिए नई पतंजलि सिविल सेवा अकादमी की शुरुआत की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य आईएएस, आईपीएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के लिए ऐसे अधिकारी तैयार करना है जो भारतीय संस्कृति, आधुनिक विज्ञान और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित हों। इस अकादमी का शुभारंभ 'खनाद' के रूप में किया गया, जिसे कंपनी ने एक ऐतिहासिक कदम बताया है। इसका लक्ष्य केवल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि 'राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों' की नई पीढ़ी तैयार करना भी बताया गया है।

इस मौके पर योगऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि यह अकादमी 'विरासत और विज्ञान' के समन्वय से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र और नेतृत्व क्षमता को विकसित करना है। अकादमी में 'त्रि-शिक्षा मॉडल' अपनाया जाएगा, जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान, प्रशासनिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक उत्कृष्टता का संतुलन रहेगा। इसके साथ योग और प्राणायाम को भी प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया जाएगा, ताकि छात्रों में मानसिक और शारीरिक संतुलन विकसित हो सके।

**लक्ष्य केवल प्रशासनिक अधिकारियों का निर्माण करना नहीं, बल्कि 'राष्ट्रनिष्ठ नागरिकों' की नई पीढ़ी तैयार करना भी बताया।**

**योग-प्राणायाम को भी प्रशिक्षण का हिस्सा बनाया जाएगा**

**प्रशासनिक प्रशिक्षण और शैक्षणिक उत्कृष्टता का संतुलन रहेगा**


कार्यक्रम में योगऋषि रामदेव मौजूद

## आधुनिक प्रशासनिक दृष्टिकोण पर जोर

पूर्व आईएएस अधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है और अधिकारियों को 'शासक' नहीं बल्कि 'जनसेवक' की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक परंपराओं और नीति सिद्धांतों के समावेश पर जोर दिया। प्रसिद्ध शिक्षक अवध ओझा को इस अकादमी का शैक्षणिक नेतृत्व सौंपा गया है। वे प्रारंभिक एक माह के विशेष सत्र में इतिहास और प्रेरणा विषय पर मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि अकादमी का उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की सोच और विवेक को विकसित करना है। अकादमी पूर्णतः आवासीय होगी और योग, प्रार्थना तथा अनुशासित दिनचर्या पर आधारित वातावरण प्रदान करेगी। इसमें प्रतिभाशाली छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और पुरस्कार योजनाएं भी रखी गई हैं। यह संस्थान हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित होगा, जहां आधुनिक शिक्षण सुविधाएं, खेल संसाधन और समग्र विकास के लिए वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। कुल मिलाकर, यह पहल प्रशासनिक शिक्षा के क्षेत्र में एक वैकल्पिक मॉडल के रूप में प्रस्तुत की गई है, जिसका फोकस अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक, आध्यात्मिक और शारीरिक विकास पर भी रहेगा।

## भोपाल में टैक्स लॉ बार एसोसिएशन का एक दिवसीय सेमिनार

# टैक्स सलाहकार करते हैं सरकार और करदाताओं के बीच सेतु का कार्यः विश्वास

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जीएसटी और आयकर से जुड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में इंदौर से आए सीए पंकज शाह और अमृतसर से सीए आंचल कपूर ने कर प्रणाली, जीएसटी अनुपालन और आयकर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कर किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं और करदाता उसकी धुरी होते हैं। उन्होंने कहा कि कर सलाहकार सरकार और करदाताओं के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि कर सलाहकारों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा करदाताओं को जागरूक करने के लिए ऐसे सेमिनार आवश्यक हैं।


सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग को सम्मानित करते

### सम्मान समारोह और भागीदारी

इस अवसर पर विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक और कर संगठनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष मनोज पारेख, सचिव धीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अध्यक्ष दीपेश भंडारी, सह सचिव संदीप चौहान और पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य सहित बड़ी संख्या में कर सलाहकार और चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया और कर प्रणाली से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। यह सेमिनार कर जागरूकता और पेशेवर ज्ञान के आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना गया।

# पोलियो से संघर्ष के बावजूद बड़ी सफलता अर्जित सावन ने जेईई एडवांस्ड में हासिल की शानदार रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा/समस्तीपुर

बिहार के समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर गांव के रहने वाले दिव्यांग छात्र सावन कुमार ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



दो वर्ष की उम्र में पोलियो से प्रभावित होने के बाद भी सावन ने अपनी मेहनत और लगन से जेईई एडवांस्ड परीक्षा में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। सावन ने जेईई एडवांस्ड में एआईआर 17532, जबकि पीडब्ल्यूडी श्रेणी में एआईआर 22 और ओबीसी एनसीएल पीडब्ल्यूडी में रैंक 9 हासिल की है। इससे पहले उन्होंने जेईई मेन में 99.14 पर्सेंटाइल स्कोर किया था।

### कोटा में तैयारी और स्कॉलरशिप

सावन ने अपनी तैयारी कोटा स्थित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से की। संस्थान ने उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 80 फीसदी फीस स्कॉलरशिप भी प्रदान की। सावन को मात्र दो वर्ष की उम्र में पोलियो हो गया था, जिससे उनके दोनों पैरों में लगभग 70 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता हो गई। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।वे एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता बंटाई पर खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने उनकी शिक्षा में पूरा सहयोग दिया।सावन ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई गांव के स्कूल से की, जिसके बाद वे सिमुलतला आवासीय विद्यालय में पढ़े, जहां उन्होंने कक्षा 6 से 10 तक निशुल्क शिक्षा प्राप्त की। 10वीं कक्षा में उन्होंने बिहार बोर्ड की मेरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया।

### हर प्रतिभा के साथ है एलन

एलन के निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन हमेशा प्रतिभाशाली और जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद के लिए तत्पर रहता है। सावन की लगन और उसकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को लिए सीख और प्रेरणा है। हमें हालातों से नहीं घबराते हुए सिर्फ आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने के बारे में सोचना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### स्पाइरो ने अनंत बडज़ात्या को बनाया ग्रुप सीईओ

**पुणे।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी स्पाइरो ने इंडोफास्ट एनर्जी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनंत बडज़ात्या को अपना नया ग्रुप सीईओ नियुक्त किया है। कंपनी ने इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि बडज़ात्या के नेतृत्व में स्पाइरो अफ्रीका में स्वच्छ और सुलभ इलेक्ट्रिक परिवहन के विस्तार को नई गति देगा। । इससे पहले वह इंडोफास्ट एनर्जी के सीईओ थे।



### इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू

**नई दिल्ली।** इनफिनिक्स मोबिलिटी ने अपने हाल ही में लांच किए गए इनफिनिक्स स्मार्ट 20 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह स्मार्टफोन 12 जून 2026 से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। इसकी शुरुआती प्रभावी कीमत 11,999 रुपए रखी गई है। मजबूती के लिहाज से स्मार्ट 20 में आईपी64 डस्ट और वॉटर रेजिस्टेंस, 25,000 से अधिक ड्रॉप टेस्ट और 1.5 मीटर ड्रॉप प्रोटेक्शन जैसी सुविधाएं दी गई हैं।



### यूनिवो ने गोलानी को बनाया नया सीईओ

**नई दिल्ली।** यूनिवो एजुकेशन ने नितिन गोलानी को कंपनी का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि नितिन गोलानी यूनिवो के विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे । नितिन गोलानी ने कहा कि उच्च शिक्षा का क्षेत्र तकनीक, सुलभता और युवाओं की बदलती अपेक्षाओं के कारण तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।



### सैमसंग ने पेश किया टीवी पर आकर्षक ऑफर्स

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने फुटबॉल प्रेमियों के लिए 'बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स' अभियान शुरू किया है। इस विशेष अभियान के तहत कंपनी अपने विजन एआई बिग टीवी पर आकर्षक ऑफर्स दे रही है, ताकि दर्शक घर बैठे स्टेडियम जैसा रोमांचक मैच देखने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कंपनी के अनुसार 2026 की विजन एआई टीवी सीरीज में मौजूद एआई सॉकर मोड फुटबॉल मैचों को और अधिक जीवंत बनाता है।



### एलजी ने पेश किया 'जीरो लेबर होम' का विजन

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भविष्य के स्मार्ट घरों को लेकर अपना नया 'एआई होम' विजन पेश किया है। कंपनी का लक्ष्य ऐसे 'जीरो लेबर होम' विकसित करना है, जहां अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्मार्ट तकनीकें घर के दैनिक कार्यों को स्वतः संचालित कर लोगों का जीवन अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बना सकें। कंपनी के अनुसार भविष्य का स्मार्ट होम केवल विभिन्न उपकरणों को आपस में जोड़ने तक सीमित नहीं रहेगा।

### अमेजन पर दोपहिया वाहनों की बिक्री दोगुनी

**बेंगलुरु।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजनपर दोपहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने बताया कि उसके टू-व्हीलर स्टोर ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर दो गुना वृद्धि हासिल की है, जिसमें टियर-2 और टियर-3 शहरों के ग्राहकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कंपनी के अनुसार अमेजन वर्तमान में इलेक्ट्रिक, प्रीमियम और कम्यूटर सेगमेंट में 20 से अधिक प्रमुख ब्रांडों के दोपहिया वाहन उपलब्ध करा रहा है। इनमें ट्रायम्फ, केटीएम, रॉयल एनफील्ड, बजाज ऑटो, एथर एनर्जी जैसे लोकप्रिय ब्रांड शामिल हैं।

# मप्र में निवेशकों को जागरुक करेगी केनरा रोबेको की 'निवेश बस यात्रा'

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने और लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक बनाने के लिए 'निवेश बस यात्रा' शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत निवेशक शिक्षा बस राज्य के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी और लोगों को निवेश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराएगी।

यह यात्रा इंदौर से शुरू होकर उज्जैन, देवास, भोपाल, जबलपुर होते हुए ग्वालियर में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को म्यूचुअल फंड, निवेश योजनाओं और दीर्घकालिक वित्तीय योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरुला ने कहा कि बदलते वित्तीय परिदृश्य में निवेश संबंधी ज्ञान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक जागरूक निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर वित्तीय निर्णय लेता है, बल्कि मजबूत वित्तीय व्यवस्था के निर्माण में भी योगदान देता है। उन्होंने बताया कि निवेश बस यात्रा का उद्देश्य वित्तीय शिक्षा को सीधे लोगों तक पहुंचाना और निवेश से जुड़े मिथकों को दूर करना है। वहीं, कंपनी के सेल्स एवं मार्केटिंग प्रमुख गौरव गोयल ने कहा कि यह पहल निवेशकों को व्यावहारिक और सरल तरीके से वित्तीय ज्ञान उपलब्ध कराने का प्रयास है।



## उपलब्धि ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम

# नाबार्ड के सहयोग से मध्यप्रदेश के चार पारंपरिक उत्पादों को मिला जीआई टैग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड) के सहयोग से मध्यप्रदेश के चार विशिष्ट पारंपरिक उत्पादों को हाल ही में भौगोलिक संकेतक (जीआई ) टैग प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि राज्य की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। जिन उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किया गया है, उनमें खजुराहो धातु शिल्प (जिला छतरपुर), मालवा पेंटिंग (मालवा क्षेत्र, जिला धार), सारंगपुर हैंडलूम साड़ी और कपड़े (जिला राजगढ़) और भोपाली बटुआ और ज़री शिल्प(भोपाल) शामिल हैं। नाबार्ड ने इन उत्पादों के जीआई पंजीकरण की प्रक्रिया में वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और शिल्पकार समूहों तथा संबंधित संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक उत्पादों की विशिष्ट पहचान को संरक्षित करना और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इन जीआई पंजीकरणों की सफलता विभिन्न हितधारकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इस प्रक्रिया में एमएस एमई विभाग, मध्य प्रदेश का सहयोग तथा "जीआई मैन ऑफ इंडिया" के नाम से प्रसिद्ध रजनीकांत का तकनीकी मार्गदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।ये सभी उत्पाद मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और शिल्प कौशल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### उत्पादों की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी

खजुराहो का धातु शिल्प अपनी बारीक कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है, जबकि मालवा पेंटिंग क्षेत्रीय कला शैली की अनूठी पहचान है। सारंगपुर की हैंडलूम साड़ियां अपनी पारंपरिक बुनाई के लिए जानी जाती हैं और भोपाली बटुआ एवं जरी क्राफ्ट अपनी उत्कृष्ट हस्तकला के कारण विशेष पहचान रखते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार जीआई टैग मिलने से इन उत्पादों की ब्रांड वैल्यू बढ़ेगी, नकली उत्पादों पर नियंत्रण लगेगा और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उनकी मांग को नया विस्तार मिलेगा। इससे स्थानीय शिल्पकारों, बुनकरों और विशेष रूप से महिला कारीगरों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर सृजित होंगे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिखाई धानुका एग्रीटेक ऑडियो वैन को हरी झंडी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धानुका एग्रीटेक की पांच किसान जागरूकता ऑडियो वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैनें मध्य प्रदेश के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किसानों को नकली कीटनाशकों और कृषि उत्पादों की पहचान करने तथा उन्नत खेती के तरीकों के बारे में जागरूक करेंगी।

धानुका एग्रीटेक की इन किसान जागरूकता ऑडियो वैनों का उद्देश्य राज्य के किसानों को सशक्त बनाना है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. आर.जी. अग्रवाल के अनुसार किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए यह अभियान बेहद लाभदायक साबित होगा। ये विशेष ऑडियो वैन आगामी एक माह तक मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जाकर किसानों को असली और नकली कृषि उत्पादों के बीच का फर्क बताएंगी। किसानों को नकली कीटनाशकों व दवाओं के दुष्प्रभाव के प्रति सचेत किया जाएगा, जिससे उनकी फसलों और आर्थिक नुकसान को बचाया जा सके। किसानों को खेती की नई तकनीकों और असली उत्पादों के सही उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस डॉ. आरजी अग्रवाल ने कहा कि नकली कृषि उत्पाद किसानों, फसलों और कृषि क्षेत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुके हैं।



## बिजनेस न्यूज

### भाभा यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वर्कशॉप

**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के फार्मेसी विभाग द्वारा छात्रों के कम्युनिकेशन, इंटरव्यू स्किल्स और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया।यह वर्कशॉप स्किल डेवलपमेंट ट्रेनर योगिता यश रावत के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को प्रोफेशनल जीवन के लिए आवश्यक संचार कौशल और आत्मविश्वास विकसित करने पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र ने छात्रों में आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर परप्रसाद पिल्लई, वाइस चांसलर दिलीप कुमार डे, प्रो वाइस चांसलर भारती सातनकर और रेकी श्याम पाटकर ने छात्रों को उनके प्रदर्शन और भागीदारी के लिए बधाई दी।



### विद्यार्थियों को अभिलेखागार का भ्रमण भी कराया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश अभिलेखागार, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस एवं अभिलेख सप्ताह 2026 का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह सात दिवसीय आयोजन अभिलेखीय धरोहर, पांडुलिपियों एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त संचालक मनीषा शर्मा की उपस्थिति में किया गया।



### होंडा की नई सीबी750 हॉर्नेट लांच

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडियाने भारतीय प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए 2026 मॉडल सीबी750 हॉर्नेट ई-क्लच और एक्सएल 750 ट्रांसलैप ई-क्लच लांच कर दी हैं। नई मोटरसाइकिलों की बुकिंग देशभर में होंडा की टॉपलाइन और बिगविंग डीलरशिप्स पर शुरू हो गई है। कंपनी नेसीबी 750 हॉर्नेट ई-क्लच की कीमत 10.49 लाख रुपए और एक्सएल 750 ट्रांसलैप ई-क्लच की कीमत 13.20 लाख रुपए निर्धारित की है।

## दीपक एडवरटाइजिंग 'बिग इंपैक्ट अवॉर्ड'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

प्रतिष्ठित रेडियो ब्रॉडकास्टर बिग एफएमएम ने मध्य भारत की नंबर 1 एडवरटाइजिंग एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को वर्ष 2025 –26 के लिए बिग इंपैक्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया। कंपनी के पिछले वर्ष में व्यापार में योगदान और बाज़ार पर उनके प्रभाव को मान्यता देने के लिए दिया गया है। पुरस्कार दीपक एडवरटाइजिंग की मार्केटिंग टीम के सदस्यों सचिन उपाध्याय और दीपक जैन ने लिया। पुरस्कार प्रदान करने के लिए समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं मॉडल मुग्धा गोड़से मौजूद रहीं, दीपक एडवरटाइजिंग के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक जेठा ने कहा कि यह पुरस्कार बेहतर सेवाएं व नवाचार प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा।



# टाटा मोटर्स 1 जुलाई से बढ़ाएगी कारों और एसयूवी की कीमतें, 1.5%तक होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि वह 1 जुलाई 2026 से अपने पैसेंजर वाहन पोर्टफोलियो की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। यह वृद्धि कंपनी की इंटरनल कंबशन इंजन और इलेक्ट्रिक वाहन दोनों श्रेणियों पर लागू होगी। कंपनी के अनुसार, वाहनों की कीमतों में अधिकतम 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की जाएगी। यह फैसला बढ़ती इनपुट लागत और लगातार बढ़ रही महंगाई के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए लिया गया है। टाटा मोटर्स ने कहा कि लागत वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा कंपनी स्वयं वहन कर रही है, लेकिन बढ़ते खर्चों के दबाव को देखते हुए उसका कुछ हिस्सा ग्राहकों तक पहुंचाना आवश्यक हो गया है। हालांकि, कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि कीमतों में बढ़ोतरी विभिन्न मॉडलों और वैरिएंट्स के अनुसार अलग-अलग होगी। ऑटोमोबाइल उद्योग में कच्चे माल, विनिर्माण और लॉजिस्टिक्स लागत में लगातार बढ़ोतरी के बीच यह कदम उद्योग के व्यापक रुझान का हिस्सा माना जा रहा है।

## बड़ी वैश्विक टेक कंपनियों के समूह में शामिल हो गई

# ग्लोबल पेटेंट रैंकिंग में टॉप-20 में पहुंची जियो, बनी अकेली भारतीय टेक कंपनी

**जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टेक्नोलॉजी इकाई है**

एजेंसी ▶▶ मुंबई



जियो प्लेटफॉर्म्स ने वैश्विक पेटेंट रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन यानी डब्ल्यूआईपीओ की ताजा पेटेंट कोऑपरेशन ट्रीटी यानी पीसीटी रैंकिंग में जियो प्लेटफॉर्म्स ग्लोबल टॉप-20 में पहुंच गई है। कंपनी 2025 की सूची में 320 पायदान चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंची है। जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की टेक्नोलॉजी इकाई है। नई रैंकिंग के साथ जियो ग्लोबल टॉप-20 में जगह बनाने वाली अकेली भारतीय टेक इनोवेटर बन गई है। कंपनी अब हुआवेई, सैमसंग, क्वालकॉम, एलजी, पैनासोनिक, नोकिया, गूगल, एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी वैश्विक टेक कंपनियों के समूह में शामिल हो गई है।

जियो की पेटेंट फाइलिंग अगली पीढ़ी की डिजिटल तकनीकों पर केंद्रित है। इनमें 5जी, 5जी एडवांस्ड, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई-नेटिव नेटवर्क, क्लाउड-नेटिव प्लेटफॉर्म, इंटेलिजेंट ऑटोमेशन, रेडियो एक्सेस, कोर नेटवर्क सॉफ्टवेयर, एज इंटेलिजेंस, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस, नेटवर्क स्लाइसिंग और डिजिटल सर्विसेज इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस उपलब्धि पर जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश एम अंबानी ने कहाकि डब्ल्यूआईपीओ पीसीटी रैंकिंग में जियो प्लेटफॉर्म्स का ग्लोबल टॉप-20 में आना हमारी डीप-टेक कंपनी बनने की दिशा में कई वर्षों की मेहनत को दिखाता है। यह जियो में कई उन्नत तकनीकों पर हो रहे शानदार इनोवेशन का सबूत है, जो आने वाले वर्षों में और बढ़ेगा। आकाश अंबानी ने आगे कहा कि वे इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को समर्पित करते हैं। 31 मार्च 2026 तक जियो प्लेटफॉर्म्स ने कुल 6,817 पेटेंट फाइल किए हैं। इनमें 2,393 पेटेंट भारत में और 4,424 पेटेंट विदेशी बाजारों में फाइल किए गए हैं। कंपनी के 1,009 पेटेंट अब तक वैश्विक स्तर पर मंजूर हो चुके हैं, जिनमें 538 भारत में और 471 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मिले हैं।

## चिंतन

# दुनिया को समाधान देने की ओर बढ़ रहा भारत

आज दुनिया के सामने कई बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। खाड़ी संकट ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। जलवायु परिवर्तन का संकट गहरा रहा है, एआई नई संभावनाओं के साथ नई चिंताएं भी पैदा कर रहा है, ऊर्जा सुरक्षा एक बड़ा प्रश्न बनी हुई है और तकनीकी प्रतिस्पर्धा वैश्विक राजनीति की दिशा तय कर रही है। ऐसे दौर में केवल वही देश प्रभावशाली भूमिका निभा पाएंगे, जो समस्याओं की पहचान ही नहीं, बल्कि उनके समाधान भी पेश कर सकें। फ्रांस में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल वैश्विक परिवर्तनों का दर्शक नहीं बना रहना चाहता, बल्कि उन्हें दिशा देने की तैयारी कर रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का यह कहना कि भारत नवाचार का देश है और दुनिया भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करना चाहती है, कोई साधारण टिप्पणी नहीं है। यह उस बदलती वैश्विक धारणा का प्रतिबिंब है, जिसमें भारत को अब केवल एक बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान, तकनीक और नवाचार के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि समाधान देने वाला देश भी बन रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जिस तेजी से तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में प्रगति की है, उसने दुनिया का ध्यान खींचा है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, आधार आधारित सेवाएं, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कम लागत वाले तकनीकी समाधान आज कई देशों के लिए अध्ययन का विषय हैं। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया के सबसे बड़े स्टार्टअप नेटवर्क में शामिल हो चुका है। दो लाख से अधिक स्टार्टअप केवल रोजगार सृजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, अंतरिक्ष और कृत्रिम मेधा जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं भी विकसित कर रहे हैं। भारत और फ्रांस के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसी परिवर्तन का हिस्सा है। दोनों देशों के संबंध अब केवल रक्षा सौदों या कूटनीतिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कृत्रिम मेधा, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष विज्ञान, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में सहयोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया जा रहा है। यही कारण है कि 'भारत इनोवेट्स' जैसे मंचों को केवल एक कार्यक्रम के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इन्हें भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा के प्रतीक के रूप में समझा जाना चाहिए। हालांकि तस्वीर का दूसरा पक्ष भी उतना ही अहम है। नवाचार की वास्तविक ताकत केवल स्टार्टअप्स की संख्या से नहीं मापी जाती, बल्कि उससे पैदा होने वाले प्रभाव से तय होती है। भारत को अनुसंधान एवं विकास पर खर्च बढ़ाना होगा। युवाओं को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि समाधान विकसित करने वाला बनाने की दिशा में शिक्षा व्यवस्था को भी बदलना होगा। यह भी सच है कि आज दुनिया ऐसे देशों की तलाश में है जो प्रतिस्पर्धा के बजाय सहयोग का रास्ता दिखा सकें। यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से लेकर डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना तक, भारत के मॉडल को दुनिया गंभीरता से देख रही है। भारत के पास यह अवसर है कि वह विकासशील देशों की आवाज बनने के साथ-साथ तकनीकी समाधान का नेतृत्व भी करे। 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत उसकी सैन्य क्षमता या आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि दुनिया को दिए गए समाधानों से तय होगी। भारत उसी दिशा में आत्मविश्वास के साथ कदम बढ़ा चुका है।



सतर्कता
सतीश सिंह

# लापरवाही से बढ़ती धोखाधड़ी की वारदातें

भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46.4 प्रतिशत अधिक है।

> भारत में बैंकिंग और डिजिटल भुगतान व्यवस्था जितनी तेज़ी से विस्तृत हुई है, उतनी ही तेज़ी से धोखाधड़ी के तौर-तरीके भी बदलते गए हैं। पहले धोखाधड़ी का बड़ा हिस्सा कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े छोटे-छोटे मामलों में दिखाई देता था। अब तस्वीर बदल रही है। धोखाधड़ी के मामलों की संख्या घट रही है, लेकिन उनमें शामिल रकम तेजी से बढ़ रही है। यह संकेत केवल बैंकिंग तंत्र के लिए नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था और वित्तीय सुरक्षा के लिए गंभीर चेतावनी है। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में बैंकों ने 48,021 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज की। यह रकम एक वर्ष पहले के 32,803 करोड़ रुपये की तुलना में 46 .4 प्रतिशत अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 11,013 करोड़ रुपये की तुलना में यह चार गुना से भी ज्यादा है। दूसरी ओर, धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में बड़ी गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2025-26 में 10,114 मामले दर्ज हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 23,722 थी। यानी मामलों की संख्या लगभग 57 प्रतिशत घटी। वित्त वर्ष 2023-24 के 35,800 मामलों की तुलना में यह गिरावट करीब 72 प्रतिशत है। आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकिंग व्यवस्था में धोखाधड़ी की प्रकृति बदल रही है। अब छोटे और बिखरे हुए डिजिटल फ्रॉड की तुलना में बड़े कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामले अधिक गंभीर चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता कर्ज और एडवांस से जुड़े मामलों को लेकर है। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल धोखाधड़ी राशि में इनकी हिस्सेदारी 85.5 प्रतिशत रही। कर्ज और एडवांस से जुड़े धोखाधड़ी मामलों की रकम बढ़कर 40,774 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की तुलना में 34 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 357 प्रतिशत अधिक है। ऐसे मामलों की संख्या भी बढ़कर 8,640 हो गई, जो पिछले वर्ष 7,924 थी। यह स्थिति बताती है कि बैंकिंग प्रणाली के भीतर ऋण स्वीकृति, निगरानी, मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन से जुड़े तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। सरकारी बैंकों पर इसका सबसे अधिक असर देखने को मिल रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकारी बैंकों को धोखाधड़ी के कारण 35,709 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जो पिछले वर्ष के 23,617 करोड़ रुपये की तुलना में 51 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी बढ़कर 74.5 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सरकारी बैंकों में दर्ज मामलों की संख्या घटकर 5,418 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,916 थी। यह स्थिति बताती है कि सरकारी बैंकों में धोखाधड़ी के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जो मामले सामने आ रहे हैं, वे अधिक बड़े और गंभीर हैं। निजी बैंक भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। निजी बैंकों में धोखाधड़ी की रकम बढ़कर 11,399 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष के 8,927 करोड़ रुपये से 27.7 प्रतिशत अधिक है। कुल धोखाधड़ी राशि में निजी बैंकों की हिस्सेदारी 23.7 प्रतिशत रही, जबकि कुल मामलों में उनका हिस्सा 39.1 प्रतिशत था। इसका अर्थ है कि निजी बैंकों में मामलों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है, लेकिन राशि के लिहाज से सरकारी बैंकों पर दबाव कहीं अधिक गंभीर है। इसके उलट, डिजिटल भुगतान से जुड़े



धोखाधड़ी मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान से जुड़े मामलों की संख्या घटकर 293 रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 13,332 थी और वित्त वर्ष 2023-24 में 28,836 थी। इन मामलों में शामिल रकम भी घटकर 29 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वर्ष यह 517 करोड़ रुपये थी। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था में तकनीकी सुरक्षा, शिकायत निवारण, निगरानी और जन-जागरूकता के स्तर पर सुधार हुआ है। मगर इसका अर्थ यह नहीं कि आम नागरिकों के लिए खतरा समाप्त हो गया है। यूपीआई ने भारत में भुगतान व्यवस्था को आम आदमी तक पहुंचाया है। यह सुविधा जितनी उपयोगी है, उतनी ही सावधानी भी मांगती है। वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई धोखाधड़ी के 13.42 लाख मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें कुल 1,087 करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई।

हाल के रुझानों में इन मामलों में कमी जरूर आई है, लेकिन यूपीआई से जुड़े खतरे पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। अधिकांश मामलों में ठग अज्ञात लिंक या क्यूआर कोड भेजते हैं, ओटीपी या पिन मांगते हैं या किसी लाभ, इनाम, कैशबैक अथवा आपात स्थिति का झांसा देकर खाते खाली कर देते हैं। साइबर ठगी की दुनिया में 'डिजिटल अरेस्ट' सबसे भयावह रूप में सामने आया है। इसमें ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम या किसी अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताते हैं। वे वीडियो कॉल पर पीड़ित को डराते हैं कि उसका नाम मनी लॉनड्रिंग, ड्रग्स तस्करी, हवाला या किसी आपराधिक मामले से जुड़ गया है। इसके बाद उसे 'डिजिटल निगरानी' या 'वर्चुअल गिरफ्तारी' के नाम पर कमरे में बंद रहने, किसी से बात न करने और पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई लोग भय, सामाजिक बदनामी और कानूनी कार्रवाई के डर से लाखों-करोड़ों रुपये गंवा बैठते हैं। डिजिटल अरेस्ट का मनोविज्ञान बेहद खतरनाक है। ठग तकनीक से ज्यादा डर और भ्रम का इस्तेमाल करते हैं। वे सरकारी प्रतीकों, नकली पहचान पत्रों, वीडियो कॉल, अदालत या जांच एजेंसी जैसे शब्दों और धमकी भरे लहजे से पीड़ित को मानसिक रूप से अस्थिर कर देते हैं। धोखाधड़ी से बचने का पहला उपाय है-लालच और लापरवाही से बचना। किसी भी अनजान कॉल, लिंक, क्यूआर कोड, निवेश प्रस्ताव, लॉटरी, कैशबैक, नौकरी, कर्ज या सरकारी योजना के नाम पर मिले संदेश पर तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए। कोई भी बैंक, सरकारी एजेंसी, पुलिस या रिजर्व बैंक कभी फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड, कार्ड नंबर, सीवीवी या नेट बैंकिंग विवरण नहीं मांगता। किसी भी लिंक पर क्लिक करने, स्क्रीन शेयर करने, ऐप डाउनलोड करने या खाते से पैसे भेजने से पहले उसकी प्रामाणिकता जांचना जरूरी है।

दूसरा उपाय है-समय पर शिकायत करना। डिजिटल धोखाधड़ी होने पर घबराने या चुप रहने के बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। संबंधित बैंक, यूपीआई ऐप या वॉलेट सेवा प्रदाता को भी तुरंत सूचना देनी चाहिए। बैंकिंग और डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत की बड़ी शक्ति हैं। लेकिन यह शक्ति तभी सुरक्षित रह सकती है, जब भरोसे के साथ सावधानी भी जुड़ी रहे। धोखाधड़ी से बचाव का सबसे सरल मंत्र यही है-लालच से दूरी, लापरवाही से सावधानी और हर संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत। यही सतर्कता आम नागरिक की मेहनत की कमाई, बैंकिंग व्यवस्था की विश्वसनीयता और देश की वित्तीय सुरक्षा- तीनों की रक्षा कर सकती है।

(लेखक आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी दुनिया

डॉ. मोनिका शर्मा




# हमारी बेटियों की सशक्त कदमताल

हाल ही में समानता और सशक्तिकरण के पथ पर कदमताल करती बेटियों और भारतीय सेना के लिए एक और विशेष दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ। ध्यातव्य है कि देश में पहली बार नेशनल डिफेंस एकेडमी के पहले महिला बैच की चौदह बेटियां एक साल का कठिन प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना और वायुसेना में अफसर बनी हैं। देहरादून और हैदराबाद दोनों जगहों को मिलाकर कुल 746 कैडेट्स भारतीय सेना का हिस्सा बने हैं। इनमें देहरादून की इंडियन मिलिट्री एकेडमी और हैदराबाद की डुंडीगुल एयर फोर्स एकेडमी में आयोजित एनडीए पासिंग आउट परेड-2026 के बाद 14 बेटियों को भी सेना में कमीशन मिला है। ज्ञात हो कि चार साल पहले उच्चत्तम न्यायालय के आदेश के बाद ही महिलाओं के लिए नेशनल डिफेंस एकेडमी में जाने के रास्ते खुले थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अगस्त 2022 में एनडीए में महिला कैडेट्स के पहले बैच को प्रवेश मिला। 3 साल के बेहद कड़े प्रशिक्षण के बाद पिछले साल मई महीने में 18 महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुईं। इन्हीं में से 9 महिला कैडेट्स ने इंडियन आर्मी में ज्वाइन करने का फैसला लिया और देहरादून के इंडियन मिलिट्री अकादमी में करीब 1 साल की कड़ी ट्रेनिंग ली थी। वहीं हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी से 5 महिला कैडेट्स ने कमीशन प्राप्त किया है। यह पहला अवसर है जब महिला कैडेट्स ने सीधे स्थायी कमीशन प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि पहले महिलाओं को केवल 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' के जरिए ही सेना में प्रवेश मिलता था। ऐसे में यह केवल नेशनल डिफेंस एकेडमी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। विचारणीय है कि लैंगिक समानता और सामाजिक बदलाव लाने से लेकर रोजगार के मोर्चे तक, यह महिलाओं के लिए नई आशाओं और हौसले को जगाने वाली बात है। साथ ही यह बेटियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलने का परिवेश बनाने से जुड़ा बदलाव भी है। भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड के 94 साल के इतिहास में पहली बार 9 महिला कैडेट्स ने पुरुष कैडेटों के साथ 'अंतिम पग' पार कर भारतीय सेना में सैन्य अधिकारी बनना हर मोर्चे पर महिलाओं की सबलता का परिचायक है। हालांकि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना में महिलाओं की पहले से ही भागीदारी है, पर भारतीय सैन्य अकादमी के एक लंबे सैन्य इतिहास में पुशु कैडेट्स संग साझी कदमताल का यह पल थोड़ा विशेष है। कुछ समय पहले भारतीय नौसेना ने भी पहली बार महिला नाविकों को सेवा में शामिल किया था। सुखद है कि हालिया बरसों में गणतन्त्र दिवस की परेड को कमांड करने से लेकर मुश्किल मिलिट्री ऑपरेशन्स तक, बेटियां अब आर्म्ड फोर्सेस में अहम भूमिका में दिखने लगी हैं। इतना ही नहीं, सेना की तीनों ही यूनिट्स में स्त्री शक्ति का खुले मन से स्वागत भी किया जा रहा है। अपनी योग्यता और क्षमता के बल पर महिलाएं सैन्य संसार में लीडिंग रोल में आ रही हैं। पिछले कुछ बरसों में सैन्य बलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से जुड़े अहम बदलाव भी हुए हैं।इन्हीं बदलावों के अंतर्गत सरकार ने सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने को मंजूरी दी थी। यूनियन डिफेंस मिनीस्ट्री से मिली ऑफिशियल मंजूरी के बाद भारतीय सेना के सभी दस हिस्सों में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन मिला है। इन डिपार्टमेंट्स में आर्मी एयर डिफेंस, सिग्नल्स, इंजीनियर्स, आर्मी एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्मी सर्विस कॉर्प्स और इंटेलिजेंस कॉर्प्स आदि शामिल हैं। यह सैन्य बलों में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी की ही बानगी है कि कर्तव्य पथ पर महिला दस्ते की अगुआई में परेड होना भी एक अहम शुरुआत रही। 72वें रिपब्लिक डे के अवसर पर पहली बार थल सेना, नौसेना और वायु सेना के महिला सैन्य दल भी परेड में शामिल हुए थे। दरअसल, वर्ष 1992 तक महिलाओं को केवल सशस्त्र सेना मेडिकल कोर में शामिल किया जाता था। नौसेना में भी महिलाओं को कुछ चुनी हुई शाखाओं में अल्पकालिक कमीशन अफ़सर के रूप में भर्ती किया जाता था। यहां तक कि लड़कियों के लिए सैनिक स्कूलों में पढ़ने के रास्ते भी हाल ही में खुले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में देश के सभी सैनिक स्कूलों में छात्राओं के नामांकन को खोलने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। यही वजह है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कहा कि 9 महिला ऑफिसर कैडेट्स के पास आउट होने का मतलब है कि भारत में महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही हक दिया जाता है और महिलाएं भी पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर इस देश की तरक्की और इस देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभा रही है ।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## झूठे आरोप का सामना बुद्धिमानी व धैर्य के साथ करें



संकलित
**प्रेरणा**

उस समय द्वारका में सत्राजित नाम का व्यक्ति था, वह सूर्य भक्त था। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर सूर्य देव ने उसे स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। इस मणि की खास बात ये थी कि ये हर रोज बीस तोला सोना देती थी। मणि की वजह से सत्राजित बहुत धनवान हो गया था। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में दे देंगे तो राज व्यवस्था के लिए हमें भी थोड़ा धन मिल जाएगा। श्रीकृष्ण की बात सुनकर सत्राजित ने मणि देने से मना कर दिया। सत्राजित की ना सुनकर श्रीकृष्ण वहां से अपने महल लौट आए। सत्राजित का एक भाई था प्रसेनजित। प्रसेनजित ने अपने भाई को बिना बताए उसकी स्यमंतक मणि ले ली और जंगल में शिकार खेलने चला गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। प्रसेनजित के पास से स्यमंतक मणि वहीं गिर गई। इधर सत्राजित को अपना भाई और मणि दिखाई नहीं दी तो उसने पूरी द्वारका में ये खबर फैला दी कि कृष्ण ने मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई प्रसेनजित की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण ने विचार किया कि इस कलंक को मिटाना होगा। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पंजों के निशान दिखाई दिए। श्रीकृष्ण मणि खोजने लगे। वहीं पास में एक गुफा के बाहर कुछ बच्चे मणि से खेल रहे थे, श्रीकृष्ण ने मणि देख ली। उस गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण गुफा में पहुंचे। गुफा में श्रीकृष्ण और जामवंत का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीते तो जामवंत ने अपनी पुत्री जामवती का विवाह श्रीकृष्ण से कर दिया और स्यमंतक मणि भी दे दी।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास


भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पांच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।

*- डा. प्रशांत शुक्ला, बहल (भिवानी)*

## करंट अफेयर

# केरल में आज से महिलाओं के लिए मुफ्त बस योजना


**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की सामान्य बसों में महिलाओं एवं उभयलिंगियों के लिए मुफ्त यात्रा योजना 'प्रियदर्शिनी' शुरू करने जा रही है। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) द्वारा घोषित पांच 'इंदिरा गारंटियों' में शामिल यह योजना शुरुआती तौर पर 15 जून से राज्य में सभी सामान्य केएसआरटीसी सेवाओं में उपलब्ध होगी। पहले चरण के तहत किसी भी उम्र की महिलाएं और उभयलिंगी इस मुफ्त यात्रा के पात्र होंगे, भले ही उनकी आय, सामाजिक दर्जा आदि कुछ भी क्यों न हो। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इसके लिए किसी पूर्व पंजीकरण, दस्तावेज़ या आवेदन प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होगी। यात्रियों को यात्रा के दौरान केवल परिचालकों से इलेक्ट्रॉनिक टिकट मशीन (ईटीएम) के माध्यम से शून्य मूल्य का 'प्रियदर्शिनी' टिकट लेना होगा। उन्होंने बताया कि यह टिकट प्रणाली डिजिटल रूप से हर यात्रा को रिकॉर्ड करेगी, जिससे केएसआरटीसी को खर्चों की प्रतिपूर्ति और पारदर्शी लेखा-जोखा रखने में मदद मिलेगी।



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



## ट्रेंड

### हर संकल्प पूरा किया

प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ़ कहते नहीं हैं, बल्कि उसे करके भी दिखाते हैं। चाहे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है।
**- राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री



### विदेशी ताकतें

कमज़ोर प्रधानमंत्री के राज में, भारतीय होने का मतलब है पूरी तरह बर्बाद हो जाना। विदेशी ताकतें हमारे नागरिकों को मार देती हैं। हमारी सरकार एक आज्ञाकारी नौकर की तरह चुपचाप आदेश मानती है- और हमारे नागरिकों को मरने के लिए छोड़ दिया जाता है।
**-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस



### विकसित भारत की दिशा

गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेसवे, नामरूप फर्टिलाइज़र प्लांट और कामाख्या कॉरिडोर सिर्फ़ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं हैं। ये लाखों लोगों की उम्मीदों में निवेश और विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। **- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम



### बिहार की समृद्ध विरासत

नालंदा की बावन बूटी साड़ी और फ़ैब्रिक, गया की पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ़्ट और भोजपुर की पिड़िया पेंटिंग को ज्योग्राफ़िकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। इससे देश और दुनिया में बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का मान और बढ़ेगा।
**- नीतीश कुमार,** सांसद, राज्य सभा



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



# जनजातीय संग्रहालय में करमा नृत्य के साथ दिखी कछियाई नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार दोपहर 2 बजे से दयाराम राठुरिया एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा बैगा जनजातीय करमा नृत्य और हरिसिंह केवट एवं साथी, सिरोंज द्वारा कछियाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कछियाई नृत्य बुंदेलखंड का पारंपरिक लोकनृत्य और संगीत शैली है। यह मुख्य रूप से काछी समुदाय द्वारा मांगलिक अवसरों और त्योहारों पर किया जाता है, इसके मुख्य वाद्ययंत्र ढोलक, सारंगी और खंजरी होते हैं। गीतों में देवी-देवताओं की स्तुति (विशेषकर शिव-पार्वती) और आम जनजीवन से जुड़े प्रसंग शामिल होते हैं।

संभावना गतिविधि में बैगा जनजाति और सिरोंज के कछियाई नृत्य की प्रस्तुति



### बैगा जनजातीय करमा नृत्य

करमा नृत्य बैगा जनजाति का प्रमुख लोक नृत्य है। इस नृत्य में बैगा अपने कर्म को नृत्य-गीत के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं। इसी कारण इस नृत्य-गीत को करमा कहा जाता है। करमा नृत्य विजयदशमी से वर्षा के प्रारंभ होने तक चलता है। नृत्य में बैगा पुरुष बीच में खड़े होकर वाद्ययंत्र बजाते हैं और महिलाएं गोल घेरे बनाकर एक दूसरे के घूम-घूम कर गीत गाते हुए नृत्य करती हैं एवं हाथ में ठिसकी (वाद्ययंत्र) होता है। इस नृत्य में स्त्री एवं पुरुष दोनों समूह में भाग लेते हैं।

## अभ्युदय 2026 का समापन, विद्यार्थियों ने सीखे वित्तीय जगत के नए आयाम

# सीए की सांस्कृतिक संध्या में दिखा 'मिनी इंडिया' का रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दिवसीय राष्ट्रीय छात्र मेगा कॉन्फ्रेंस अभ्युदय 2026 का रविवार को आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के ऑडिटोरियम में समापन हुआ, साथ ही कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के बोर्ड ऑफ स्टडीज द्वारा किया गया था।

■ विशेषज्ञों ने दिए करियर और कौशल विकास के टिप्स

कॉन्फ्रेंस के दूसरे और अंतिम दिन देशभर से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वित्तीय जगत में हो रहे आधुनिक बदलावों, नई तकनीकों और व्यवहारिक कौशल की जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्रों को करियर निर्माण, समय प्रबंधन, पेशेवर दक्षता और बदलते आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप खुद को तैयार करने के सुझाव दिए।

वित्तीय जगत में आए बदलावों की ली जानकारी

### विद्यार्थियों ने किया ग्रुप डांस

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या आकर्षण का केंद्र रही। देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस किया साथ ही उन्होंने अरिजीत सिंह के गाने पर 'पर्फार्मेंस' दी। बॉलीवुड थीम पर आधारित खेलों और रोचक एंकरिंग ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने यह साबित किया कि वे केवल पढ़ाई और जटिल गणनाओं में ही नहीं, बल्कि कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों में भी समान रूप से प्रतिभाशाली हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, सीख और नई प्रेरणा के साथ हुआ।



### अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर मेहनत जरूरी: सीए श्रेयस



चार्टर्ड एकाउंटेंट श्रेयस धारकर ने विद्यार्थियों से कहा कि सीए बनने के लिए जीवन में अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर मेहनत बेहद जरूरी है।छात्रों को अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव लाने होंगे और पढ़ाई को प्राथमिकता देनी होगी।आधुनिक तकनीक का सही उपयोग पढ़ाई को आसान बना सकता है। छात्र नोट्स तैयार करने, और कठिन विषयों को सरल बनाने में चैटजीपीटी ,एआई टूल्स का उपयोग कर सकते हैं।

### देसाई ने दी इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड के बारे में जानकारी



चार्टर्ड एकाउंटेंट यज्ञेश देसाई ने छात्रों को इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसे हिंदी में भारतीय लेखा मानक कहा जाता है। यह नियमों और सिद्धांतों का एक ऐसा समूह है, जो कंपनियों को अपनी वित्तीय स्थिति की जानकारी देता है। उन्होंने बैलेंस शीट, लाभ-हानि खाता और अन्य वित्तीय विवरण तैयार करते समय इन मानकों का पालन करना आवश्यक होता है, जिससे निवेशकों, बैंकों और अन्य हितधारकों को कंपनी की वास्तविक आर्थिक स्थिति समझने में आसानी होती है।

### टाइम मैनेजमेंट और मानसिक एकाग्रता बेहद जरूरी:सीए नेहा



चार्टर्ड-एकाउंटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर नेहा दत्ता ने विद्यार्थियों को सीए परीक्षा के दौरान आने वाली सबसे बड़ी चुनौती 'हाऊ टू फेस सीए एग्जाम' विषय पर मार्गदर्शन किया। दत्ता ने कहा कि सफलता के लिए टाइम मैनेजमेंट, आर्टिकलशिप के साथ पढ़ाई का संतुलन और मानसिक एकाग्रता बेहद जरूरी है। अक्सर छात्र परीक्षा के दबाव को अपने ऊपर हावी कर लेते हैं, जिससे वे घबराहट के कारण सीखी हुई बातें भी भूल जाते हैं।

## नाबार्ड का रहा सहयोग

# भोपाली बटुआ समेत प्रदेश के 4 विशिष्ट उत्पादों को जीआई टैग



भोपाली बटुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


परंपरागत ज्ञान के संरक्षण एवं ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में मध्यप्रदेश के चार विशिष्ट उत्पादों को हाल ही में भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्रदान किया गया है। इस प्रक्रिया में नाबार्ड द्वारा सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नाबार्ड ने इस प्रक्रिया में वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन तथा शिल्पकार समूहों एवं संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



खजुराहो मेटल क्राफ्ट

### जिन उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुआ है, वे हैं:

- खजुराहो मेटल क्राफ्ट (जिला छतरपुर) (आवेदन संख्या:1363)
- मालवा पेंटिंग (मालवा क्षेत्र, जिला धार) (आवेदन संख्या:1364)
- सारंगपुर हैंडलूम साड़ी एवं फैब्रिक्स (जिला राजगढ़) (आवेदन संख्या:1366)
- भोपाली बटुआ एवं जरी क्राफ्ट (भोपाल) (आवेदन संख्या:1368)



मालवा पेंटिंग



सारंगपुर हैंडलूम साड़ी एवं फैब्रिक्स

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या और सम्मान समारोह




# बिजली कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा

उत्कृष्ट कार्मिक, उपभोक्ता, विजेता खिलाड़ी और रक्तदाता हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 24वें स्थापना दिवस पर न्यू मार्केट स्थित एपेक्स बैंक ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, उपभोक्ता सम्मान और पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जहां एक ओर बिजली कार्मिकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा, वहीं दूसरी ओर बिजली कंपनी के उत्कृष्ट कार्मिकों, सजग उपभोक्ताओं, खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं और सामाजिक सरोकार निभाने वाले रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। एमडी ऋषि गर्ग ने त्वरित उपभोक्ता सेवाएं और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के संकल्प को दोहराते हुए कंपनी की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक (पीडीटीसी) अनिल कुमार खत्री, मुख्य वित्तीय अधिकारी अखिलेश कुमार पांडे, मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र बी.बी.एस. परिहार, मुख्य महाप्रबंधक स्वाति सिंह, मनीषा मेश्राम आदि उपस्थित थे।



### उत्कृष्ट सेवा के लिए कार्मिकों का सम्मान

कंपनी द्वारा स्थापना दिवस पर कंपनी कार्यों के लिए समर्पित कार्मिकों को उनके असाधारण और उल्लेखनीय कार्यों के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्रबंध संचालक गर्ग ने ग्वालियर शहर वृत्त के सेंट्रल एचटी मेंटेनेंस सब डिवीजन में पदस्थ लाइन अटेंडेंट निहाल सिंह एवं भोपाल शहर वृत्त के एचटी मेंटेनेंस सब डिवीजन (साउथ) में पदस्थ लाइन हेल्पर अरुण गर्ग को सम्मानित किया गया।

### खेल प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित

स्थापना दिवस के अवसर पर 12 जून को आस्था परिसर में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रबंध संचालक ने मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

# डॉ. विजय चौधरी की किताब दफ्तरों में करेगी वित्त का काम आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

म.प्र. के शासकीय कार्यालयों में प्रतिदिन के कामकाज में शासन के कुछ ऐसे नियमों निर्देशों की आवश्यकता होती है, जिसके बिना सामान्यतः कार्य करना संभव नहीं हो पाता है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए सेवानिवृत्त अपर संचालक वित्त डॉ. विजय मोहन चौधरी ने एक किताब 'मध्य प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में वित्तीय प्रबंधनशिल खी है, जिसमें उन्होंने अपने लगभग 34 वर्ष की सेवा का अनुभव एवं विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दिक्कतों को अनुभव करते हुए ऐसा संकलन करने का प्रयास किया है, जिससे कार्यालय में काम करना आसान हो। प्रायः देखा गया है कि इन नियमों निर्देशों की सुलभ उपलब्धता न होने के कारण न चाहते हुए भी गलतियों की संभावना बनी रहती है, जिसका परिणाम वित्तीय अनियमितताएं एवं कुछ समस्याएं अन्य रूप में सामने आती रहती हैं। प्रस्तुत पुस्तक में जिन महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है वे हैं कार्यालय प्रमुख एवं आहरण संवितरण आधिकारी, बजट, वित्तीय अधिकार, क्रय प्रक्रिया, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, सामान्य भविष्य निधि, न्यू पेंशन स्कीम एवं यूनीफाइड पेंशन स्कीम । इनकी विवेचना सरल एवं आसान भाषा में करने का प्रयास किया गया है। प्रस्तुत पुस्तक में वित्तीय विषयक कार्य में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं वित्तीय प्रबंधन की गुणवत्ता को अधिक से अधिक प्रभावशाली बनाए जाने संबंधी नियमों निर्देशों का समावेश किया गया है। मैंने प्रयास किया है कि अधिकारी चाहे वित्त विभाग के हों या अन्य विभाग के उन्हें इन नियमों निर्देशों को आसानी से समझ में आ जाए ।



डॉ. चौधरी ने लिखी मप्र के शासकीय कार्यालयों में वित्तीय प्रबंधन पर किताब

## बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाना है उद्देश्य



**भोपाल।** रंग-बिरंगी रोशनी के बीच बच्चों ने रैंप पर पारंपरिक और आधुनिक परिधानों में आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। जीवाना विलेज रिसॉर्ट में आयोजित किड्स फैशन वीक इंडिया – भोपाल एडिशन नन्हे प्रतिभागियों की आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर आयोजन संस्था इंडिया प्रीमियर रनवे एंड ब्यूटी पेजेंट के शो मेंटर हरिओम जटिया ने कहा कि यह मंच केवल फैशन प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम भी है।

# यंग थिंकर्स फोरम ने की 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशंस' पर पुस्तक परिचर्चा

विश्व राजनीति के स्वरूप को समझने यह पुस्तक एक अहम ग्रंथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा आयोजित 105वीं पुस्तक समीक्षा के अंतर्गत सैमुअल पी. हंटिंगटन की पुस्तक 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन्स एंड द रीमेकिंग ऑफ वर्ल्ड ऑर्डर' की समीक्षा का आयोजन किया गया। समीक्षक जय पराशर ने बताया कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व राजनीति के स्वरूप को समझने के लिए यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ के रूप में स्थापित हुई है। हंटिंगटन ने अपनी पुस्तक में यह तर्क दिया है कि भविष्य के वैश्विक संघर्ष वैचारिक या आर्थिक आधार पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान के आधार पर उत्पन्न होंगे। उन्होंने विभिन्न सभ्यताओं के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और टकराव की संभावनाओं का विस्तार से विश्लेषण किया है। अर्जुन सिंह ठाकुर ने बताया कि सभ्यतागत चेतना भी पश्चिमी देशों की राजनीतिक और रणनीतिक सोच में प्रभावी रूप से विद्यमान है। उन्होंने कहा कि इज़राइल, यूएई, जॉर्डन और मिस्र के बीच हुए शांति समझौतों को पश्चिमी विमर्श में अक्सर व्यापक सभ्यतागत दृष्टिकोण के संदर्भ में भी देखा जाता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि समकालीन वैश्विक घटनाओं को समझने के लिए सभ्यताओं की भूमिका और सांस्कृतिक पहचान के प्रभाव का अध्ययन आवश्यक है।

### चेतना प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन

# प्रेम की संवेदनाओं को जीवंत करता नाटक आओ तनिक प्रेम करें....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चर्चित नाटक 'आओ तनिक प्रेम करें' का मंचन रविवार को चेतना प्रेक्षागृह, नीलबड़ में किया गया। नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में रंगकर्मी और कला प्रेमी उपस्थित रहे। नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी सरोज शर्मा ने किया। यह प्रस्तुति आज के दौर में प्रेम, संवेदनाओं, मानवीय रिश्तों और बदलते सामाजिक मूल्यों को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

नाटक की लेखिका विभा रानी हैं, जो अपनी रचनाओं में मानवीय भावनाओं और सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए जानी जाती हैं। प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को रिश्तों की अहमियत, आत्मीयता और प्रेम के विभिन्न पहलुओं से रूबरू कराया गया। नाटक के संवाद, अभिनय और भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया।





# संगठित व्यापार से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

आईबीजेए कॉन्क्लेव में बोले शहर के मोटिवेशनल स्पीकर अंकित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेम्स एंड ज्वैलरी उद्योग के बदलते परिदृश्य के बीच आईबीजेए (इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन) कॉन्क्लेव का आयोजन रतलाम में हुआ, जिसमें शहर के अंकित वैद्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। बिजनेस कोच एवं आईबीजेए मप्र के स्टेट प्रेसिडेंट अंकित वैद्य ने कहा कि जेम्स एंड ज्वैलरी उद्योग अब परिवर्तन के एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा, जब कोई उद्योग संगठित होता है, तब रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं, सरकार को अधिक राजस्व प्राप्त होता है और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। अंकित वैद्य ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय उन उद्यमियों का होगा जो सीखने, बदलने और नई तकनीकों को अपनाने के लिए तैयार होंगे।

# ममता की टीएमसी की हालत देख घबराए उद्धव ने बुलाई बैठक, कहा-हमारे सभी सांसद एकजुट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम बंगाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टूट की कगार पर है और चर्चा है कि पार्टी कांग्रेस में शामिल हो सकती है। ऐसी ही अटकलों के बीच अब महाराष्ट्र में भी सियासी पारा चढ़ गया है। राज्य में शिवसेना (यूबीटी) को ऑपरेशन टाइगर के तहत एक और संभावित टूट का डर सता रहा है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी के कई नेताओं द्वारा ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने के पीछे राजनीतिक गलियारे में भाजपा का हाथ बताया जा रहा है। इसी तर्ज पर अब महाराष्ट्र की राजनीति में ऑपरेशन टाइगर की चर्चा तेज है। शिंदे गुट के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि अगले 4-5 दिनों के भीतर उद्धव गुट के 6 से 7 सांसद उनके पाले में आ सकते हैं। इसी दावे के बाद उद्धव ठाकरे सतर्क मोड में आ गए हैं और पार्टी की एकजुटता प्रदर्शित करने में जुटे।

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट द्वारा शिवसेना (यूबीटी) के 6 से 7 सांसदों के पाला बदलने के दावों के बीच, उद्धव ठाकरे ने अपने निवास स्थान मातोश्री में सांसदों की आपात बैठक बुलाई। करीब दो घंटे तक विचार मंथन किया गया

## ठाकरे ने सांसदों को महंगाई और जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने का निर्देश दिया

बैठक में ठाकरे ने कहा एकजुटता से जनता के मुद्दे उठाएं

**विरोधी दलों के संपर्क में होने की खबरों को नकारा**



एआई इमेज

### संजय राउत ने किया दावा, बोले-हम सब एक हैं

शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर इस बैठक की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई इस अहम बैठक में प्रत्यक्ष रूप से अरविंद सावंत, अनिल देसाई, संजय दीना पाटिल और राजाभाऊ वाजे एवं आदित्य ठाकरे शामिल हुए जबकि ओमराजे निंबालकर, भाऊसाहेब वाघेचौरे, नागेश अष्टिकर और संजय देशमुख वर्चुअली शामिल हुए। जबकि परभणी के सांसद संजय जाधव से उद्धव ठाकरे ने फोन पर सीधे बातचीत की। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने स्पष्ट किया कि सभी सांसद पूरी मजबूती और वफादारी के साथ एकजुट हैं, और उन्होंने उम्मीद जताई कि अब पाला बदलने की अफवाहों पर विराम लग जाएगा।

### एकजुट रहने और बयानबाजी से बचने को कहा

इस आपात बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे ने सांसदों को आगामी सत्रों और जमीनी राजनीति के लिए कई कड़े निर्देश दिए। सांसदों को संसद और जमीन पर महंगाई, किसानों की परेशानियां और कर्ज माफी जैसे जनता से जुड़े मुद्दों को जोर-शोर से उठाने के लिए कहा गया है। यह पूरी तरह साफ किया गया कि शिवसेना (यूबीटी) के सभी सांसद एकजुट हैं। सांसदों को निर्देश दिया गया कि वे कार्यकर्ताओं के बीच नेताओं के पाला बदलने की अफवाहों से पैदा हुई गलतफहमियों को तुरंत दूर करें। वहीं सांसदों की बैठक के बाद रविवार को ही सभी जिला प्रमुखों के साथ जूम के जरिए एक बैठक तय की गई है, जिसमें उद्धव ठाकरे जिलेवार स्थानीय चुनौतियों और राजनीतिक घटनाक्रमों का फीडबैक लिया।

## खबर संक्षेप

### पानी के लिए हत्या,देर रात तक किया जाम

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहसपुर के पास पानी को लेकर खून बह गया। मामूली



विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दो समुदाय के बीच हुई हिंसा में विनोद नाम के युवक को भीड़ ने घेर कर बेरहमी से मार डाला। भीड़ के हमले में दो युवक घायल भी हुए हैं। जिनका इलाज जारी है।

### वन विभाग के दो अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के मामले में वन विभाग के दो अधिकारियों सहित तीन को




गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई बडगाम जिले में की गई। आरोपियों की पहचान रेंजर मंजूर अहमद मलिक निवासी कावोसा, मगाम, फॉरेस्टर मंजूर अहमद डार निवासी नुसगाम, खानसाहिब तथा कैजुअल लेबर बशीर अहमद गनी निवासी रम्हामा, बीरवाह के रूप में हुई है।

### अभिनेत्री गौतमी ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविण मुनेत्र कजगम की डिप्टी



प्रोपेगैंडा सेक्रेटरी और अभिनेत्री गौतमी तडिमल्ला ने प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गौतमी ने एआईएडीएमके महासचिव एडप्पडी के पलानिस्वामी को भेजे अपने इस्तीफा भेज दिया है।

### रोडवेज की बस ट्रक से टकराई, 22 घायल

**दौसा।** आगरा बाईपास पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अलीगढ़ से जयपुर की



ओर जा रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 22 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई, जब अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे।

## दो-तिहाई सांसदों के साथ टीएमसी के बागी गुट ने की एनसीपीआई पार्टी में किया विलय

# त्रिपुरा की क्षेत्रीय पार्टी में शामिल होंगे टीएमसी के 'बागी सांसद', एनडीए का करेंगे समर्थन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को बड़ा सियासी ड्रामा हुआ। टीएमसी यानी ममता बेनर्जी की पार्टी के करीब 20 सांसद बागी हो गए. ये सब पहले भाजपा के मंत्री भूपेंद्र यादव के घर गए, करीब 2 घंटे बैठे। फिर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से भी मिले। इन बागी सांसदों में सुदीप बंद्योपाध्याय, काकोली घोष, शताब्दी रॉय जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन लोगों ने ऐलान किया कि वो नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी नाम की एक छोटी पार्टी में मिल रहे हैं और आगे भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए का साथ देंगे। काकोली घोष ने दावा किया कि ये 20 सांसद टीएमसी की कुल ताकत के दो-तिहाई से ज़्यादा हैं। दूसरी तरफ टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कहा कि इस बागी गुट को कोई मान्यता मत दो। बंगाल में विधानसभा चुनाव में हार के बाद टीएमसी के अंदर की लड़ाई अब सबके सामने आ गई है। तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी पार्टी रही है। ममता बनर्जी इसकी मुखिया हैं और बंगाल में उनकी 15 साल से सरकार थी। पार्टी के अंदर काफी समय से कुछ नेता नाराज चल रहे हैं. ये नेता पार्टी की चाल-ढाल और कुछ फैसलों से खुश नहीं हैं। अब तक यह नाराजगी अंदर ही अंदर थी। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी के अंदर की कलह खुलकर सामने आ गई है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपा पत्र, बैकफुट पर ममता!

अभिषेक बेनर्जी ने स्पीकर को पत्र लिखकर मान्यता नहीं देने की मांग की


टीएमसी के बागी सांसदों ने स्पीकर ओम बिरला को मर्जर लेटर सौंपा

**हमने नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में किया विलयः सुदीप**

टीएमसी के बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने दावा किया है कि उनका समूह नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि यह एक मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल है और उनके गुट का उसमें विलय हो चुका है। सुदीप ने यह भी कहा कि असली टीएमसी कौन है, इसका फैसला अब अदालत में होगा।

### एक माह में बिखर जाएगी टीएमसीः सुवेंदु

मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि टीएमसी एक महीने के भीतर बिखर जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कई नेता अब अलग रास्ता तलाश रहे हैं और एक वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में सक्रिय हैं। अपने भाषण में उन्होंने टीएमसी पर घमंड, भ्रष्टाचार और अत्याचार के आरोप लगाए तथा पार्टी के भविष्य पर सवाल खड़े किए।

### केंद्रीय मंत्री यादव की बैठक के बाद विलय का निर्णय हुआ

सूत्रों के मुताबिक, प्रस्तावित विलय के बारे में तब चर्चा हुई जब बागी टीएमसी सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की। सूत्रों ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान त्रिपुरा से भाजपा सांसद बिप्लब कुमार देब भी मौजूद थे, जिसमें विलय के प्रस्ताव पर बातचीत हुई। पार्टी में बंटवारे के बीच, बागी टीएमसी सांसदों ने दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की और सदन में बैठने की अलग व्यवस्था की मांग की।

### दिल्ली में दिनभर चलती रहीं सियासी उठा-पटक

रविवार को टीएमसी के कई सांसद दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पहुंचे. भूपेंद्र यादव भाजपा के बड़े नेता हैं। टीएमसी और भाजपा दो अलग पार्टियां हैं और आमतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ होती हैं। ऐसे में टीएमसी के सांसदों का भाजपा के मंत्री के घर जाना बड़ी बात है। सबसे पहले टीएमसीसांसद सेयानी घोष वहां पहुंचीं। उनके बाद एक के बाद एक कई और सांसद भी आ गए। जिनमें सुदीप बंद्योपाध्याय, माला रॉय, पारसुन बनर्जी, अरूप चक्रवर्ती, शताब्दी रॉय, काकोली घोष और सुदिप बंद्योपाध्याय के नाम शामिल हैं। ये सभी टीएमसी के जाने-माने चेहरे हैं। इनके अलावा टीएमसी नेता, जगदीश बसुनिया, पार्थ भौमिक, जून मालिया, मेटाली बाग, बापी हलधर भी पहुंचे हैं. ये नेता करीब दो घंटे यहां रुके और फिर चले गए। वहीं, टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद और सागरिका घोष स्पीकर ओम बिरला के आवास पर पहुंचे और कुछ देर बाद चले गए।उनके साथ अन्य बागी सांसद भी मौजूद दिखे।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में बड़ा हादसा

# सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप कुए में गिरी, 8 की मौत


भारी जद्दोजहद के बाद वाहन को खींचकर बाहर निकाला गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। जिले के मालशिरस इलाके में तंदुलवाड़ी गांव के पास 15 श्रद्धालुओं को ले जा रही एक पिक-अप वैन कुएं में गिर गई। इस हादसे में चार बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सात लोगों को बचा लिया गया। श्रद्धालु सोलापुर जिले के म्हसवड में सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे, तभी पिक-अप वैन कुएं में गिर गई। पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के लोगों के साथ स्थानीय लोग भी बचाव अभियान में शामिल थे। जिला अधिकारी मौके पर पहुंचे।

***मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल, सात लोगों को समय रहते बचा लिया गया***

### कुए के पास नहीं है सुरक्षा के इंतजाम

स्थानीय लोगों के मुताबिक कुए के आसपास सुरक्षा के इंतज़ाम न होने की बार-बार अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक ग्रामीण सरजेराव चव्हाण ने पत्रकारों को बताया कि कुएं की कोई सुरक्षा दीवार नहीं थी। अधिकारियों ने मेरी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### सांसद ने लगाया कार्रवाई न करने का आरोप

माधा के सांसद धैर्यशील मोहिते-पाटिल ने कहा कि हमने कई पत्र भेजे और मीटिंग कीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर महीने हादसे होते हैं, और सरकार हमारी बार-बार की शिकायतों को नजरअंदाज करती रही। एसपी अतुल कुलकर्णी ने कहा कि यह एक खेत का कुआं है, जो सड़क से नीचे है। इसलिए एक छोटी सुरक्षा दीवार बेअसर हो सकती थी। ड्राइवर के कंट्रोल खोने के बाद गाड़ी डूब गई।

### नासिक में भी हुई थी घटना

इससे पहले नासिक के डिंडोरी में एक गाड़ी के बिना सुरक्षा वाले कुएं में गिरी थी जिसमें एक परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई थी।

# ट्रेन नहीं मिलने से भड़के छात्रों ने की तोड़फोड़, पुलिस ने लाठी भांजी, फायर किए और आंसूगैस के गोले दागे

## 6 छात्र गिरफ्तार, 500 के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार पुलिस मद्य निषेध विभाग की भर्ती परीक्षा देने जा रहे हजारों अभ्यर्थियों ने ट्रेनों की कमी और ट्रेन लेट पहुंचने से नाराज होकर रविवार को पाटलिपुत्र स्टेशन पर जमकर बवाल काटा। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने रेलवे ट्रैक पर कूदकर ट्रेनों को रोक दिया, पथराव किया और एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ भी की। बिगड़ते हालातों को देखते हुए पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आश्रु गैस के गोले छोड़े, फिर फायरिंग कर दी। इस उपद्रव में जमकर पथराव किया गया, जिसमें आईजी सहित करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

**स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग पर अड़े रहे छात्र**



बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया।

### परीक्षा छूटने के डर से भड़के छात्र

छात्रों की नाराजगी की वजह थी कि परीक्षा दो पालियों में होनी थी, जिसके लिए हजारों अभ्यर्थी रात में ही स्टेशन पहुंच गए। स्टेशन पर पर्याप्त ट्रेन व्यवस्था न होने और गाड़ियों के लेट होने से छात्रों में परीक्षा छूटने का डर सताने लगा। स्थिति तब और ज्यादा बिगड़ गई, जब पाटलिपुत्र से कटिहार के लिए चलाई गई एग्जाम स्पेशल ट्रेन स्टेशन पहुंची। इस दौरान अभ्यर्थियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद नाराज छात्र पाटलिपुत्र-कटिहार एग्जाम स्पेशल ट्रेन के आगे पटरी पर बैठ गए और रेल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। छात्रों का कहना है कि अधिकारियों समाधान नहीं लाठियां भांजने पर ज्यादा भरोसा किया।

## बलिदानियों को अंतिम विदाई...



असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया था। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। सभी बलिदानियों के शव उनके पैतृक घर भेजे गए हैं। जहां भारी भीड़ जुटी और नम आंखों से विदाई दी।

### 1985 के समझौते पर बोले सीएम हिमंत

**1600 किमी लंबी सीमा पर 5 राज्यों में एक साथ**

# सिर्फ असम नहीं, पूरी बांग्लादेश सीमा की होनी चाहिए थी घेराबंदी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि बांग्लादेश से लगने वाली पूरी 1600 किलोमीटर सीमा



पर बाड़बंदी होनी चाहिए थी और केवल असम तक सीमित रहना एक ऐतिहासिक भूल थी। उन्होंने बताया कि मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल में अब तेजी से बाड़बंदी का काम चल रहा है। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की नागरिकता जांच का सुझाव भी दिया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, जनसांख्यिकीय बदलाव और सीमा सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि असम समझौते के बाद केवल असम-बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी की मांग करना एक ऐतिहासिक भूल थी। सरमा का कहना है कि बांग्लादेश से लगने वाली पूरी 1600 किलोमीटर लंबी सीमा पर पांचों राज्यों में एक साथ बाड़बंदी होनी चाहिए थी। उन्होंने दावा किया कि अब केंद्र सरकार के प्रयासों से मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और पश्चिम बंगाल में भी सीमा सुरक्षा के काम तेज हुए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले परिवारों की नागरिकता की जांच की जा सकती है।

हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम समझौते के समय केवल असम की सीमा पर बाड़बंदी की मांग की गई थी, जबकि बांग्लादेश से लगी पूरी 1600 किलोमीटर सीमा को सुरक्षित किया जाना चाहिए था।

## आज से नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे विमान

**जेवर एयरपोर्ट को देश के 16 से अधिक प्रमुख शहरों से जोड़ा जाएगा**

# जमीन देने वाले 172 किसानो के हवाई सफर से होगी शुरुआत, मुख्यंत्री योगी से मिलेंगे भी

एजेंसी ▶▶ नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) से आज सोमवार को वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ होने जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस पहली एयरलाइन के रूप में अपनी सेवाएं शुरू करेगी। पहली वाणिज्यिक उड़ान में 172 किसान सफर करेंगे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के साथ ये सभी किसान विमान से लखनऊ पहुंचेंगे, जहां वे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त करेंगे। ये वही किसान हैं जिन्होंने जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए अपनी जमीनें दी थीं। किसानों के योगदान और सहभागिता को सम्मान देने के उद्देश्य से इस विशेष उड़ान का आयोजन किया गया है। पहली उद्घाटन उड़ान सुबह 7:05 बजे लखनऊ से रवाना होकर 8:05 बजे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेगी। इसके बाद यही विमान सुबह 8:35 बजे नोएडा से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरेगा और निर्धारित समयानुसार 11:05 बजे बेंगलुरु पहुंचेगा। वापसी यात्रा में इंडिगो की उड़ान दोपहर 3:45 बजे बेंगलुरु से उड़ान भरकर शाम 6:20 बजे नोएडा पहुंचेगी। इसके बाद विमान शाम 6:55 बजे नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना होगा और रात 8:00 बजे राजधानी पहुंचेगा. इस प्रकार एयरपोर्ट के संचालन की शुरुआत लखनऊ और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधी कनेक्टिविटी के साथ होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक बड़े एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया गया है।

### एनसीआर को मिलेगा नया एविएशन हब

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर और आसपास के राज्यों के लिए एक नए एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित होगा। इंडिगो ने घोषणा की है कि वह इस एयरपोर्ट को देश के 16 से अधिक प्रमुख शहरों से जोड़ेगी।

डेस और ग्रूमिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव

# भारतीय सेना की यूनिफॉर्म बदली, हट गए अंग्रेजी दौर के कई निशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय सेना के नए ड्रेस कोड के मुताबिक, अब सैन्य अफसर औपचारिक पोशाक के साथ बंद गले वाली बंडी जैकेट पहन सकेंगे। यह पहली बार है जब सेना ने पारंपरिक भारतीय परिधान को औपचारिक सैन्य ड्रेस का हिस्सा बनाया है। वहीं महिला अधिकारियों के लिए भी ड्रेस कोड स्पष्ट किया गया है। उन्हें सादे रंग की साड़ी या कुर्ता-सलवार पहनने की अनुमति होगी।*

भारतीय सेना ने अपनी ड्रेस और ग्रूमिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। सेना की नई नियमावली आर्मी यूनिफॉर्म्स-2026 के तहत कई ऐसे प्रावधानों को बदला या हटाया गया है, जिन्हें लंबे समय से ब्रिटिश शासनकाल की विरासत माना जाता था। सेना का कहना है कि इन बदलावों का मकसद भारतीय सैन्य परंपराओं को बनाए रखते हुए वर्दी और नियमों को देश की बदलती पहचान और वर्तमान जरूरतों के अनुरूप बनाना है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार 174 पन्नों की नई नियमावली के अनुसार अब सेना के अधिकारी औपचारिक पोशाक के साथ बंद गले वाली बंडी जैकेट पहन सकेंगे। यह पहली बार है जब सेना ने पारंपरिक भारतीय परिधान को औपचारिक सैन्य ड्रेस का हिस्सा बनाया है। अधिकारियों को बंदगला, लाउंज सूट, कॉम्बिनेशन ड्रेस या टाई के साथ पहनी जाने वाली औपचारिक शर्ट-पैंट के साथ भी बंडी पहनने की अनुमति दी गई है। हालांकि इसके लिए रंग और डिजाइन को लेकर कुछ मानक तय किए गए हैं ताकि वर्दी की गरिमा बनी रहे।



### बस ड्रेस कोड ही नहीं, शब्दावली में भी बदलाव

*नई नियमावली में केवल ड्रेस कोड ही नहीं, बल्कि शब्दावली में भी बदलाव किया गया है। सेना ने कई ऐसे शब्दों और प्रतीकों को हटाया है जो औपनिवेशिक दौर की याद दिलाते थे। इनमें रॉयल जैसे शब्द भी शामिल हैं।*

### परेड में तलवार लेकर चलना अनिवार्य नहीं

नई गाइडलाइन में परेड और समारोहों से जुड़े कई पुराने नियमों में भी बदलाव किया गया है। अब परेड का निरीक्षण करने वाले वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तलवार लेकर चलना अनिवार्य नहीं होगा. इसके अलावा कई औपचारिक ड्रेस कैटेगरी में इस्तेमाल होने वाली पारंपरिक पाउच बेल्ट को भी हटा दिया गया है। हालांकि कुछ विशेष रेजिमेंटल और कोर समारोहों में इसका इस्तेमाल पहले की तरह जारी रखा जा सकेगा। सेना ने सभी रैंकों के लिए एक नई सर्दियों की वर्दी भी शुरू की है, जिसे ड्रेस 3B नाम दिया गया है। इस ड्रेस में अंगोला शर्ट, बैटल जैकेट और बेरेट शामिल होंगे। माना जा रहा है कि यह वर्दी अधिक व्यावहारिक और आधुनिक जरूरतों के अनुरूप तैयार की गई है।

### जवानों के लिए सख्त ग्रूमिंग नियम

ग्रूमिंग और व्यक्तिगत साज-सज्जा को लेकर भी नियमों को और स्पष्ट किया गया है। नई गाइडलाइन के अनुसार सैनिकों के लिए टैटू और बॉडी पियर्सिंग पर प्रतिबंध जारी रहेगा। यूनिफॉर्म में ब्रेसलेट पहनने की अनुमति नहीं होगी, जबकि धार्मिक अनुष्ठान के दिन पवित्र धागा पहनने की सीमित छूट दी गई है। सिख सैनिकों को उनके धार्मिक प्रतीकों के संबंध में पहले की तरह विशेष छूट मिलती रहेगी। मूंछों की अधिकतम लंबाई 12 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। इसके अलावा वर्दी में डियोडोरेंट और परफ्यूम के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है।

#### महिला अधिकारियों के लिए भी नए निर्देश

*महिला अधिकारियों के लिए भी ड्रेस कोड स्पष्ट किया गया है। उन्हें सादे रंग की साड़ी या कुर्ता-सलवार पहनने की अनुमति होगी। हालांकि बिना बाजू वाले कुर्ते, पलाजो और सिगरेट पैंट पहनने की इजाजत नहीं होगी। कॉस्मेटिक्स को लेकर भी नियम सख्त किए गए हैं. यूनिफॉर्म में लिपस्टिक, रंगीन नेल पॉलिश, बड़ी बिंदी और नोज पिन पहनने की अनुमति नहीं होगी।*

---

## खबर संक्षेप

### आसमान में टकराए 2 हेलिकॉप्टर, 6 की मौत

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के शहर रियो डी जनेरियो में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कई गाड़ियों में भी आग लग गई।



फिलहाल हादसे की जांच की जा रही है। टक्कर के बाद शहर के पश्चिमी इलाके में दोनों हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे में दोनों हेलिकॉप्टर में सवार सभी 6 लोगों की मौत हो गई है।

### मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**मुंबई ।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने इस संबंध में धमकी भरा ईमेल भेजा।



इसके बाद मुंबई की सभी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस तुरंत अलर्ट मोड पर आ गईं और सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई। सुरक्षा एजेंसियों ने सूचना मिलते ही हवाई अड्डा परिसर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। इसके तुरंत बाद स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर बम निरोधक दस्ते की एक विशेष टीम ने पूरे अंतरराष्ट्रीय और घरेलू टर्मिनल के अंदर तथा बाहर खोजी अभियान शुरू कर दिया।

---

*यूक्रेन युद्ध के समर्थकों पर ब्रिटेन की सख्ती*

## इंग्लिश चैनल में रूसी ऑयल टैंकर को रोका, रूस को झटका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनाइटेड किंगडम यूके के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रूस को एक बड़ा झटका दिया। उनके आदेश के बाद सेना ने इंग्लिश चैनल से गुजरने की कोशिश कर रहे एक रूसी शैडो फ्लीट ऑयल टैंकर को रोक लिया। स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को समर्थन देने वालों को कहीं भी छिपने नहीं दिया जाएगा।

कीर स्टार्मर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, रविवार को मैंने हमारी सेना को शैडो फ्लीट के एक ऑयल टैंकर को रोकने का निर्देश दिया, जो इंग्लिश चैनल से गुजरने की कोशिश कर रहा था। इस सफल ऑपरेशन से रूस को एक और झटका लगा है और जो लोग यूक्रेन में पुतिन की जंग को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्हें यह याद दिलाया गया है कि हम उन्हें छिपने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा, मैं इसमें शामिल सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिनमें हमारी सेना और कानून लागू करने वाले अधिकारी भी शामिल हैं, जो साल के 365 दिन, 24 घंटे इस देश को सुरक्षित रखते हैं।

### इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर रोका जहाज

छह घंटे चले इस ऑपरेशन में रॉयल मरीन कमांडो और नेशनल क्राइम एजेंसी के खास तौर पर ट्रेंड कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने आरएएफ की मदद से जहाज पर धावा बोला। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि छह घंटे चले इस ऑपरेशन के बाद स्मर्टोस नाम के इस जहाज को इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर रोककर रखा गया है। रॉयल मरीन कमांडो और नेशनल क्राइम एजेंसी के खास तौर पर ट्रेंड कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने आरएएफ की मदद से जहाज पर धावा बोलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। मंत्रालय ने बताया कि रविवार सुबह फ्रांस के सहयोग से इस कार्रवाई को पूरा किया गया। यूके की सरकार रूस की तेल से होने वाली कमाई को निशाना बना रही है। रक्षा सचिव डैन जार्विस ने बताया, रूस यूक्रेन में अपनी जंग के लिए फंड जुटाने के लिए अपने शैडो फ्लीट पर निर्भर है और हमारे इस कदम से पुतिन की गैर-कानूनी जंग को झटका लगा है।

---

टला बड़ा हादसा: यूएस नेवी ने की इंडियन नेवी की मदद

# ओमान तट पर डूबा भारतीयों से भरा जहाज फंसे 14 लोगों को सकुशल बचाया गया

एजेंसी ▶▶ मस्कट

ओमान के तट के पास 14 भारतीय नागरिकों को लेकर जा रहा एक जहाज रविवार को समुद्र में डूब गया, जिसके बाद अमेरिकी नौसेना, भारतीय नौसेना और एक व्यापारी जहाज की मदद से बड़े स्तर पर बचाव अभियान शुरू किया गया था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक नाव ओमान के रस अल हद्द से करीब 80 समुद्री मील पूर्व में संकट में फंस गई थी, जिसके बाद सभी 14 लोगों को सकुशल बचा लिया गया।

■ इंजन फेल होने से फंस गया था जहाज

▶▶ व्यापारी जहाज ने निभाई अहम भूमिका

▶▶ ओमान तट के पास संकट में फंसी भारतीय नौका

*ओमान के तट के पास इंजन फेल होने के बाद एक भारतीय क्रू वाला जहाज संकट में फंस गया। सभी 14 भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।*



### अमेरिकी नौसेना ने भेजा अलर्ट, भारतीय नौसेना को दी सूचना

अमेरिकी नौसेना को रविवार सुबह जहाज के संकट में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद अमेरिकी नौसेना ने तटीय अफसरों और भारतीय नौसेना को अलर्ट जारी किया, इसके बाद समय रहते बचाव अभियान शुरू कर दिया गया।

### *व्यापारी जहाज एमवी जबल अली 9 ने की मदद*

बचाव अभियान में पास से गुजर रहे सेंट किट्स एंड नेविस के झंडे वाले व्यापारी जहाज एमवी जबल अली 9 को भी शामिल किया गया। यह जहाज सोहार से मुंबई की ओर जा रहा था। अमेरिकी पी-8 विमान के अनुरोध पर जहाज को संकटग्रस्त नाव की ओर भेजा गया ताकि यात्रियों की मदद की जा सके।

### समुद्री यातायात पहले से ही प्रभावित

क्षेत्र में जारी तनाव के चलते व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही पहले से प्रभावित है। कई शिपिंग कंपनियां और समुद्री एजेंसियां अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, खाड़ी क्षेत्र और होर्मुज स्ट्रेट के आसपास सैकड़ों जहाज और हजारों नाविक लंबे समय से बाधित समुद्री गतिविधियों का सामना कर रहे हैं।

### जहाज डूबने की वजह स्पष्ट नहीं

फिलहाल जहाज के डूबने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि बचाव अभियान जारी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा।

### नाव में सवार सभी 14 लोग भारतीय नागरिक

*मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार जहाज में सवार सभी 14 लोग भारतीय नागरिक हैं। फिलहाल उनकी स्थिति को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बचाव अभियान चलाकर सभी को बचा लिया गया है।*

### पी-8 विमान ने समुद्र में गिराया लाइफ राफ्ट

सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी नौसेना के पी-8 समुद्री निगरानी विमान ने घटनास्थल पर पहुंचकर समुद्र में एक लाइफ राफ्ट जीवनरक्षक नाव गिराई और पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की, धौ के डूबने की स्थिति बनने के बाद उसमें सवार लोग लाइफ राफ्ट पर पहुंच गए।

---

## विश्व रक्तदाता दिवस: रक्त की हर बूंद में मानवता का संदेश



**नई दिल्ली।** जब किसी अनजान व्यक्ति की धमनियों में आपका रक्त प्रवाहित होकर उसे नया जीवन देता है, तब मानवता अपने सर्वोच्च स्वरूप में प्रकट होती है। मानव सभ्यता के विकास क्रम में दान, सेवा और परोपकार को सदैव श्रेष्ठ मानवीय गुणों के रूप में देखा गया है। अन्नदान भूख मिटाता है, विद्यादान ज्ञान का प्रकाश फैलाता है, पर रक्तदान ऐसा दान है जो सीधे जीवन प्रदान करता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इसे महादान की संज्ञा दी गई है। रक्त वह अमूल्य जैविक संपदा है जिसका कोई कृत्रिम विकल्प आज तक विज्ञान विकसित नहीं कर पाया है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान चाहे कितनी भी प्रगति कर चुका हो, फिर भी रक्त के स्थान पर प्रयोगशाला में निर्मित कोई पदार्थ मानव जीवन को पूर्ण रूप से प्रतिस्थापित नहीं कर सकता।

---

नाविकों की मौत: निशाने पर आए पीएम मोदी

## राहुल गांधी ने उठाए सवाल, कहा- कोई भी संप्रभु देश ऐसी भाषा नहीं सहता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान तट के पास अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में भारतीय नाविकों की मौत और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका के हालिया बयानों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है।



राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमेरिका की ओर से भारत को कड़े संदेश दिए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संप्रभु देश को ऐसी भाषा स्वीकार नहीं करनी चाहिए। राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच बातचीत के बाद अमेरिका ने होर्मुज क्षेत्र में अपने निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर कहा कि अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ दिन बाद भी न तो खेद व्यक्त किया गया और न ही माफी मांगी गई।

---

एक्स पर सर्बिया के राष्ट्रपति ने लंबे कार्यकाल के लिए पीएम को बधाई दी

## भारत और सर्बिया के रिश्ते होंगे और मजबूत : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के दौरे पर हैं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने पीएम मोदी को भारत का सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी थी।

अलेक्जेंडर वुसिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, देश के सर्वोच्च पद पर



इतने लंबे समय तक बने रहना इस बात का प्रमाण है कि जनता को अपने नेता पर कितना भरोसा है। उन्होंने अपना जीवन लोगों की सेवा और देश की प्रगति के लिए समर्पित किया है। किसी नेता की असली ताकत सिर्फ उसके पद पर बिताए गए वर्षों या जीते गए चुनावों से नहीं मापी जाती, बल्कि उस विरासत, उपलब्धियों और दूरदर्शी सोच से मापी जाती है जो वह पीछे छोड़ जाता है।

### 4,399 दिन पूरे कर लिए, जो अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल

मुझे हमारी हाल की मुलाकात की याद बहुत खास लगती है, जो आपसी समझ और सम्मान से भरी हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के दौरान मैंने एक अनुभवी राजनेता की समझ और ऐसे नेता की सोच को महसूस किया जो आधुनिक दुनिया की चुनौतियों को अच्छी तरह समझता है और साथ ही परंपरा, पहचान और राष्ट्रीय हितों को महत्व देता है। राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि 4,399 दिन पूरे कर लिए, जो अब तक का सबसे लंबा कार्यकाल अनुभव, दूरदृष्टि और भारत के प्रति समर्पण का यही अनोखा मेल प्रधानमंत्री मोदी को ऐसा नेता बनाता है जिसकी आवाज दुनियाभर में सुनी और सम्मानित की जाती है।

---

जहाज पर लगाया 53 लाख डॉलर का जुर्माना

## नाइजीरिया में तस्करी के मामले में 11 भारतीय नाविक दोषी करार



एजेंसी ▶▶ अबूजा

नाइजीरिया की एक अदालत ने कोकीन की तस्करी के मामले में 11 भारतीय नाविकों को दोषी ठहराया है और उनके वाणिज्यिक जहाज पर 53 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इन नाविकों को लगभग छह महीने पहले गिरफ्तार किया गया था। नाविकों पर आरोप है कि उन्होंने मार्शल द्वीपसमूह से 31.5 किलोग्राम कोकीन लाकर लागोस के अपापा बंदरगाह के माध्यम से नाइजीरिया में तस्करी की थी। बयान में कहा गया कि जहाज के कप्तान और चालक दल के 10 अन्य सदस्यों को न्यायमूर्ति जोसेफ चुक्वुजेक्वु अनेके ने एनडीएलईए अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। बता दे कि अदालत ने जहाज को नाइजीरियाई सरकार को 53 लाख अमेरिकी डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया। तीनों मुख्य अधिकारियों को 100,000 अमेरिकी डॉलर प्रत्येक का भुगतान करने का निर्देश दिया गया।



### ब्रिटेन ने रूस के तेल टैंकर को कब्जे में लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन एक प्रतिबंधित टैंकर की जांच कर रहा है, जिसके बारे में संदेह है कि वह रूस के तथाकथित गुप्त बेड़े शैडो फ्लीट का हिस्सा है और यूक्रेन युद्ध को लेकर मॉस्को पर लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए तेल की ढुलाई कर रहा था।

ब्रिटिश सशस्त्र बलों ने रविवार को इंग्लिश चैनल में स्मिर्टोस नामक जहाज पर चढ़ाई कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इसे ब्रिटेन के नेतृत्व में इस तरह का पहला अभियान बताया है।

---

प्रांत और पाक की अंतराष्ट्रीय छवि दोनों को नुकसान

रावलाकोट में मोबाइल सेवाएं बंद, पूरी दुनिया की नजर पाक पर

## पीओके प्रदर्शन को लेकर पाकिस्तान की दुनिया में हो रही फजीहत, बिलावल भुट्टो ने की शांति की अपील

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के हुक्मरान मानने लगे हैं कि पीओके पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बिगड़ते हालात से उनकी फजीहत हो रही है। चौतरफा घिरी सरकार के अहम सदस्य और पीपीपी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को प्रदर्शन कर रहे लोगों से अपील की कि वे अपना आंदोलन समाप्त कर लें।

उन्होंने कहा इससे प्रांत और पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि दोनों को नुकसान पहुंच रहा है।




रविवार को जारी बयान में, बिलावल ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से होने वाला शांति समझौता एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, जब पूरी दुनिया की नजर पाकिस्तान पर है, ऐसे समय में इस मुद्दे से पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिति विरोधियों को स्थिति का फायदा उठाने का अवसर दे रही है।

### दीर्घकालिक समाधान निकाला जाए

पीपीपी प्रमुख ने याद दिलाया कि उनकी पार्टी पहले ही चुनाव आयोग से 27 जुलाई को तय समय से पहले घोषित चुनाव कार्यक्रम को वापस लेने की अपील कर चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी एक आयोग बनाने की कोशिश करेगी, ताकि लंबित शिकायतों का समाधान हो सके और दीर्घकालिक समाधान निकाला जा सके। प्रतिबंधित किए गए संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी जेएएसी का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि यदि सभी पक्ष, जिसमें संघीय सरकार भी शामिल है।

### कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया

5 जून को जेएएसी की 9 जून की हड़ताल की घोषणा के बाद पाकिस्तान की सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित कर दिया था। इसके बाद कार्रवाई करते हुए कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया। मीडिया के अनुसार आसपास धरने लगातार चौथे दिन भी जारी रहे। मुजफ्फराबाद और अन्य क्षेत्रों में कई जगहों पर बाजार बंद रहे और सार्वजनिक परिवहन भी कई दिनों से प्रभावित है। कुछ क्षेत्रों में आंशिक हड़ताल की खबरें भी आई हैं।



# ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार दृश्यम-3

**नई दिल्ली।** साउथ के बेहतरीन अभिनेता मोहनलाल की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम 3' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए हैं, उनके लिए एक खुशखबरी है। प्राइम वीडियो पर 'दृश्यम 3' को 18 जून को रिलीज होगी। भारत समेत 200 से अधिक देशों के दर्शक इस फिल्म का आनंद ले सकेंगे। मलयालम के अलावा यह फिल्म तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में डब किए गए संस्करणों में भी उपलब्ध होगी। रिलीज के बाद से ही फिल्म 'दृश्यम 3' ने अच्छा कलेक्शन किया है।

लाइफ Style

# नोरा

## यहां तक पहुंचने के लिए जिंदगी भर मेहनत की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री और बेहतरीन डांसर नोरा फतेही ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। उनका परफॉर्मेंस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। हाल ही में उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात की और शकीरा, बर्ना बॉय, केटी पेरी जैसे बड़े स्टार्स के साथ लाइन-अप का हिस्सा बनने पर भी चर्चा की।

ओपनिंग सेरेमनी में अपने गाने 'सीर सीर' पर परफॉर्म करने के बारे में बात करते हुए नोरा ने बताया, 'इस अनुभव ने निश्चित रूप से एक आर्टिस्ट के तौर पर मुझे बेहतर बनाया है। यह एक सफर बेहतरीन रहा। जब मैं जनवरी में मोरक्को में एएफसीओएन मैच देख रही थी, तो मैंने हर गेम के दौरान स्टेडियम में लगभग 70,000 फैंस को 'सीर सीर' के नारे लगाते सुना और मैं हैरान रह गई। उस एनर्जी ने मुझे प्रोड्यूसर संजॉय से संपर्क करने और उनसे इस नारे का इस्तेमाल करके वर्ल्ड कप एंथम बनाने के लिए कहने के लिए प्रेरित किया।' इसके अलावा, दूसरे इंटरनेशनल स्टार्स के साथ लाइन-अप में शामिल होने के बारे में बात करते हुए बॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'इतने बड़े मेनस्ट्रीम लाइन-अप का हिस्सा बनना बहुत रोमांचक रहा है! मैं टोरंटो में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया, जबकि शकीरा और बर्ना बॉय ने मैक्सिको में ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। मैंने इस लेवल तक पहुंचने और ऐसे स्टार्स के साथ मौके शेयर करने के लिए पूरी जिंदगी मेहनत की है।' उन्होंने आगे कहा, 'ऐसे प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनना जो अलग-अलग कल्चर और स्टाइल को एक साथ लाता है, मुझे याद दिलाता है कि ग्लोबल कनेक्शन बनाने में संगीत कितना ताकतवर हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला




# बेबी बंप के साथ दिखीं एलिजाबेथ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में स्कारलेट विच का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एलिजाबेथ ओल्सन को हाल ही में लॉस एंजिल्स के एक रेस्टोरेंट में देखा गया। उन्होंने सफेद बटन-डाउन शर्ट पहनी थी, जिसका निचला हिस्सा थोड़ा खुला था और उनका बेबी बंप साफ दिख रहा था। सड़क पर चलते हुए उन्हें अपना पेट पकड़े हुए देखा गया। अभिनेत्री एलिजाबेथ ओल्सन प्रेग्नेंट हैं और अपने म्यूजिशियन पति रॉबी अर्नेट के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।



# टॉम के पोस्ट पर फराह ने लिखी दिल की ख्वाहिश...

**मुंबई।** कोरियोग्राफर, निर्देशक और व्लॉगर फराह खान हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज के लिए क्रेजी हैं। सुपरस्टार के लिए उनकी दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा उनके हालिया कमेंट से लगाया जा सकता है। हुआ यह कि टॉम क्रूज ने हाल ही में स्टीवन स्पिलबर्ग की हालिया रिलीज फिल्म 'डिस्क्लोजर डे' को लेकर पोस्ट साझा किया है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि टॉम क्रूज के हाथो में स्पिलबर्ग का बस्ट (अर्ध प्रतिमा) है। इसे देख फराह खान ने अपनी ख्वाहिश जाहिर की है। उनकी तमन्ना है कि टॉम क्रूज के हाथों में लगी वह प्रतिमा काश कोरियोग्राफर की होती। फराह ने लिखा है, 'टॉम तुम बेस्ट हो! काश कि ऐसा होता, तुमने जो बस्ट थामा हुआ है, वह मैं होती'।



# चंदू चैंपियन की रिलीज को दो साल पूरे

**नई दिल्ली।** साल 2024 में 14 जून को फिल्म 'चंदू चैंपियन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के लिए कार्तिक ने गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। उन्होंने करीब 18 किलो वजन कम किया था। फिल्म में उनके काम को सराहा भी गया। फिल्म की दूसरी सालगिरह पर कार्तिक ने एक पोस्ट शेयर किया है। कार्तिक आर्यन ने लिखा है, 'दो साल पहले, मैंने एक ऐसे इंसान की जिंदगी को जिया, जिसे दुनिया भूल चुकी थी और उसने मुझे उन सभी चीजों की याद दिलाई जिन पर मैं यकीन करता था। मुझे पक्का नहीं पता कि मैं इसे पूरी तरह शब्दों में बयां कर पाया हूं या नहीं, लेकिन मैं कोशिश जरूर करूंगा। यह फिल्म सिर्फ एक ऐसे आदमी के बारे में नहीं है, जिसने हार मानने से इनकार कर दिया, बल्कि यह उन जख्मों के बारे में है जो मेडल बन जाते हैं।



# लेदर जैकेट लुक में नजर आए भाईजान...

**मुंबई।** लगान के 25 साल पूरे होने पर इस फिल्म को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज किया गया। इस दौरान आमिर के अच्छे दोस्त और अभिनेता सलमान खान ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सलमान खान का नया लुक देखकर आमिर और करीना के अलावा फैंस भी दंग रह गए हैं। सलमान खान इस इवेंट में छोटे बाल और हल्की ट्रिम की हुई दाढ़ी में नजर आए। इस नए लुक में वे बेहद फिट और हैंडसम लग रहे हैं। सलमान के नए लुक को देखकर फैंस पूछ रहे हैं कि क्या भाईजान का यह नया लुक निर्देशक वामशी पेडिपल्ली की फिल्म 'एसवीसी63' के लिए है? वहीं, इवेंट के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसी में एक वीडियो है, जिसमें निखत खान और रेखा को एक-दूसरे से मुलाकात करते देखा जा सकता है। एक वीडियो सामने आया है।

टीवी मसाला





# अनिल लेकर आ रहे हैं रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%'

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस अपने टेलीविजन दर्शकों के लिए एक नया और अलग अनुभव लेकर आ रहा है। चैनल अपना नया रियलिटी शो 'इंडिया के टॉप 1%' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। यह शो प्रतिभागियों की समझ, तर्कशक्ति, नजरिए और तेजी से फैसले लेने की क्षमता को परखने वाला एक रोमांचक मुकाबला होगा। आज के दौर में जहां हर तरफ जानकारी की भरमार है, 'इंडिया के टॉप 1%' एक अलग सवाल पूछता है- क्या आप अपनी सोच और समझ के दम पर सबसे आगे निकल सकते हैं? यह शो पारंपरिक क्विज कार्यक्रमों से बिल्कुल अलग है, जहां सिर्फ याद की हुई जानकारी या किताबों का ज्ञान मायने नहीं रखता। इस नए फॉर्मेट में तर्कशक्ति, सामान्य समझ, तेज सोच और दबाव में सही फैसला लेने की क्षमता को सबसे अधिक महत्व दिया जाएगा. शो में आने वाली हर चुनौती इस बात की परीक्षा होगी कि प्रतिभागी जानकारी को कितनी जल्दी समझते हैं, पैटर्न को कैसे पहचानते हैं, समस्याओं का समाधान कैसे निकालते हैं और अहम समय पर कितनी तेजी से सही निर्णय लेते हैं। जैसे-जैसे मुकाबला आगे बढ़ेगा, चुनौतियां भी कठिन होती जाएंगी और सबसे तेज दिमाग वाले प्रतिभागी ही अंत तक टिक पाएंगे। सभी का लक्ष्य एक ही होगा- भारत के टॉप 1% सोचने-समझने वाले लोगों में अपनी जगह बनाना। शो के बारे में बात करते हुए, अनिल कपूर ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत ऐसे लोगों का देश है, जिनकी समझ, नजर और व्यवहारिक बुद्धिमत्ता कमाल की होती है। हमारे देश की किसी भी गली या मोहल्ले में चले जाइए, आपको ऐसे लोग मिल जाएंगे जो अपनी सूझबूझ से बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल लेते हैं। इसकी वजह सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव होते हैं।

## 38 की उम्र में मां बनीं सुरभि

**नई दिल्ली।** टेलीविजन अभिनेत्री सुरभि ज्योति 38 की उम्र में मां बन गई हैं। सुरभि ने 13 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया, जिसकी खुशखबरी



उन्होंने आज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सुरभि ज्योति ने आज इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की खुशखबरी फैंस के साथ शेयर की है। इस पोस्ट पर लिखा है- 'यह लड़की है'। इसके साथ ही तारीख लिखी है 13 जून, 2026। इस पोस्ट पर एक हल्के गुलाबी फूल के साथ एक कली की तस्वीर लगी हुई है। साथ ही लिखा लव सुरभि और सुमित। सुरभि ज्योति ने इस खास पोस्ट के साथ इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा, 'हमारी बेटी आ गई है।' सुरभि ने आगे लिखा, 'हमारा दिल प्यार और कृतज्ञता से भर गया है।' सुरभि को कई सेलेब्स ने मां बनने की बधाई दी है। आशका गोराडिया ने लिखा, 'बधाई हो', किश्वर मर्चेंट ने लिखा, 'वाह, बधाई हो', शालीन मल्होत्रा ने लिखा, 'भगवान आपको आशीर्वाद दें', सिमर कौर ने लिखा, 'ओएमजी' इसी के साथ उन्होंने कई लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए।

# कॉकटेल 2 को मिला ए सर्टिफिकेट 19 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को रिलीज होने वाली है। जब से इस फिल्म का एलान हुआ है, तब से दर्शकों के बीच इसे लेकर काफी चर्चा है। फिल्म का नाम, गाने, नए चेहरे और इसका युवा अंदाज लोगों को उत्साहित कर रहा है। फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से हरी झंडी मिल गई है। 'कॉकटेल 2' को सीबीएफसी ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि इसे सिर्फ वयस्क लोग ही देख सकते हैं। फिल्म काफी लंबी भी है। इसका कुल रनटाइम 150 मिनट है, यानी 2 घंटे 30 मिनट। इसकी एडवांस बुकिंग 14 जून की आधी रात को शुरू हुई है। 'कॉकटेल 2' तीनों मुख्य कलाकारों के लिए अलग-अलग तरह से खास फिल्म है। कृति के लिए, यह उनके 12 साल के कॅरियर में पहली बार है, जब वह किसी एडल्ट-रेटेड फिल्म का हिस्सा बनी हैं। वहीं, रश्मिका पहले भी ऐसी एक फिल्म कर चुकी हैं। वह एनिमल (2023) में नजर आई थीं। इसे भी ए सर्टिफिकेट मिला था। शाहिद के लिए एडल्ट-रेटेड फिल्में कोई नई बात नहीं हैं।



कमीने (2009), उड़ता पंजाब (2016), कबीर सिंह (2019) और ओ'रोमियो (2026) के बाद यह उनकी पांचवीं ऐसी फिल्म होगी। फ्रेंचाइजी 'कॉकटेल' का पहला भाग 2012 में रिलीज हुआ था। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने काम किया था। डायना ने इसी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। 'कॉकटेल 2' की तरह ही, ओरिजिनल फिल्म को भी होमी अदजानिया ने डायरेक्ट किया था। दोनों फिल्मों के बीच एक मुख्य अंतर है। सीक्वल के उलट पहले भाग को सीबीएफसी से यू/ए सर्टिफिकेट मिला था, जिसका मतलब है कि यह सभी तरह के दर्शकों के लिए थी।

# लता का वो दर्द भरा गीत, 61 साल पहले बना था लड़कियों के टूटे दिल की आवाज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की सर्वश्रेष्ठ गायिका के तौर पर लता मंगेशकर को जाना जाता है। बेशक आज लता दीदी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने कई ऐसे बेहतरीन गीत गाए थे, जो अब भी यादगार माने जाते हैं। इसी आधार पर हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे ही कल्ट सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 61 साल पहले लड़कियों के टूटे दिल की आवाज बना था। बतौर गायिका लता मंगेशकर ने हर किस्म के गीतों को अपनी आवाज दी थी। रोमांटिक हो या फिर मस्तीभरा कोई गाना, लता दीदी की आवाज हर गाने में एक दम फिट बैठती थी। लेकिन, जब बात दर्द भरे नगमों की होती थी तो लता मंगेशकर ने उसमें अपना सौ प्रतिशत दे देती थी और



गाने को इस तरह से गाती थीं कि सुनने वाले की आंखें भर आएं। एक ऐसा ही गीत लता मंगेशकर ने साल 1965 में आई अभिनेता राजेंद्र कुमार और अभिनेत्री साधना की फिल्म आरजू के लिए गाया था, जिसके बोल थे- बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है।

## साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग

एक्ट्रेस साधना पर फिल्माया गया ये सैड सॉन्ग आज भी लड़कियों का फेवरेट माना जाता है और जब भी किसी का ब्रेकअप होता है तो लता का ये गीत उनकी प्लेलिस्ट में जरूर सुनने मिल जाता है। फिल्म आरजू के बेदर्दी बालमा तुझको... हिंदी सिनेमा के कालजयी सैड सॉन्ग में से एक है। यही कारण है कि रिलीज के करीब 6 दशक बाद भी इसे श्रोता सुनना पसंद करते हैं और एक कल्ट गीत के तौर पर पहचानते हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि बात की जाए लता मंगेशकर द्वारा गाए गए सबसे बेहतरीन सैड सॉन्ग्स के बारे में तो अभिनेत्री साधना का बेदर्दी बालमा तुझको.. गीत उसमें जरूर शामिल होगा। इस गीत को संगीतकार शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने तैयार किया था, जबकि लिरिक्स हसरत जयपुरी की कलम द्वारा लिखे गए थे।

## छोटे पर्दे से सफर शुरू कर बड़े पर्दे पर जमाए पांव

# इन फिल्मों में नजर आई थी सुशांत की दमदार अदाकारी

*नई दिल्ली। लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे पढ़ाई में अव्वल थे। डांस का उन्हें जुनून था। विज्ञान में दिलचस्पी रखते थे। मगर, प्यार उन्हें अभिनय से हुआ। छोटे पर्दे से सफर शुरू करते हुए उन्होंने बड़े पर्दे पर पांव जमाए। उनका दौर शुरू ही हुआ था कि जिंदगी खत्म हो गई।*

### काय पो चे (2013)

टीवी के कुछ लोकप्रिय धारावाहिकों में काम करने के बाद, इस फिल्म से सुशांत ने हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की। तीन युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में ईशान के रूप में सुशांत का किरदार खेलों में रुझान रखने वाले एक युवा का है। उसे राजनीति, व्यापार आदि में कोई दिलचस्पी नहीं है लेकिन एक वक्त ऐसा आता है जब ईशान जाने अनजाने में सब कुछ कर जाता है। इस फिल्म के साथ सुशांत अपनी पहली ही परीक्षा में सफल हुए और फिल्म में शानदार अभिनय के लिए उन्हें फिल्मफेयर बेस्ट डेब्यू के लिए नामित किया गया।

### शुद्ध देसी रोमांस (2013)

इस दूसरी फिल्म में सुशांत को एक रोमांटिक नौजवान के रूप में देखा गया। फिल्म के शीर्षक के अनुसार सुशांत सिंह राजपूत इस फिल्म में दो अभिनेत्रियों (वाणी कपूर और परिणीति चोपड़ा) के साथ पूरे रोमांटिक व्यक्ति लगे। पर्दे पर जिन दृश्यों को करने में अभिनेताओं को थोड़ी झिझक होती है उन दृश्यों को रघु के किरदार में सुशांत ने बेझिझक किया। इस देसी रोमांटिक कहानी में रघु को युवाओं ने बहुत पसंद किया।



**केदारनाथ (2018)** : केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा को केंद्र में रखकर बनाई गई इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत शुद्ध भाव से तीर्थ यात्रियों की सेवा करने वाले एक मुस्लिम युवक मंसूर खान के रूप में नजर आए। खालिस ब्राह्मण की लड़की (सारा अली खान) के साथ मोहब्बत करने से मंसूर की दिक्कतें बढ़ती हैं और उसे ब्राह्मणों के कोप का शिकार होना पड़ता है। मंसूर एक साहसी, ईमानदार और चरित्र का साफ शख्स है, जो आपदा आने पर बिना भेदभाव के सभी की मदद करता है।

### डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी (2015)

फिल्म 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' में सुशांत ने शानदार अभिनय किया। वे ब्योमकेश बक्शी के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म में सुशांत के साथ आनंद तिवारी और स्वस्तिका मुखर्जी भी मुख्य भूमिका में थे। **IMDb** पर इसे 7.6 की रेटिंग मिली है। आप 'डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी' को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

**छिछोरे (2019)** : पिछले साल ही रिलीज हुई फिल्म छिछोरे में अपने पांच दोस्तों के साथ मिलकर अन्नी के रूप में सुशांत अपने बेटे को एक सबक सिखाने के लिए पूरी फिल्म की कहानी रचते हैं। अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों का उदाहरण देकर अन्नी अपने बच्चे को बताता है कि जिंदगी में असफल होने के बाद भी बहुत कुछ होता है। हम फिर से कोशिश कर सकते हैं। कहानी के आधार पर समीक्षकों की सराहना से परिपूर्ण इस फिल्म में सुशांत ने शानदार अभिनय का प्रदर्शन किया।

**सोन चिड़िया (2019 )** : 'सोन चिड़िया' फिल्म में सुशांत के साथ मनोज बाजपेयी और भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत की एक्टिंग ने सबका दिल जीता। वे लखना नाम के बागी (डकैत) की भूमिका में थे। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया। बता दें कि सुशांत की आखिरी फिल्म थी 'दिल बेचारा' थी, जो उनके निधन के बाद साल 2020 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म थिएटर में नहीं आई, बल्कि जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई थी।


विनीसियस जूनियर

## विनीसियस जूनियर ने दागा अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल, मोरक्को से खेला ड्रॉ

# असली रंग में नहीं दिखा चैंपियन ब्राजील

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

रिकॉर्ड पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई लेकिन विनीसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राज़ील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की।

चार साल पहले सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया।

### विनीसियस ने किया 32वें मिनट में बराबरी का गोल

विनीसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया। विनीसियस बाएं छोर से ब्रूनो गुइमारेस के साथ पास का आदान-प्रदान करके आगे बढ़े। उन्होंने नील एल ऐनाउई को चकमा दिया और गोलकीपर यासीन बोनू को छकाते हुए दाहिने पैर से शॉट मारकर अपना 10वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने जीता मुकाबला, तुर्किए की 24 साल बाद वापसी का जश्न फीका

**वैंकूवर।** नेस्टोरी इरंकुंडा और कॉनर मेटकाफ के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज करके तुर्किए की 24 साल बाद विश्व कप फुटबॉल में वापसी के जश्न में रंग में भंग डाल दिया। इस मैच को देखने के लिए फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी स्टेडियम में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत का श्रेय उसके गोलकीपर पैट्रिक बीच को भी जाता है, जिन्होंने ग्रुप डी के इस मैच में आठ शानदार बचाव किए। ऑस्ट्रेलिया लगातार छठी बार और कुल मिलाकर सातवीं बार विश्व कप में खेल रहा था। तुर्किए 2002 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, लेकिन उसके बाद लगातार पांच टूर्नामेंट में जगह बनाने से चूक गया। उसने इस साल प्लेऑफ में कोसोवो को हराकर क्वालीफाई किया। इरंकुंडा ने तीन डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद 27वें मिनट में निचले शॉट से गोल करके ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। वाटफोर्ड के लिए खेलने वाले 20 वर्षीय इरंकुंडा ऑस्ट्रेलिया की तरफ से विश्व कप में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए हैं।


नेस्टोरी इरंकुंडा



### स्कॉटलैंड ने 32 साल बाद की वापसी, हैती को हराया

**फॉक्सबोरो।** जॉन मैकगिन के 28वें मिनट में किए गए गोल की मदद से स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मैच में हैती को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। हैती के एक डिफेंडर से टकराकर गेंद मैकगिन के पास पहुंची और उन्होंने गोलकीपर जॉनी प्लासिड को चकमा देते हुए गोल दाग दिया, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। स्कॉटलैंड तीन अंक लेकर ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। हैती 1974 के बाद पहली बार विश्व कप में भाग ले रहा है। उसे अब भी विश्व कप में अपने पहले अंक का इंतजार है।

### कतर ने किया इंजरी टाइम में गोल, स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका

**सांता क्लारा।** बौलेम खौखी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से कतर ने फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप बी में मजबूत दावेदार माने जा रहे स्विट्जरलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। ब्रील एम्बोलो ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिलाई। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन अंतिम सीटी बजाने से कुछ देर पहले लेवी स्टेडियम में 67,966 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में खौखी ने हेडर से बराबरी का गोल दागकर कतर को विश्व कप में अपना पहला अंक दिलाया। कतर चार साल पहले अपने देश में विश्व खेले गए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और यहां पहले मैच में वह बहुत प्रभावित नहीं कर पाया। स्विट्जरलैंड की टीम ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए, जिसके कारण उसे एक अंक से संतोष करना पड़ा।


बौलेम खौखी



### चौथा विश्वकप खेलने को तैयार बेल्जियम के ब्रुइन

**रेनटन।** केविन डी ब्रुइन ने अपने शानदार करियर में कई उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन इसके बावजूद बेल्जियम का यह स्टार मिडफील्डर अपने चौथे विश्व कप को किसी भी तरह से हल्के से नहीं ले रहा है। बेल्जियम के मिस्र के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से दो दिन पहले 35 वर्षीय डी ब्रुइन ने कहा कि मैनचेस्टर सिटी के लिए प्रीमियर लीग में शानदार खिलाड़ी के रूप में उनके दिनों से बहुत कुछ बदल गया है। वह पिछले लगभग दो दशक से बेल्जियम के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने अभी तक उसकी तरफ से 119 मैच खेले हैं। अपने करियर के दौरान वह दो बार प्रीमियर लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुने गए डी ब्रुइन ने कहा, 'लगभग 16 साल तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के बाद भी टीम में बने रहना मेरे लिए सम्मान की बात है। इसका मतलब है कि मैंने कुछ अच्छा किया है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा। मैं बेल्जियम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं लेकिन मैं किसी भी चीज को हल्के से नहीं ले रहा हूं।'

### जर्मनी के गोलकीपर नेउर फिट, खेलेंगे 5वीं बार विश्वकप




**ह्यूस्टन।** जर्मनी के गोलकीपर मैनुअल नेउर पिछले महीने लगी पिंडली की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और अपने देश की तरफ से सर्वाधिक पांच विश्व कप खेलने के लोथर मैथ्यूस के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए तैयार हैं। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी लगभग दो साल बाद जर्मनी के लिए खेलेगा। कोच जूलियन नागेल्समैन ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास वापस आने के लिए राजी किया था। बायर्न म्यूनिख के कप्तान नेउर 2014 की विश्व कप विजेता टीम के एकमात्र सदस्य हैं, जो जर्मनी की वर्तमान टीम में शामिल हैं। यह उनका पांचवां विश्व कप होगा, जिससे वह मैथ्यूस के जर्मन रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे।

## खबर संक्षेप



### शेल्टन ने जीता पहला ग्रास कोर्ट का खिताब

**स्टुटगार्ट।** बेन शेल्टन ने दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में गत चैंपियन टेलर फ्रिट्ज को हराकर स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। शेल्टन ने तीन सेट में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। तेइस साल के शेल्टन ने 11 में से 9 ब्रेक प्वाइंट बचाए और ग्रास कोर्ट पर अपना पहला खिताब जीता। उन्होंने जिरी लेहेका के खिलाफ सेमीफाइनल में भी दो मैच प्वाइंट बचाए थे। दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन के करियर का यह छठा और मौजूदा सत्र का तीसरा खिताब है।

### कोनोली ने ऑस्ट्रेलिया को व्हाइट वॉश से बचाया

**मीरपुर।** ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आखिरी वनडे में हराते हुए तीन मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप टाला। हालांकि उसे जीत में बड़ी दिक्कत हुई। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय ऑस्ट्रेलिया ने कूपर कोनोली (149) के शतक के बूते पांच विकेट पर 266 रन बना लिए थे। फिर छह रन में चार विकेट गिर गए और लगा कि बांग्लादेश बाजी मार ले जाएगी। लेकिन एडम जैंपा (4) और राइली मेरेडिथ (2) ने तीन गेंद बाकी रहते टीम को जिता दिया। इससे पहले बांग्लादेश ने तौहिद हृदय (83), मोसाद्देक हुसैन (56) और लिटन दास (58) के अर्धशतकों से पांच विकेट पर 274 का स्कोर खड़ा किया। कोनोली और ऑलिवर पीक (27) ने छठे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।



**टी20 महिला विश्व कप**
**जीत के साथ टीम इंडिया का आगाज, पाकिस्तान को 64 रन से दी मात**

# पहले स्मृति का प्रहार, फिर दीप्ति का वार, पाक की शर्मनाक हार

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद अनुभवी दीप्ति शर्मा के 5 विकेट से भारत ने आईसीसी टी20 महिला विश्व कप के ग्रुप-एक मैच में रविवार को पाकिस्तान को 64 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

भारत के 171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ऑफ स्पिनर दीप्ति (10 रन पर 5 विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी (21 रन पर 3 विकेट) और शैफाली वर्मा (22 रन पर 1 विकेट) ने भी दीप्ति का अच्छा साथ निभाया। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (41) पाकिस्तान की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाई।

### महिला टी20 वर्ल्ड कप में भारत का सर्वोच्च स्कोर

- 194/5 बनाम न्यूजीलैंड, प्रोविडेंस, 2018
- 172/3 बनाम श्रीलंका, दुबई, 2024
- 170/6 बनाम पाकिस्तान, बर्मिंघम, 2026
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, प्रोविडेंस, 2018
- 167/8 बनाम ऑस्ट्रेलिया, केपटाउन, 2023.

### हरमनप्रीत ने तोड़ा मिताली का रिकॉर्ड

हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रच दिया। पाकिस्तान के खिलाफ 1 रन बनाते ही हरमनप्रीत ने मिताली राज का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरमनप्रीत कौर महिला टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं। भारत की बैटिंग पारी के चौथे ओवर में एक रन लेकर उन्होंने यह रिकॉर्ड तोड़ा। मिताली राज ने टी20 विश्व कप में 40.33 की औसत और 97.31 के स्ट्राइक-रेट से 726 रन बनाए थे। हरमनप्रीत ने अब 762 रन बना लिए हैं। स्मृति मंधाना इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। वहीं जेमिमा रोड्रिग्स चौथे और पूनम रावत 5वें स्थान पर हैं।



### भारत का पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा स्कोर

स्मृति ने इससे पहले दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 44 गेंद में 9 चौकों और 2 छक्कों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर (36 रन, 35 गेंद, 4 चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी भी की, जिससे भारत ने 6 विकेट पर 170 रन बनाए, जो टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर है। ऋचा घोष ने अंत में 17 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 34 रन की पारी खेली और दीप्ति शर्मा (नाबाद 12) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 45 रन की तेजतर्रार साझेदारी भी की।

### हाथ नहीं मिलाने की नीति पर कायम भारत

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को महिला टी20 विश्व कप में अपने पहले ग्रुप एक मैच से पहले टॉस के समय पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से दोनों देशों की क्रिकेट टीमों ने टॉस और मैच के बाद 'हाथ नहीं मिलाने' की नीति अपनाई हुई है। इसकी शुरुआत दुबई में हुए एशिया कप के दौरान भारत के पूर्व टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने की थी। कोलंबो में हुए महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप मैच के दौरान भी हरमनप्रीत और फातिमा ने हाथ नहीं मिलाया था।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शैफाली का मुनीबा बो सादिया | 06 | 5 | 0 | 1 |
| स्मृति का फातिमा बो रमीन | 68 | 44 | 9 | 2 |
| जेमिमा का नतालिया बो रुबाब | 01 | 7 | 0 | 0 |
| हरमनप्रीत का नतालिया बो फातिमा | 36 | 35 | 4 | 0 |
| भारती स्टं मुनीबा बो सादिया | 01 | 3 | 0 | 0 |
| ऋषा घोष बो फातिमा | 34 | 17 | 5 | 1 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 12 | 9 | 1 | 0 |
| श्रेयंका पाटिल नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 11 **कुल:** 20 ओवर में 170/6 रन
**गेंदबाजी:** सादिया 4-0-41-2, फातिमा 4-0-33-2, रुबाब 4-0-41-1, रमीन 4-0-30-1, संधू 4-0-25-0.

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मुनीबा अली रन आउट | 41 | 35 | 5 | 0 |
| फिरोजा का भारती बो दीप्ति | 12 | 9 | 2 | 0 |
| आयशा का स्मृति बो दीप्ति | 12 | 8 | 2 | 0 |
| सायरा का हरमनप्रीत बो श्रीचरणी | 02 | 3 | 0 | 0 |
| नतालिया का हरमनप्रीत बो श्रीचरणी | 07 | 13 | 0 | 0 |
| फातिमा का समृति बो शैफाली | 00 | 3 | 0 | 0 |
| आलिया का जेमिमा बो दीप्ति | 18 | 17 | 1 | 0 |
| रमीन का श्रेयंका बो श्रीचरणी | 04 | 6 | 0 | 0 |
| नाशरा का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 04 | 5 | 0 | 0 |
| तस्मिया का जेमिमा बो दीप्ति | 00 | 2 | 0 | 0 |
| सादिया इकबाल नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 05 **कुल:**17 ओवर में 106/10 रन
**गेंदबाजी:** अरुंधति 2-0-21-0, श्रेयंका 3-0-17-0, क्रांति 1-0-14-0, दीप्ति 4-0-10-5, श्रीचरणी 4-0-21-3, शैफाली 3-0-22-1.

**एमपीएल**

## रॉयल निमाड़ ईगल्स की उज्जैन फॉल्कन्स पर 27 रन से जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

मप्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 में रॉयल निमाड़ ईगल्स ने उज्जैन फॉल्कन्स को 27 रन से पराजित कर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। डेली कॉलेज ग्राउंड, इंदौर में खेले गए मुकाबले में रॉयल निमाड़ ने तय 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 252 रन बनाए। जवाब में उज्जैन फॉल्कन्स 8 विकेट खोकर 225 रन ही बना सकी।

उज्जैन फॉल्कन्स ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रॉयल निमाड़ के आनंद बैस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक जड़ा और विपक्षी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उनकी विस्फोटक पारी के दम पर रॉयल निमाड़ ईगल्स ने टूर्नामेंट के सबसे बड़े स्कोरों में से एक खड़ा किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



### उज्जैन फॉल्कन्स का दमदार संघर्ष

लक्ष्य का पीछा करने उतरी उज्जैन फॉल्कन्स ने भी दमदार संघर्ष किया। हर्षवर्धन हार्दिया ने मात्र 12 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम की उम्मीदों को जीवित रखा, अंतिम ओवरों में गजेंद्र गोस्वामी ने भी तेज रन बनाए। हालांकि रॉयल निमाड़ ईगल्स के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा और उज्जैन फाल्कन्स को लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया। रॉयल निमाड़ ईगल्स की ओर से कप्तान सरांश जैन ने महत्वपूर्ण गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनकी सधी हुई गेंदबाजी ने उज्जैन फाल्कन्स की रनगति पर अंकुश लगाया।

**खिलाड़ी की सफलता के पीछे कड़ी मेहनत : कोच मनीष ओझा**

# रोज 8 घंटे ट्रेनिंग, 100 ओवर की बैटिंग, तब तैयार हुआ 'वैभव'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के पिछले दो सत्र में वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने भले ही सभी को हैरान कर दिया हो, लेकिन उनके बचपन के कोच मनीष ओझा के अनुसार उनके शॉट्स की यह ताकत और तकनीक छह साल की कठिन मेहनत और लगातार अभ्यास का नतीजा है। ओझा ने कहा कि यह किशोर बल्लेबाज रोजाना लगभग 8 घंटे अभ्यास करता था और करीब 100 ओवर तक गेंदों का सामना करता था। पटना स्थित अपनी अकादमी में 8 साल की उम्र से वैभव को प्रशिक्षण देने वाले कोच मनीष ओझा ने बताया कि खिलाड़ी की सफलता के पीछे कड़ी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता संजीव और आरती का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि अब कई माता-पिता अपने छोटे बच्चों को अगला वैभव बनाने के उद्देश्य से अकादमियों में ला रहे हैं, लेकिन यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। तो जब सूर्यवंशी ने टेनिस बॉल के बजाय हार्डबॉल से खेलना शुरू किया, तो 10 साल की उम्र से लेकर अब तक उन्होंने हर दिन औसतन कितनी गेंदें खेली होंगी? ओझा का जवाब चौकाने वाला था।



### खेली होगी हर दिन 600 से अधिक गेंदें : कोच ओझा

ओझा ने बताया, ' देखिए, हम गेंदों की गिनती नहीं करते, उन्होंने कितनी गेंदें खेलीं, लेकिन मैं आपको एक न्यूनतम अनुमान बता सकता हूं कि उन्होंने 600 से अधिक गेंदें खेली होंगी।' उन्होंने फिर प्रशिक्षण के दौरान एक दिन के 100 ओवरों का विवरण देते हुए कहा, 'मैं आपको बताता हूं कैसे। लगभग 200-300 गेंदों तक मैं खुद ही थ्रोडाउन देता था। जब मैं थक जाता था, तो दूसरे सहायक कर्मचारी मेरी मदद करते थे।' उन्होंने कहा, 'और जब वे थक जाते थे, तो हमारी अकादमी के गेंदबाज उनकी मदद करते थे। कभी-कभी वे खुद भी थक जाते थे।' ओझा ने कहा, 'इसमें नेट सत्र के दौरान गेंदें फेंकना, थ्रो डाउन करना और कभी-कभी बॉलिंग मशीन का सामना करना शामिल था।

## बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के लिए मप्र की माही लामा भारतीय टीम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र राज्य बॉक्सिंग अकादमी, भोपाल की मुक्केबाज माही लामा का चयन चीन में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप बॉक्सिंग 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। माही 60 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 20 जून तक चीन में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए भारतीय दल चीन के लिए रवाना हो गया है। माही का भारतीय टीम में चयन मप्र की खेल प्रतिभाओं के निरंतर उभरते स्तर और राज्य बॉक्सिंग अकादमी में उपलब्ध कराए जा रहे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का प्रमाण है। माही लामा ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान बनाई है। उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्हें भारतीय टीम में स्थान प्राप्त हुआ है। अब वे विश्व कप जैसे प्रतिष्ठित मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगी।






## केंद्रीय जेलः रक्तदान शिविर में 20 कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**भोपाल।** विश्व रक्तदान दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और चिरायु मेडिकल कॉलेज के समन्वय से केंद्रीय जेल डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर लगाया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीत अग्रवाल की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मगनू सिंह मरावी, जेल उप अधीक्षक, केंद्रीय जेल भोपाल, दिनेश मुवेल, सहायक जेल अधीक्षक, केंद्रीय जेल एवं अन्य जेल अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में 20 कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

## राज्य आनंद संस्थान का 15 से 19 जून तक अल्पविराम प्रशिक्षण

**भोपाल।** राज्य आनंद संस्थान की ओर से 15 जून से 19 जून तक 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्पविराम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से 7.30 बजे तक संचालित होगा। प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय दोनों क्षेत्रों के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष, 45 से 60 वर्ष तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी पात्र हैं। कार्यक्रम के लिए कुल 100 सीटें निर्धारित हैं।

हालांकि, अगले 2 से 3 दिन उम्मीद से भरे

# मानसून की रफ्तार धीमी पड़ी, कल से फिर से प्रदेश में 'गर्मी'

**दो दिन भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में हवा व हल्की बौछारें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित करीब दो दर्जन जिलों में रविवार को भी दोपहर बाद मौसम बदला। इससे शाम को गर्मी से कुछ राहत रही। अब सोमवार के बाद प्रदेश के अधिकांश जिलों में एक बार फिर गर्मी और उमस बढ़ेगी। रविवार को मानसून की गति काफी धीमी रही है, जिसके अगले 2 से 3 दिन में रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। इस बीच प्रदेश के दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी हिस्से के लगभग दो दर्जन जिलों में दिन के तापमान में तेजी से बढ़त होगी।



भदभदा के पास दोपहर 3 .30 बजे जोरदार बारिश हुई।

### आज यहां आंधी बारिश का अलर्ट जारी

भोपाल सहित पश्चिमी और उत्तर पश्चिमी हिस्से के कुछ जिलों में मध्यम हवाओं के साथ हल्की बौछारें जारी रहने से कुछ राहत बनी रहेगी। सोमवार तक विदिशा, रायसेन, सागर, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, खंडवा, खरगौन, झाबुआ, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सतना, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, टीकमगढ़ आदि जिलों में कुछ जगह मध्यम से हल्की आंधी और बारिश का अलर्ट है।



राजधानी के अनेक इलाकों में बारिश होने के बाद शाम को बोट क्लब के पास जाम की स्थिति बन गई।

### बारिश के बाद तेजी से गिरा पारा

शनिवार रात से रविवार शाम तक कई जिलों में बारिश के बाद राहत घुली। भोपाल में पारा 3.7 डिग्री गिरकर 35.4 डिग्री रहा, जबकि रात में 1.8 डिग्री की गिरावट के साथ 22.8 डिग्री रहा। दिन और रात का पारा सामान्य से 3 से 4 डिग्री तक कम रहा है। नर्मदापुरम, रायसेन, उज्जैन, राजगढ़ में 3 से 4 डिग्री तक कमी आई। पूर्वी मप्र के कई जिलों में पारा एक से दो डिग्री तक बढ़ने से गर्मी महसूस की गई।

## तेंदुलकर हाउस ने धोनी हाउस को 1 विकेट से अंतिम गेंद पर हराया




**भोपाल।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस सीनियर ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में सचिन तेंदुलकर हाउस ने महेंद्र सिंह धोनी हाउस को 1विकेट से अंतिम गेंद पर रोमांचक मैच में हराया। धोनी हाउस के कप्तान अरबाजउद्दीन ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए तय 20 ओवर में 134 / 7 रन बनाए। इनमें कप्तान अरबाज़ उद्दीन ने सर्वाधिक 32, पीयूष सिंह ने 31 रन का योगदान दिया। तेंदुलकर हाउस की ओर से नैतिक जैन ने 3 और कप्तान निश्चय सिखरवार ने 2 विकेट लिए, जबकि अर्णव सिंह पुंढ़ीर ने एक विकेट लिया। जवाब में तेंदुलकर हाउस ने आखिरी गेंद पर 135 रन बनाकर इस मैच को 1 विकेट से जीत लिया। इनमें वरुण शुक्ला ने 31, नैतिक जैन ने 26, निर्मल मेवाडा ने 20 रन बनाए। धोनी हाउस की ओर से वेद पाठक, अरबाज़ उद्दीन, पीयूष सिंह ने 1-1 विकेट लिए। शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए नैतिक जैन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. सुशील सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने प्रदान किया।

# अंडर-13 ग्रुप की चयन प्रक्रिया पूरी, अंडर -15 की आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ की भोपाल संभाग क्रिकेट संघ द्वारा ओपन सिलेक्शन ट्रायल्स अंडर-13, बॉयज डीपीएस स्कूल खेल मैदान नीलबड़ पर आयोजित की गई। सिलेक्शन ट्रायल्स प्रातः7:30 बजे से प्रारंभ हुई। सभी खिलाड़ियों का चयन उनकी योग्यतानुसार एमपीसीए से आये चयनकर्ताओं द्वारा चयन किया गया। सिलेक्शन ट्रायल में कुल 434 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों के अलावा अभिभावकों काफी उत्साह रहा। कल 15 जून को सुबह 7:30 बजे से डीपीएस स्कूल मैदान, नीलबड़ पर ही अंडर-15 बॉयज के खिलाड़ियों का चयन एमपीसीए के सिलेक्टर्स ही करेंगे। दोनों एज ग्रुप में सिलेक्शन के पश्चात चयनित अंडर 13 और 15 वर्षीय बालक वर्ग के खिलाड़ियों की अंतिम सूची तैयार कर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से चयनित खिलाड़ियों से संबंधित संभाग व जिला संघ को जानकारी भेजी जाएगी।

## 79वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप के लिए मप्र टीम घोषित

**भोपाल।** 16 से 21 जून तक एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद में आयोजित होने वाली 79वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में 12 सदस्यीय मप्र टीम भाग लेगी। मप्र स्विमिंग एसोसिएशन के जय कुमार वर्मा ने टीम की घोषणा करते हुए वर्मा ने बताया कि मप्र टीम में कुल 12 खिलाडी हैं. जिसमें 7 पुरुष और 5 महिला खिलाड़ी हैं। कोच और मैनेजर आकाश होंगे। मप्र स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पियूष शर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर व भोपाल स्विमिंग एसो सचिव रामकुमार खिलरानी ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। पुरुष टीम में अनवेश सिंह, प्रांजल पाण्डेय, आर्यन एस गणेश, आदित्य तिवारी, अद्वैत पागे, भावेश चौधरी व आयुष्मान दुबे को शामिल किया गया है। वहीं महिला टीम में विहा ठाकुर, इशिता परिहार, आस्था गोसाई, युतिका सिंह और अनन्या गणेश खेलेंगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930